सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-117 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 04 अक्टूबर 2023

18 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को किया तलब

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में 30 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में आवश्यक जानकारी और दस्तावेज भेजने के लिए एक सख्त अनुस्मारक जारी किया, जिसकी सुनवाई वर्तमान में उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है।



मस्जिद समिति के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि भूमि विवाद के संबंध में विभिन्न राहतों के लिए मुकदमा दायर करना हाल ही में बाहरी लोगों द्वारा प्रेरित घटना थी, भले ही विभिन्न धार्मिक समुदाय इस क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव के साथ रहते रहे हों। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ वर्तमान में मस्जिद समिति द्वारा दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर कई मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मई 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि आज मैं आपको पृष्ठभूमि बताना चाहता हूं। मथुरा सिविल कोर्ट में हमने धारा 24 सीपीसी के तहत एक आवेदन दायर किया, जिसमें मांग की गई कि कृष्ण जन्मभूमि से संबंधित सभी विवादों को मूल सुनवाई के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए।

### रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में रामसेतु साइट पर एक दीवार के निर्माण के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई थी। याचिका पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई की।

## नायडू को 6 दिन और जेल में रहना होगा

**नई दिल्ली।** कौशल विकास निगम घोटाला मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को 6 दिन और जेल में रहना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू की उस याचिका पर सुनवाई नौ अक्टूबर तक के लिए टाल दी, जिसमें कौशल विकास निगम घोटाला मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की उनकी अपील खारिज करने संबंधी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। पूर्व सीएम को 9 सितंबर को कौशल विकास निगम से धन के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जब वह 2015 में पद पर थे। यह घोटाला 371 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को मामले के संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष पेश की गई सभी सामग्रियों को रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया।

# भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा महंत अवेद्यनाथ का जीवन: योगी

- राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज का जीवन अपने गुरु युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज के आदर्शों के अनुरूप भारत और भारतीयता, सामाजिक जीवन मूल्यों और राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ ने जिन परिस्थितियों में कार्य किया वे चुनौतीपूर्ण थे। उस समय देश में जो दुष्प्रवृतियां थी उनके खिलाफ मुखर होकर इन्होंने कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज



की 54वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन मंगलवार को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। श्रद्धांजलि समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान जो भी विषय रहे, उनका केंद्र देश और धर्म था। यही विषय ब्रह्मलीन महंतद्वय के जीवन के भी केंद्र रहे। उन्होंने दोनों पूज्य संतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महंतद्वय के संकल्पों के अनुरूप गोरक्षपीठ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। श्रद्धांजलि समारोह में रोहतक हरियाणा से पधारे अलवर राजस्थान के सांसद महंत बालकनाथ ने कहा कि आज हमारा वंश जिस धरातल पर टिका हुआ है, उसके निर्माण में बहुत बड़ा श्रेय गोरक्षपीठ का रहा है। महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ के पदचिन्हों पर चलते हुए योगी आदित्यनाथ को भी आने वाला समय एक युगपुरुष के रूप में जानेगा। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य ने कहा कि श्रद्धांजलि में श्रद्धा का सबसे बड़ा विधान है।

## न्यूज डायरी

### दो सैनिक घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में मंगलवार को दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सूम-ब्रोह गांव के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की एक खोज टीम और आतंकवादियों के बीच संपर्क स्थापित होने के बाद सोमवार शाम को मुठभेड़ शुरू हुई।

### छह अक्टूबर को सुनवाई

**पटना।** नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की ओर से जातीय जनगणना का डेटा रिलीज करने का मामले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी। आपको बता दें कि बिहार में जातीय गणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी तीन अक्टूबर को सुनवाई होनी थी, जिसे छह अक्टूबर के लिए टाल दिया गया है। बिहार सरकार ने कोर्ट से कहा था कि उनके वकील किसी काम व्यस्त हैं, इसलिए दलील के लिए अगली तारीख चाहिए।

### मन की बात को 9 साल पूरे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम, मन की बात के नौ साल पूरे होने पर एक अध्ययन साझा किया है, जिसमें कार्यक्रम में शामिल कुछ विषयों और उनके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। भारतीय स्टेट बैंक और आईआईएम बेंगलुरु के एक शोध कार्य में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 105 एपिसोड के प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। मन की बात के 9 साल पूरे हुए हैं। कार्यक्रम का एक दिलचस्प अध्ययन किया है, जिसमें कार्यक्रम में शामिल कुछ विषयों और उनके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। यह आश्चर्यजनक है कि कैसे हमने इस माध्यम के जरिये विभिन्न जीवन यात्राओं और सामूहिक प्रयासों का उत्सव मनाया है।

### पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में किया एनएमडीसी के स्टील प्लांट का लोकार्पण

# मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब है

- नगरनार स्टील प्लांट देश को किया समर्पित
- अपराध, भ्रष्टाचार और गरीबी को लेकर कांग्रेस को घेरा
- कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार पांच गुना ज्यादा बजट देती है
- छत्तीसगढ़ में विकास सिर्फ पोस्टर और बैनर में



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से बिहार में हुई जातिगत जनगणना पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष हिंदुओं और देश को जाति के आधार पर बांटने में लगे हैं। लेकिन मेरे लिए देश में सबसे बड़ी जाति गरीब लोग हैं। छत्तीसगढ़ प्रवास के तहत जगदलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का स्टील प्लांट भी शामिल है।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत का सपना तब सिद्ध होगा जब हर प्रदेश, हर जिला, हर गांव विकसित हो। विकसित भारत के लिए फिज़िकल, डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर भी

### गरीब कल्याण ही मेरा मकसद है

जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा कि कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है, ये कहते हैं जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब है इसलिए गरीब कल्याण ही मेरा मकसद है।

### कांग्रेस को जनता की परवाह नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि यहां के वनोपज को हमने ज्यादा दामो में खरीदना शुरू किया। 90 वनोपजों को एमपीएस में लेना शुरू किया। कांग्रेस के लोगों ने यहां इसका भी घोटाला किया। पहले ये लोग नमक के बदले वनोपज खरीद कर आदिवासी भाई-बहन को ठगने का काम करते थे। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की परवाह नहीं है।

भविष्य की ज़रूरतों के अनुरूप होना चाहिए। यही वजह है कि हमारी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्चे को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड़ कर दिया है। पीएम मोदी जगदलपुर के लालबाग मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज राज्य में रेलवे की कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, आजादी के इतने वर्षों में भी ताड़ोकी को रेलवे के नक्शे को जगह नहीं मिली थी लेकिन आज ताड़ोकी को नई रेल लाइन की सौगात मिल रही है। इससे आदिवासी साथियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे की ये सभी परियोजनाएं इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। जगदलपुर के लालबाग मैदान में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है। पीएम मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ में विकास या तो कांग्रेस के पोस्टर-बैनर में दिखता है या यहां के नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अगर कुछ दिया है तो वह है झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार।

### एनडीए का हिस्सा बनना चाहते थे केसीआर



**निजामाबाद।** पीएम मोदी ने तेलंगाना के निजामाबाद में केसीआर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होने कहा कि केसीआर दिल्ली में मिलने आए थे और एनडीए में शामिल होना चाहते थे लेकिन हमने इनकार कर दिया। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होने कहा कि महिलाओं के हक को इनलोगों ने दशकों तक छीन के रखा। पीएम मोदी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी जाति गरीब की है और गरीबों को सामाजिक न्याय देना ही मोदी की गारंटी है। तेलंगाना के निजामाबाद में 8 हजार करोड़ रुपए की अलग अलग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. उन्होने एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर स्टेशन की पहली यूनिट का लोकार्पण पेद्दापल्ली में किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि इस इकाई से राज्य को बिजली की आपूर्ति होगी. इससे लोगों का जीवन आसान होगा और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा. पीएम ने कहा कि जल्द ही दूसरी यूनिट से भी राज्य में लोगों को बिजली मुहैया की जाएगी। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि 2016 में उन्होने पहली यूनिट की बुनियाद रखी थी जो अब बनकर तैयार है।

# छत्रपति संभाजीनगर के अस्पताल में 18 की मौत

- नादेड़ अस्पताल में 31 लोगों की मौत
- 24 मौतों में से शिशुओं की संख्या बारह



**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) से एक बड़ी खबर सामने आई है। नादेड़ के बाद यहां के अस्पताल में मंगलवार सुबह आठ बजे तक 24 घंटे के भीतर कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई हैं।

अधिकारियों के अनुसार, मराठवाड़ा के ही नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 30 सितंबर से एक अक्तूबर के बीच 24 घंटे में 12 शिशुओं सहित 24 मौतें हुई हैं, जबकि एक से दो अक्तूबर के बीच सात लोगों की जान गई थी। इससे मरने वालों की कुल संख्या 31 हो गई है। एक वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक, 24 बिस्तरों की क्षमता के बावजूद 65 मरीजों का इलाज चल रहा था।

30 सितंबर से 1 अक्तूबर के बीच एनआईसीयू में 11 शिशुओं की मौत हो गई। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा था कि 30 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 24 घंटों में नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 12 शिशुओं सहित 24 मौतें हुई। बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) में एक और शिशु की मौत हो गई। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पताल में दो अक्तूबर को सुबह आठ बजे से तीन अक्टूबर को सुबह आठ बजे तक 18 मौतें हुई हैं।

## फंडिंग मामले में न्यूज क्लिक के संस्थापक समेत दो गिरफ्तार



- पत्रकारों से हुई लंबी पूछताछ
- चीनी कंपनियों से फंडिंग का आरोप

**नई दिल्ली।** दिन भर हुई पूछताछ के बाद स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक वेब पोर्टल के संस्थापक व प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ व न्यूज क्लिक के एचआर में तैनात अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अब बुधवार को अदालत में पेश कर स्पेशल सेल पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती है।

पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल के मुताबिक स्पेशल सेल की टीम ने पांच शहरों में छापेमारी कर कुल 37 वरिष्ठ पत्रकारों व अन्य को हिरासत में लिया था। लोधी कालोनी स्थित सेल के कार्यालय में उनसे लंबी पूछताछ की गई।

### यूपी सरकार लाएगी आउटसोर्सिंग नीति

**लखनऊ।** सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग पर तैनात किये जाने वाले कार्मिकों को जल्द ही शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है जिससे कि आउटसोर्स किए जाने वाले कार्मिकों के चयन में सेवाप्रदाताओं की स्वेच्छाचारिता पर लगाम कसी जा सके। साथ ही, नियमित रूप से उनके पारिश्रमिक का पूरा भुगतान और कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की कटौती सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने नई आउटसोर्सिंग नीति तैयार कर ली है जिसे जल्द कैबिनेट से मंजूरी दिलाई जाएगी।

आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों में से निर्धारित शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर बिना साक्षात्कार की प्रक्रिया के किया जाएगा। अभ्यर्थियों का चयन रैंडम आधार पर नहीं किया जा सकेगा।

## भारतीय वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे एमआईजी-2

- तेजस की जगह लेगा एलसीए मार्क-1ए

**नई दिल्ली।** मिग 2 लड़ाकू विमान अब भारतीय वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे। इन विमानों का स्थान एलसीए तेजस विमान लेंगे। उक्त जानकारी भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के माध्यम से सामने आई है। उन्होंने कहा कि एक या दो महीने में, पहले एक मिग-2 स्क्वाड्रन का संचालन शुरू होगा और उसके बाद आखिरी स्क्वाड्रन को लॉन्च किया जाएगा। भारतीय वायु सेना के विमानों ने कई लंबी दूरी के कई मिशन को अंजाम दिया है, जिसमें राफेल और अन्य विमान शामिल हैं, खासतौर पर राफेल और अन्य विमानों ने दूर-दराज के इलाकों में उड़ान भरकर मिशन को



सफल बनाया है। एक सवाल का जवाब देते हुए, एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना को रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन इकाइयां मिलीं और उसे अगले साल तक शेष दो प्राप्त होने की उम्मीद है। भारतीय वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति ने एक मजबूत सेना की आवश्यकता को मजबूत किया है, उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करने का आधार बनी रहेगी।

**हड़कम्प** भूकंप से 10 सेकेंड में दो बार हिली धरती

# यूपी-एनसीआर में भूकंप के झटके

### घरों और ऑफिस से बाहर भागे लोग, तीव्रता 5.5 रही, मचा हड़कंप

- यूपी में लखनऊ-आगरा सहित कई शहरों में भूकंप के तेज झटके



**नई दिल्ली।** यूपी में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गई है। करीब 10 सेकेंड में दो बार धरती हिली। हाइराइज बिल्डिंगों में रहने वाले लोग अपने फ्लैटों से बाहर निकल गए। कार्यालयों में काम कर रहे कर्मचारी भी डर के कारण बाहर निकल गए। अफरातफरी का माहौल बन गया।

लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर के शहरों में 20 सेकेंड से ज्यादा वक्त तक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र नेपाल में था। बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया है। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया, जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। दोपहर में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि ऑफिस में काम कर रहे या घरों में बैठे लोग तुरंत भागकर बाहर निकल आए। लखनऊ में बड़ी बिल्डिंग के बाहर सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी शेयर किए हैं। लखनऊ में ऑफिस में लोग काम कर रहे थे। भूकंप के झटके लगे तो सीढ़ी से भागते हुए बिल्डिंग से बाहर निकल आए। इससे पहले यूपी में भूकंप की बात करें तो मार्च 2023 में झटके महसूस किए गए थे।

रात में लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर, बुलंदशहर, कानपुर, गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली और एनसीआर समेत कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

**मंत्री ने रोकी बैठक**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी बैठक कर रहे थे। झटके महसूस होते ही मंत्री नंदी और उनका स्टाफ बिल्डिंग से बाहर आ गया। करीब 20 मिनट नीचे रहने के बाद वापस बिल्डिंग में गए और बैठक की।

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन



**अरुणाचल सीमा पर विदेशी मेहमानों के मेजबानी की तैयारी**

**नई दिल्ली।** चीन इस सप्ताह भारत के अरुणाचल प्रदेश से केवल 160 किलोमीटर दूर तिब्बत के न्यिंगची में तीसरे ट्रांस-हिमालय फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जिससे नई दिल्ली और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। चीन ने एशियाई खेलों के लिए अरुणाचल प्रदेश के भारतीय एथलीटों को वीजा देने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चीन के विदेश मंत्री वांग यी के विशेष निमंत्रण पर विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची में चार से पांच अक्टूबर तक होने वाले तीसरे ट्रांस हिमालय फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन में भाग लेने के लिए चीन जा रहे हैं।

ट्रांस-हिमालय फोरम की स्थापना 2018 में भौगोलिक कनेक्टिविटी, पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संरक्षण और सांस्कृतिक संबंधों के सुदृढ़ीकरण सहित कई पहलुओं में क्षेत्र के देशों के बीच व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।

# राष्ट्रीय संगठन प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय का भव्य शुभारंभ

**वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी अज़ीज़ सिद्दीकी, अब्दुल वहीद व मशहूर कवित्री रीमा सिन्हा ने काटा फीता**

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** साहू सिनेमा के बगल में द्वितीय तल रानी सल्तनत प्लाजा हजरतगंज लखनऊ में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय का शुभारंभ प्रख्यात साहित्यकार *डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी, प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अज़ीज़ सिद्दीकी, तथा उत्तर प्रदेश ज़िला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, व मशहूर कावित्रि रीमा सिन्हा, ने फीता काटकर किया। साथ ही सबने माहत्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जैसी देश की महान हस्तियों के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस खुशगवार पल के साक्षी बने, प्रिन्ट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव व जनतंत्र प्राइम भारत के पत्रकार विकास आनन्द, प्रदेश सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुबे, प्रदेश महासचिव वरिष्ठ पत्रकार इनामुल हक़, तथा राष्ट्रीय महासचिव व प्रधान सम्पादक एन.आलम, साथ ही मौजूद रहे, कोषाध्यक्ष व छायाकार जावेद बेग, राष्ट्रीय संघठन मंत्री व वरिष्ठ समाजसेवी मोनी मिश्रा, कंट्री ऑफ इण्डिया की ब्यूरो चीफ़ व कावित्री रीमा सिन्हा, कामरान एक्सप्रेस के जमील मलिक, सिफत.ए.अवध के मोहमद इकराम गुड्डू पुलिस मॉनिटर के अजहर अहमद, मोहम्मद सैफ़, वरिष्ठ छायाकार आरिफ़ मुकीम, तथा पुलिस मॉनिटर पत्रिका के ब्यूरो चीफ़ परवेज़ अख्तर। डॉक्टर सुलतान शाकिर हाशमी ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी पर कई प्यारी बातें बताई, साथ ही देश व दुनिया के प्रति उनके त्याग के बारे में बताया, साथ ही प्रिन्ट मीडिया के कार्यकाल के शुभारंभ की मुबारकबाद पेश की। अब्दुल वहीद ने महात्मा गांधी, तथा लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, अज़ीज़ सिद्दीकी तथा पूरे संगठन को शुभकामनाएं दीं। कावित्री रीमा सिन्हा ने अपनी कविता के माध्यम से, देश के राष्ट्रपिता, व लालबहादुर शास्त्री जी की श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्घाटन समारोह के उपरांत एक बैठक भी हुई जिसमें पत्रकारों के हित के लिए कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मौजूद सभी पदाधिकारियों ने अपनी अपनी राय पेश की जिनमें इनामुल हक़, विनोद दुबे, एन.आलम तथा विकास आनन्द ने संगठन के सदस्य व पदाधिकारियों के हित के कुछ ऐसे प्वॉइंट दिए जिस पर अमल करके संघठन के साथियों को कई बड़ी लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके।

# भूकंप से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन ने जारी की एडवाइजरी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने भूकंप से बचाव हेतु जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी किया है। उन्होंने कहा कि भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिश्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।

**यदि आप घर के अंदर हों तो:** आप घर के अंदर हों तो जमीन पर झुक जाए, किसी मजबूत मेज अथवा फर्नीचर के किसी हिस्से के नीचे शरण लें अथवा तब तक मजबूती से पकड़कर बैठे रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। यदि आपके पास कोई मेज या डेस्क न हो तो अपने चेहरे तथा सिर को अपने बाजुओं से ढक लें और बिल्डिंग के किसी कोने में झुक कर बैठ जाएं। किसी आंतरिक दरवाजे के लिटल किसी कमरे के कोने में, किसी मेज अथवा यहां तक कि किसी पलंग के नीचे रुककर अपने आपको बचाएं। शीशे, खिड़कियों, दरवाजों तथा दीवारों से दूर रहें अथवा ऐसी कोई चीज जो गिर सकती हो से दूर रहें। भूकंप के शुरू होने पर, यदि आप उस समय पलंग पर हो तो पलंग पर ही रहें। अपने सिर पर किसी तकिए को ढककर बचाएं जब तक कि आप किसी भारी लाइट फिक्सचर जो गिर सकती हो, के नीचे न आएं। यदि ऐसी स्थिति हो तो पास के किसी सुरक्षित स्थान की ओर खिसक जाएं। उन्होंने बताया की अनुसंधान से यह पता चला है कि ज्यादातर चोटें तब लगती है जब भवन के अंदर मौजूद लोग किसी दूसरी जगह अथवा बाहर जाने का प्रयास करते हैं। **यदि आप घर के बाहर हों तो:** आप घर के बाहर हों तो, जहां हों वहां से आप न हिलें। तथापि बिल्डिंग, पेड़ों, स्ट्रीट लाइटों तथा बिजली/टेलीफोन आदि की तारों आदि से दूर रहें। यदि आप किसी खुली जगह पर हों तो वहां तब तक रुके रहें जब तक कि भूकंप के झटके न रुक जाएं। सबसे बड़ा खतरा बिल्डिंग के बाहर, निकास द्वारों तथा इसकी बाहरी दीवारों के पास होता है। भूकंप से संबंधित अधिकांश दुर्घटनाएं दीवारों के गिरने, टूटकर गिरने वाले कांच तथा गिरने वाली वस्तुओं के कारण होती हैं। यदि किसी चलते वाहन में हों, जितनी जल्दी संभव हो सुरक्षा के साथ गाड़ी रोकें तथा गाड़ी में रुके रहें। **यदि मलबे के नीचे फंसे हों:** उन्होंने बताया कि आप माचिस की तीली को न जलाएं। धूल न उड़ाए अथवा हिले-डुले नहीं। अपने मुंह को किसी रुमाल अथवा कपड़े से ढकें। किसी पाइप अथवा दीवार को थपथपाएं ताकि बचाने वाले आपको ढूंढ सकें। यदि उपलब्ध हो तो सीटी का उपयोग करें। अगर और कोई उपाय न हो तो तेजी से चिल्लाएं। चिल्लाने से आपके मुंह में सांस के द्वारा खतरनाक धूल अंदर जा सकती है।

## मरीज मौत के बाद हंगामा निजी नर्सिंग होम सील

**फतेहपुर।** शहर के शान्तीनगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक समेत स्टाफफरार हो गया। जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया और अस्पताल को सील करते हुए संचालक से तीन दिनों के अंदर अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र व मरीज के उपचार संबंधी प्रपत्रों को तलब किया है। बताते चलें कि हथगाम थाना क्षेत्र के अकबरपुर सोराही गांव निवासी सूरजपाल (55) को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए शहर के शान्तनगर स्थित संगम हेल्थ केयर सेंटर में परिजनों ने भर्ती कराया। चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक व स्टाफफरार हो गया। परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप मढ़ा। हंगामे की खबर सुनकर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजन अस्पताल पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

# पुलिस अधीक्षक अपराध की अध्यक्षता में शक्ति दीदी ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** उप्र शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में शक्ति दीदी प्रोग्राम के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एनेक्सी भवन में किया गया जिसमे जनपद के समस्त महिला सुरक्षा दल / शेरनी दस्ता तथा नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी बासगांव व 7 महिला उ0नि0, 8 महिला मुख्य आरक्षी, 126 महिला आरक्षी , 02 पुरुष उ0नि0, 04 आरक्षी, 01 मुख्य आरक्षी कुल 148 अधिकारी/ कर्मचारी प्रतिभाग किये । कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारीगणों को शक्ति दीदी आउटरीच प्रोग्राम को सफल बनाये जाने हेतु महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बीट क्षेत्र में जाकर ग्राम प्रधान तथा समकक्ष आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एएनएम एवं स्कूल के प्राधानाचार्यो एवं प्रधानाध्यापकों तथा कोचिंग संस्थान के प्रबन्धकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत भवन / प्राथमिक विद्यालयों तथा निजी व सरकारी विद्यालयों तथा कोचिंग संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर महिला अपराध तथा बाल अधिकारों एवं बाल शोषण तथा महिलाओं के उत्थान के लिए उत्तर प्रदेश शासन व भारत सरकार के द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करने तथा पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिये जाने तथा साईबर अपराधों तथा कम उम्र के बच्चों को गुड टच ऊ बैड टच के बारे में जागरुक करने तथा हेल्पलाइन नम्बर 1090,1930, यू0पी0 112, 181 व 1076 आदि सम्बन्ध में जागरुक करने तथा बाल श्रम आदि रोकने के सम्बन्ध में तथा गुमशुदा बच्चों के सम्बन्ध में श्रम विभाग तथा थाना एएचटी से सहयोग प्राप्त करने तथा बाल कल्याण समिति को सूचित करने तथा महिला अपराध सम्बन्धी कानूनी प्रावधानों के सम्बन्ध में जागरुक करने के निर्देश दिये गये।

# जालौन प्रशासन ने वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों को किया सम्मानित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन के राठ रोड उरई स्थित वृद्धाश्रम में सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बुजुर्गों को पुष्प गुच्छ शाल उड़ाकर व अंग वस्त्र, चश्मा देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि परिवार और समाज में बुजुर्गों का सम्मान होना चाहिए नई पीढ़ी को ऐसे संस्कार दिए जाएं, जिससे वह हमेशा अपने बड़ों का आदर करें। जिलाधिकारी ने पांच बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया, उन्होंने कहा कि आपके जैसे उत्तरदाई मतदाताओं के कारण ही हम एक लोकतंत्र के रूप में दुनिया में फल फूल रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप बदलते समय सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक समीकरण और देश में प्रदोष औद्योगिकी के क्रमिक विकास के साक्षी है। आप निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने और निर्वाचनों को सही मायने में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और सहभागी बनने के लिए निरंतर प्रगतिशील तंत्र के साक्षी है। अपने बीते समय में विभिन्न चुनाव के दौरान अपना वोट डालकर अपनी सरकार का विकल्प तय करने में अपने एक वोट का मूल्य का वास्तविक अर्थ सिद्ध किया है। आप सदैव की भांति अपना मत अवश्य डालें और युवा पीढ़ी को भारतीय लोकतंत्र में सकारात्मक योगदान के लिए उदाहरण बने व प्रेरित करें।

# शिवभार गुर्जर साहित्यिक संस्था की गाँधी जयंती, हिन्दी दिवस व लाल बहादुर शास्त्री काव्य प्रतियोगिता व सम्मान समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था, प्रभात नगर, लखनऊ द्वारा आचार्य पिंगल सभागार में आयोजित गाँधी जयंती, स्व. लाल बहादुर शास्त्री जयंती व हिन्दी दिवस विशेष मासिक कवि सम्मेलन व काव्य लेखन प्रतियोगिता व साहित्यकार सम्मान समारोह लखनऊ के जाने माने हास्य कवि पण्डित बेअदब लखनवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

बहराइच के डॉ अशोक गुलशन मुख्य अतिथि, शायर इरशाद राही विशिष्ट अतिथि, अनिल किशोर शुक्ल निडर व राजेश राज़ बतौर अति विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। समारोह का शुभारंभ माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही वरिष्ठ कवि साहित्यकार अनिल किशोर शुक्ल निडर की वाणी वन्दना व आचार्य प्रेम शंकर शास्त्री बेताब के कुशल संचालन से हुआ। संयोजन दीप्ती गुर्जर का रहा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पण्डित बेअदब लखनवी, मुख्य अतिथि डॉ अशोक गुलशन, विशिष्ट अतिथि राजेश राज एवं अनिल किशोर शुक्ल निडर को पुष्पमाला, भारत गौरव शहीद दिवस सम्मान पत्र, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व आचार्य पिंगल साहित्य रत्न की उपधी प्रदान कर सम्मानित किया, वहीं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शायर एल पी गुर्जर लखनवी व मंचासीन अतिथियों सहित डॉ रामराज भारती फतेहपुरी, युवा कवयित्री खुश्बू गौतम, डॉ कुसुम चौधरी, डॉ अशोक गुलशन, ज़नाब इरशाद खलीली, श्रीमती सुनीता, सुरेश सक्षम, ज़नाब अतीक कासगंजवी, आचार्य प्रेम शंकर शास्त्री बेताब, पण्डित बेअदब लखनवी, प्रवीण कुमार पाण्डेय, अनिल किशोर शुक्ल निडर, ऋषि श्रीवास्तव, आशिक रायबरेलवी, खालिद हुसैन सिद्दीकी, रामशंकर वर्मा, विजय श्रीवास्तव, राजेश राज, कुंवर आनन्द श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, आशीष कुलश्रेष्ठ, विमल बैरागी, प्रो बलवंत सिंह, सौरभ कांत बाजपेयी आदि ने अपने गीत, गज़लों, कविताओं से महात्मा गॉधी, स्वं लाल बहादुर शास्त्री जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शब्द सुमन अर्पित किया व हिन्दी का गुणगान किया।समारोह को सफल बनाया। संस्थापक अध्यक्ष शायर एल पी गुर्जर ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित कर समारोह के समापन की घोषणा की।

# लोस चुनाव में पूरी ऊर्जा से तैयार रहें कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव बेहद नजदीक हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ तैयार रहें। देश में जातिवार जनगणना जाति आधारित व असमानता को दूर करने के लिए बेहद जरूरी है। जातिवार जनगणना से सरकार को यह समझने में मदद मिलेगी कि देश में विभिन्न जातियों की स्थिति क्या है। यह बात मंगलवार को सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने लोकसभा पर्वेक्षक के रूप में संगठन की समीक्षा करते हुए कही।

सिराथू विधायक पल्लवी पटेल आज जिले पहुंची। पुरइन मोड़ के समीप स्थित टोल प्लाजा से लेकर शहर तक कई स्थानों पर अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष विद्या भूषण पटेल की अगुवाई में पुनः स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा पर्वेक्षक के रूप में यहां आई सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार द्वारा जारी किए गये जातिवार जनगणना के आँकड़ों पर बिहार सरकार को धन्यवाद दिया।

उन्होने बढ़ती बेरोजगारी के संबंध में वर्तमान भारतीय जानता पार्टी की सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। हर वर्ष दो करोड़ रोजगार के झूठे वायदे पर उन्होंने कहा कि सरकार केवल चुनावी घोषणाओं में लगी हुई है, लेकिन वास्तव में कोई काम नहीं कर रही है। महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए विधायक ने इसे महज चुनावी शिगूफा बताया। उन्होने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि लोसकभा चुनाव के लिए जी-जान से जुट जायें। पार्टी की नीतियों एवं रीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।

इस मौके पर फतेहपुर लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हफीज मोबिन, सह प्रभारी बाबूराम पटेल, जिलाध्यक्ष वृंदा पटेल, मीडिया प्रभारी अनूप पटेल, प्रदेश सचिव युवा मंच दीपक पटेल, महिला जिलाध्यक्ष सुशीला सिंह, युवा अध्यक्ष विमल यादव, कमलेश पटेल, चंद्रभान सोनकर, धर्मपाल पटेल, राजेंद्र पटेल, जीतू पटेल भी मौजूद रहे।

# अग्रहरि समाज के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने अग्रहरि समाज के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रहरि का माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। नवमनोनीत अध्यक्ष ने समाज को विश्वास दिलाया कि अपने दायित्वों पर खरा उतरेंगे।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल एडवोकेट व राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने संयुक्त नेतृत्व में पीलू तले चौराहा पर अग्रहरि समाज के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष व वैश्य एकता परिषद के जिला उपाध्यसक्ष सत्येंद्र अग्रहरि का भव्य स्वागत किया। माला व मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। परिषद के युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल ने कहा कि नगर अध्यक्ष के मनोनयन से अग्रहरि समाज के उत्थान के साथ-साथ वैश्य एकता परिषद को भी बल मिलेगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्त ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्येंद्र ऊर्जावान कार्यकर्ता हैं इसी का परिणाम है कि परिषद में उपाध्यक्ष पद का दायित्व निर्वहन के साथ-साथ अग्रहरि समाज का भी नगर अध्यक्ष का दायित्व प्राप्त हुआ है। परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल एडवोकेट ने कहा कि अब सत्येंद्र के ऊपर दो-दो दायित्व आ गये हैं आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वह अपने कुशल नेतृत्व में समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। नवमनोनीत नगर अध्यक्ष ने कहा कि वैश्य एकता परिषद ने जो अभूतपूर्व स्वागत किया है उसका वह सदैव ऋणी रहेंगे और विश्वास दिलाते हैं कि पूरी निष्ठा के साथ संगठन व समाज के लोगों का विश्वास हासिल करेंगे। इस अवसर पर विनय अग्रहरि, नारायण बाबू गुप्त, सुशील गुप्त, आशीष अग्रहरि, मनोज सोनी, मनीष गुप्त, संतोष गुप्त, सतीश साहू, अमित गुप्त, विनोद मोदनवाल, संजय गुप्त एडवोकेट, संजय रस्तोगी भी मौजूद रहे।

## ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारीः डीएम

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट



स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। जनपद स्तरीय अधिकारियों ने नवागंतुक जिलाधिकारी का स्वागत किया। जनपद स्तरीय अधिकारियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया, साथ ही विभागो में संचालित योजनाओं और विभागो से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, लगन के साथ अनुशासन में रहकर, समयबद्धता से टीम भावना व सहयोग के साथ कार्य करे।

G20

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. ई निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी–11–सीनि.डी.ई.ई.–लखनऊ–23, **2. कार्य का नाम :** एन.टी.पी.सी. ऊंचाहार रेल यार्ड स्टेज चतुर्थ के विद्युतीकरण के लिए 25 के वी सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **3. अनुमानित लागत :** रु. 3,57,34,958.87, **4. बयाना राशि :** रु. 3,28,700/–, **5. कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह, **6. निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 26.10.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। **7. प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। **8. उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। **9. पात्रता मापदण्ड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: **2.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए : जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में, एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है, निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक) ''कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक सामान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या'' कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो''। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE., **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदार के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। **नोट :** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह की प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी–11–सीनि.डी.डी.ई.ई.– लखनऊ–23 दिनांक 29.09.2023**

3054/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन-जागरूकता रैली का झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

## आस-पास कहीं भी जल-भराव न होने दें, साफ-सफाई का ध्यान रखें: विधायक

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** विशेष संचारी रोग अभियान, दस्तक अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर से जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशन में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु निरंतर अभियान संचालित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, आज से संचारी रोगों की रोकथाम हेतु इस वर्ष तीसरे अभियान की शुरुआत हो रही है, जो 31 अक्टूबर तक संचालित होगा, इसी मध्य 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी करेंगी, बुखार, खांसी, अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से ग्रसित लोगों की सूची तैयार कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में इन कार्मिकों के द्वारा योगदान किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में जागरुक होकर स्वयं, अपने परिवार, आस-पास के लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने में अपना योगदान दें, जल पात्रों यथा कूलर, गमले, फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक रूप से सफाई करें, किसी बर्तन में साफ पानी जमा न होने दें, अपने आस-पास कहीं भी जल-भराव न होने दें, पूरे आस्तीन के कपड़े पहने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, पशु बाड़ों की नियमित रूप से सफाई करें। विधायक भोगांव ने कहा कि बरसात के बाद मच्छर, कीटाणुओं के कारण तमाम प्रकार की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है, इन रोगों पर नियंत्रण करने के लिए यह अभियान संचालित किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करें, नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक साफ-सफाई के मुकम्मल इंतजाम किए जाएं, नालियों की नियमित रूप से सफाई कर उसमें दवा का छिड़काव किया जाए, जल-भराव वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए, जिन क्षेत्रों में गत वर्षो में मच्छर जनित बीमारियां से ग्रसित लोग पाए गए हैं, उन ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कराई जाए, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच के साथ-साथ दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आज से प्रारंभ होने वाले तृतीय चरण की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, अंतर्विभागीय अधिकारियों की बैठक कर कार्य योजना तैयार कर ली गई है, सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग समन्वय स्थापित कर संचारी रोग अभियान का सफल संचालन शासन की मंशा के अनुसार जनपद में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान के तहत आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों के सेहत की जानकारी करेगी, बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की समीपवर्ती स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराकर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सहयोग किया जाएगा।

# मांगों को लेकर बड़ौदा यूपी बैंक यूनियन ने की हड़ताल




**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** बड़ौदा यूपी बैंक प्रबंधन की संस्था विरोधी नीतियों, भारत सरकार व रिजर्व बैंक द्वारा प्रदत्त आदेशों के प्रत्यक्ष अवहेलना, प्रायोजक बैंक अधिकारियों के अनुचित दबाव में प्रबंधन द्वारा संस्था व कार्मिकों के हितों के विरूद्ध लगातार किए जा रहे फैसले से क्षुब्ध होकर मंगलवार को बड़ौदा यूपी बैंक में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के सभी नौ संगठनों ने ज्वाइंट फोरम आफ बड़ौदा यूपी बैंक यूनियन के बैनर तले आईटीआई रोड स्थित बड़ौदा यूपी बैंक शाखा में की। हड़ताली कर्मचारियों ने चेतावनी दिया कि यदि मांगे पूरी न हुई तो संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए विवश हो जायेगा। ज्वाइंट फोरम आफबड़ौदा यूपी बैंक यूनियन के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल की गई। हड़ताल को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गोपाल त्रिवेदी व संयोजक उदय सिंह मांग किया कि बीसीजी यानी बोस्टन कंसेलटिंग ग्रुप की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जायें। मित्रा कमेटी आधारित मानव श्रम नीति अनुसार कार्यालय परिचारक से लेकर अधिकारी स्केल पांच तक के सभी पदों पर नई भर्ती व पदोन्नति की जाये। बैंक की 268 शाखाओं के विलय या बंदी की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोकी जाये और इस संबंध में रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्रवाई की जाये।

**कार्यालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, आजमगढ़**

संख्या 486/ अधि. लिपि. दिनांक:- 3-10-23

**सूचना**

श्री अभिमन्यु कुमार यादव चकबंदी लेखपाल आजमगढ़ को इस कार्यालय के आदेश संख्या 128 / सीसी दिनांक 0 2 -07-22 सतत कार्यालय से बिना सूचना के गायब होने के कारण कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन की श्रेणी में होने पर विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) 1999 के नियम -7 के अंतर्गत अनुशासनिक करवाई प्रचलित की गई है। प्रचलित विभागीय कार्रवाई में आरोप सिद्ध होने के पश्चात पूर्वअधिकारी द्वारा अभ्यावेदन नोटिस दिनांक 04 - 09 -23 को उक्त चकबंदी लेखपाल के गृह निवास के पते पर रजिस्टर डाक से भेजा गया जो डाक विभाग द्वारा दिनांक 30-09- 23 को वापस कर रिपोर्ट लगाई गई की प्राप्तकर्ता कहीं बाहर नौकरी या पेशा करते हैं। जो प्राप्त न होने की दशा में मूल रूप से वापस किया जाता है। उक्त के के अलावा उक्त चकबंदी लेखपाल को पूर्वअधिकारी के स्तर तथा जांच अधिकारी के स्तर से कई नोटिस उनके गृह निवास के पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजी गई। उनके द्वारा तथा उनके परिवार के द्वारा प्राप्त न होने की दशा में डाक विभाग द्वारा मूल रूप से वापस की गई। अतः श्री अभिमन्यु कुमार यादव चकबंदी लेखपाल को अंतिम रूप से निर्देशित / सूचित किया जाता है कि उक्त के संबंध में दिनांक 09-10-23 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में अपना पक्ष स्वयं अथवा किसी विधि माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाएगी।

(राजकिशोर मौर्य)
बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी
आजमगढ़

# मुसलमान का हर अमल नबी के तरीके पर होना चाहिए: मौलाना अमीन



अवधनामा संवाददाता

**बेलहरा बाराबंकी।** इस्लाम धर्म ने हमेशा मानवता और भाईचारे का पैगाम दिया है हमें उस पैग़ाम को आगे बढ़ाने की जरूरत है,पैगंबर मोहम्मद साहब का जीवन हमारे लिए नमूना है उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर ही कामयाबी हासिल की जा सकती हैं। बुराई से बचना और नेकी की तरफ बढ़ना होगा वरना हमें गुमराही और तबाही से कोई बचा नही सकता।उक्त विचार ग्राम घघसी में आयोजित जलसा सीरतुन्नबी व मदहे सहाबा को संबोधित करते हुए मौलाना मोहम्मद अमीन बहराइची ने किया। उन्होंने कहा कि हम अपने अमल से ज़ाहिर ज़ाहिर करें कि हम मोहम्मद के मानने वाले हैं। नबी दुनिया में बुराई को मिटाने के लिए आए थे और आज मुसलमान उसी बुराई को जिंदा कर रहा है। हम नबी और सहाबा वाले काम करें । समाज में फैल रही बुराइयों पर उन्हों ने कहा कि इसका एक कारण बेपर्दगी भी है, इस्लाम ने औरतों को बेपर्दा घूमने से मना किया है। औरत का ज़ेवर उसका पर्दा है। जलसे की अध्यक्षता करते हुए कारी मोहम्मद रफीक नदवी ने कहा कि अगर हमें नबी से मोहब्बत है तो उनकी सुन्नतों को भी अपनाना पड़ेगा। जिस चीज को नबी ने पसंद किया उसको ना पसंद करने वाला मुर्तद हो जाएगा। सुन्नतों और नमाजों को छोड़कर हम सच्चे आशिके रसूल नही हो सकते। जलसे के सरपरस्त मौलाना हारून क़ासमी ने कहा कि मुसलमान वह है जिसके अमल से जाहिर हो, हमारे काम से किसी को तकलीफ न पहुंचे और बुराई से दूर रहें यही इस्लाम का पैगाम है। जलसे का आगाज़ क़ारी सिराज की तिलावत से हुआ। संचालन मौलाना रेहान ने किया। शराफत बिस्वानी और अमीरुल हसन तंबौरी ने अपना कलाम पेश किया। इस मौके पर मौलाना शकील,मौलाना बिलाल नदवी, हाफिज शहाबुद्दीन,अकील बीडीसी,अबरार अंसारी, मो.मेराज,नियाज़ अहमद, शमसुद्दीन, अज़ीज़ अंसारी, जमाल अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री ने किया सूचना विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने आज नगर पालिका परिसर में ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी का आयोजन सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया गया है। प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों से सम्बंधित जानकारियों को बेहतरीन डिस्प्ले के साथ प्रदर्शित किया गया है। मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के उपरांत इसका गहन अवलोकन किया तथा इस प्रकार के आयोजन की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों के प्रचार प्रसार की अपनी अलग महत्ता एवं आवश्यकता है, इस प्रकार के आयोजन किए जाने चाहिए। मंत्री ने रिमार्क बुक पर इस प्रदर्शनी के लिए ÷सराहनीय÷ शब्द अंकित किया। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने प्रदर्शनी के बारे में रिमार्क बुक पर ÷बहुत सुंदर आयोजन लिखा।

# हैरतअंगेज- संस्कृत पढ़ाने को आतुर शिक्षक को प्रिंसिपल की मनाही, वेतन लो पर पढ़ाओ मत

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** किसी भी विद्यालय के शिक्षक पर आम आरोप यही लगता है कि वह स्कूल नही जाता या फिर पढ़ाता नही है पर सिटी इंटर कालेज के एक अध्यापक के साथ ठीक उल्टा मामला है। यह अध्यापक पढ़ाना तो चाहता है पर स्कूल के प्रिंसिपल को यह स्वीकार नही। तुर्रा यह कि वेतन लो पर स्कूल न आओ, अब अध्यापक अपना दायित्व याद कर स्कूल जा रहा तो उसके अन्य देय रोक रखे गए हैं। खास बात यह कि डीआईओएस से लेकर प्रबंधन के स्पष्ट आदेश के बावजूद प्रिंसिपल की मनमानी चरम पर है। हैरत की बात यह है कि 20 महीने से जांच को गठित समिति की जांच भी अभी पूरी नही हो सकी है। पहले प्रकरण पर गौर किया जाए। सिटी इंटर कालेज के संस्कृत विषय के सहायक अध्यापक अभय कुमार का कहना है कि विद्यालय शिक्षण की समय सारणी में उनका नाम संस्कृत



शिक्षण कार्य हेतु नहीं दर्शाया गया है। यह सब एक साजिश का हिस्सा है, पहले साजिश रचकर 28 अप्रैल 2022 को निलम्बित करा दिया गया, पुनः 30 मई 2022 को बहाली के बाद भी ज्वाइन नहीं कराया गया। 6 अगस्त 2022 को ज्वाइन कराया गया लेकिन उसके उपरान्त उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर व शिक्षण कार्य नही करने दिया गया। लगभग 10 महीने बिना हस्ताक्षर और बिना शिक्षण कार्य के वेतन दिया जाता रहा। एक जनवरी को जिला विद्यालय निरीक्षक के दखल पर हस्ताक्षर करने दिया गया। परन्तु शिक्षण कार्य से वंचित रखा गया है। यह सब एक सोची समझी साजिश के तहत हो रहा है। शिकायत की जांच के लिए बनी समीति को लगभग 20 महीने हो गये है परन्तु न तो जांच समिति में बुलाया गया है और न ही समिति द्वारा जांच रिपोर्ट ही प्रस्तुत की गयी है। प्रबन्धन की अनुमति के बाद भी वेतनवृद्धि, अवशेष वेतन, बोनस आदि रोका गया है। कहा जाता है कि पूरा वेतन मिल रहा है, वेतन लेते रहो और आराम से कुर्सी पर अकेले बैठो वरना स्कूल से चले जाओ। पीड़ित शिक्षक ने प्रिंसिपल की मनमानी के खिलाफ माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बेसिक के निदेशक से लेकर आला अधिकारियों से फिर न्याय की गुहार लगाई है।

### मैजिक शो में जादूगर पीके शर्मा ने अपने हैरतअंगेज करतब से किया चकित

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेठ गंगा प्रसाद मैमोरियल सभागार में मैजिक शो का आयोजन किया गया। मैजिक शो का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। नगर निगम सहारनपुर द्वारा आयोजित मैजिक शो कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक राजीव गुंबर, अनिल अग्रवाल, समाजसेवी रवि अरोड़ा और राजकुमार चावला, पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में भारत मां के चित्र के सम्मुख गौरव मित्तल, अंकुर सिंघल, आदित्य त्यागी, विभाग कार्यवाह आशुतोष, महानगर प्रचारक दिलीप चुग, महानगर सेवा प्रमुख राकेश जैन, महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह व प्रथम महापौर संजीव वालिया ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में गणेश वंदना द्वारा छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य के रूप में प्रस्तुति दी।

# अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार ने अधिवक्ताओं से किया जनसंपर्क



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** बार एसोसिएशन अयोध्या के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार वरिष्ठ अधिवक्ता पारसनाथ पांडेय ने अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ गोसाईगंज, मिल्कीपुर, बीकापुर के अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा जो बार एसोसिएशन अयोध्या के सदस्य हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता लव कुमार पांडेय ने बताया कि अधिवक्ताओं के हित के लिए वह हमेशा समर्पित रहते हैं। मौका मिलने पर उनकी परंपरागत संकल्पना के आधार पर कार्य किया जाएगा। महिला और युवा अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए भी वह हमेशा तत्पर रहते हैं। साथ ही वाद कारियों के हितों को भी ध्यान में रख योजनाएं बनाई जाएगी।वहीं पारसनाथ पांडेय अधिवक्ता साथियों से अपील कर रहे हैं कि इस बार अध्यक्ष पद पर उन्हें विजई बनायें। श्री पांडेय ने बताया कि हमारा चुनाव लड़ने का मकसद सिर्फ इतना है कि अधिवक्ता साथियों पर हो रहे अत्याचार उत्पीड़न का हल हो व अधिवक्ताओं के लिए उत्तम व्यवस्था मेरा मकसद है अगर मैं चुनाव जीतता हूं तो अधिवक्ताओं के लिए बैठने की उत्तम व्यवस्था होगी।

# डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय जैन ने आज से चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने अभियान में लगे लोगों को व्यक्तिगत साफ सफाई रखने एवं वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपने पास-पड़ोस के लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। यह अभियान 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक व दस्तक अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार प्रदेश के हर गांव, ब्लॉक व जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश को दिमागी बुखार से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 11 विभागों के आपसी समन्वय से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के आर्थिक और पारिवारिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। अतः हम शपथ लेते हैं कि संचारी रोग से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास क्षेत्रवार ऐसे मकानों को सूची बनाएंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता



करेंगे कि हमारा परिवार व समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर (आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) घर-घर जाकर बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस से ग्रसित लोगों के साथ-साथ संभावित क्षय रोगियों व कुपोषित बच्चों को चिन्हित करेंगी। इसके अलावा वह पर विशेष ध्यान रखेंगे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारंभ अवसर पर नोडल अधिकारी वीबीडी डा पुष्पेंद्र कुमार, अर्बन नोडल डा वेद प्रकाश त्रिपाठी, डाव राजेश चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग से डी एच ई आई ओ,फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, यूनिसेफ, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी ने प्रतिभाग किया।

## 15 लाख की कीमत के खोए गिरे मोबाइल बरामद, स्वामियों को मिले

**बाराबंकी।** सर्विलांस सेल के हाथ बड़ी सफलता लगी है। मोबाइल रिकवरी टीम ने 80 खोए व गिरे हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे। इनकी कीमत लगभग 15 लाख 50 हजार रुपये है।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोए हुए कहीं गिर गये मोबाइल फोन की बरामदगी करने प्रभारी सर्विलांस सेल रमाकान्त भारतीय के नेतृत्व में एक मोबाइल रिकवरी टीम का गठन कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। सर्विलांस सेल की मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए 80 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई, बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग पन्द्रह लाख पचास हजार रूपए है।

## परिषदीय स्कूल के सीनियर बच्चों ने जूनियर्स में बांटी पेंसिल, कॉपी पेन

**मसौली बाराबंकी।** हम पढ़े है दूसरो को भी पढ़ाएंगे का संकल्प लेकर युवा एकता संगठन की टीम ने गांधी जयंती के मौक़े पर परिषदीय विद्यालय मदारपुर एव कपिलनगर के बच्चो को कॉपी पेन एव पेन्सिल का वितरण किया। अपने से सीनियर बच्चो से स्टेशनरी पाकर जूनियर बच्चो के चेहरे खिलखिला उठे। बताते चले कि परिषदीय विद्यालयों से निकल कर उच्च शिक्षा ग्रहण कर कस्बा मसौली के दर्जनों सीनियर बच्चो ने युवा एकता संगठन बनाकर अपने से जूनियर बच्चो की पढ़ाई मे कोई बाधा न उत्पन जिसका वीणा उठाया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एव पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर एव कपिलनगर मे पहुंच कर बच्चो के साथ जयंती मनायी।

# 38 वर्षीय युवक का उसके घर में ही मिला लहू लुहान शव

## पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर गांव अंतर्गत प्रकाश का पुरवा गांव में 38 वर्षीय युवक का रक्त रंजित शव उसके घर में ही चारपाई पर पाए जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेते हुए युवक के नशेड़ी भाई को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकाश का पुरवा गांव निवासी 38 वर्षीय अखिलेश सिंह अपने छोटे भाई दिनेश सिंह के साथ अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित मकान में रह रहे थे। दोनों भाइयों के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि दोनों भाई भयंकर नशे के आदी हैं। शराब, गांजा, स्मैक एवं नसे का इंजेक्शन भी दोनों भाई लगाया करते हैं। मंगलवार को दोपहर करीब 12¬30 बजे अखिलेश का छोटा भाई दिनेश शराब के नशे में घर के बाहर



निकाल कर जोर-जोर से चिल्लाने लगा और कहा कि हमारे भाई को किसी ने कुल्हाड़ी से काट डाला है। हल्ला गुहार सुनकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए किंतु शराब के नशे में धुत दिनेश ने भीड़ पर ईट, पत्थर चलाते हुए लोहे का राड लेकर लोगों को दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी इनायत नगर थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी आशीष निगम प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह एवं हल्का दरोगा अभय कुमार सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर मिले परिस्थिति जन्य साक्ष्यों को देखते हुए पुलिस ने सबसे पहले युवक के छोटे भाई दिनेश को हिरासत में ले लिया और विधिक कार्यवाही शुरू की। युवक के शरीर एवं सिर पर गंभीर चोट एवं घाव के निशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक आपस में तीन सगे भाई हैं सबसे छोटा भाई रमेश अपने बड़े भाई अखिलेश के दो बच्चों एवं पत्नी को लेकर शहर में रह रहा है मृतक की वृद्धि मां अपने दोनों बेटों की नशेड़ी हरकतों के चलते महाराजगंज थाना क्षेत्र के सराय रासी गांव स्थित अपने मायके में रह रही हैं। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मृतक के छोटे भाई और उसकी मां को दे दी गई है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है, घटना की गहन छानबीन की जा रही है। शायरी मिलते ही प्राथमिक की दर्ज कर अन्य विधि कार्रवाई की जाएगी।

# नालियों और पार्क की शिकायत मिलते ही करायी गयी सफाई

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान 15 शिकायतें आयी जिन पर सुनवाई करते हुए तीन शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया। बाकि शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड नंबर चार ग्रीन पार्क कॉलोनी के राकेश सिंघल ने पार्क में नालियों का निर्माण व स्ट्रीट लाइट लगवाने के अलावा पार्क की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्र के सफाई निरीक्षक व कर्मचारियों को भेजकर पार्क की सफाई करा दी गयी। स्ट्रीट लाइट के सम्बंध में शिकायतकर्ता को अवगत कराया गया कि वर्तमान में स्ट्रीट लाइट ईईएसएल कंपनी द्वारा लगायी जा रही है। कंपनी के इंजीनियर इंचार्ज ने अवगत कराया है कि अभी लाइट स्टॉक में नहीं है आपूर्ति होने पर उक्त स्थल पर लाइट लगवा दी जायेगी। जबकि नालियों के निर्माण के सम्बंध में अवर अभियंता को स्थल निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 6 हलालपुर के मांगेराम द्वारा हलालपुर में तथा वार्ड 22 मातागढ़ के रमेशचंद सैनी ने मातागढ़ में नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर दोनों स्थानों पर क्षेत्र के सफाई निरीक्षक व कर्मचारियों को भेजकर नालियों की सफाई करा दी



गयी। वार्ड 2 शिवविहार कॉलोनी के यशपाल सिंह ने कॉलोनी में नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड 16 नवीननगर के रवि पुण्डीर ने भी कॉलोनी की नालियों पर किये गए अतिक्रमण को हटाने तथा वार्ड 2 पिंजौरा के विक्रम सिंह ने पिंजौरा में अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की। जिस पर अपर नगरायुक्त ने तीनों मामलों में प्रवर्तनदल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा रामविहार कॉलोनी की नीलम पंवार ने कॉलोनी में 60 मीटर चौड़ी सड़क बनवाने, प्रदीप विहार के संजय कुमार ने प्रदीप विहार कॉलोनी में सड़क निर्माण कराने, सनसिटी ग्रांड के मनोज कुमार ने कॉलोनी में नई पाइप लाइन डलवाने, सर्राफा बाजार के सुंदरलाल ने दुकान का बिल सही कराने, जेल चुंगी की माया देवी ने मकान के सामने अवैध रुप से बनाये गए शौचालय को बंद कराने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र दिए जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, जीएम जलकल राधेश्याम, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जल भराव की समस्या से दुखी कॉलोनीवासियों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** जल भराव की समस्या से परेशान कॉलोनीवासियो ने प्रदर्शन कर समस्या से निजात दिलाने के अधिकारियो से गुहार लगाई। प्रदर्शन करने वालो मे कई कॉलोनीवासी मौजूद रहे। सहारनपुर। भगवती कॉलोनी में जल भराव की समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया और निगम अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या का निदान कराने की मांग की। भगवती कॉलोनी के प्रीतम सैनी ने आरोप लगाते हुए बताया कि भगवती कॉलोनी में जल भराव की समस्या से जहां बच्चो, बुजर्गो, महिलाओ को काफी समस्याओ को झेलने के लिये मजबूर होना पड रहा है वही जलभराव की समस्या से अनेको बीमारियो का खतरा भी कॉलोनी मे मंडरा रहा है।

## महोत्सव में छात्र छात्राओं ने दिखाया हुनर



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद में महराजगंज महोत्सव के अंतिम दिन जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि दयाशंकर मिश्र %दयालु%, जनपद सांसद व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज महोत्सव में प्रतिभाग कर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पं दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज महराजगंज की नन्ही बच्ची अंशिका के सत्यम शिवम सुंदरम गीत पर नृत्य और पार्थवी आरके शनशाइन, और सिसवां बाजार की पार्थवी अग्रवाल के मुँह से शिव तांडव सुनकर लोगो ने दोनों बच्चियों के जमकर उत्साहवर्धन किया। इनके अलावा सरदार पटेल इंटर कॉलेज की श्वेता ने शुभ दिन आयो पर अपने नृत्य से लोगों की प्रशंसा बटोरी। इसके अतिरिक्त सरदार पटेल इंटर कॉलेज शिवनगर, ऑक्सफोर्ड इंग्लिश स्कूल, जीएसवीएस इंटर कॉलेज, नव जीवन ज्योति स्कूल भैंसी, सेक्रेट हार्ट स्कूल निचलौल समेत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने लोगों को अपनी प्रतिभा से अभिभूत किया। इसके उपरांत स्थानीय कलाकारों में रामकरन लहरी, विद्यासागर यादव, आस्था त्रिपाठी, अमर अंजन, बृजेन्द्र कुमार और मयंक श्रीवास्तव आदि ने बिरहा सहित विभिन्न लोक गीतों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया।

# नवनियुक्त जिलाधिकारी अनुनय झा ने निरीक्षण कर मातहतो को दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** नवनियुक्त जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर



का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने आपदा कंट्रोल कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय, एडीएम न्यायालय, एसडीएम सदर कार्यालय व न्यायालय, मुख्य राजस्व लेखाकार कार्यालय, संयुक्त कार्यालय, राजस्व अभिलेखागार, एनआईसी आदि कार्यलयों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अभिलेखागार जनपद में परगनाओं, राजस्व ग्रामों और शजरा की संख्या की जानकारी ली। साथ ही शजरा नक्शों का अवलोकन भी किया। खनन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला खनिज कोष में मौजूद धनराशि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कुछ जगहों पर अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था मिलने पर तत्काल उचित प्रकाश का प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने शौचालय को भी देखा और बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी कार्यालयों को स्वच्छ व व्यवस्थित रखने और कार्यालयों में उपयुक्त डस्टबिन रखने के लिए कहा। जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी महेंद्र प्रताप, प्रशासनिक अधिकारी श्रीनाथधर दुबे, नाजिर वेद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फर्जी कर्मचारी बनकर वसूली करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**महराजगंज।** परिवहन विभाग के कर्मचारी बनकर वसूली कर रहे दो व्यक्तियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपी कोल्हुई थानाक्षेत्र के परसौनी निवासी हैं। जानकारी के अनुसार कोल्हुई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत परसौना स्थित पुराने एआरटीओ चेक पोस्ट के पास सम्राट गोस्वामी एव सुनील कुमार नाम के दो व्यक्ति स्वयं को परिवहन विभाग का कर्मचारी बताकर नेपाल जाने - आने वाले उप्र व दूसरे प्रान्तो के बस व ट्रक ड्राइवरो से कागजात चेकिंग के नाम पर डरा धमका कर अवैध वसूली कर रहे थे। इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस द्वारा एआरटीओ विभाग से सम्पर्क किया गया तो विभाग द्वारा बताया गया कि उस प्वान्ट पर परीवहन विभाग का कोई भी कर्मचारी नियुक्त नही है । मामले की गंभीरता को पुलिस समझ गई और सुनील कुमार मद्धेशिया और सम्राट गोस्वामी को परिवहन विभाग का फर्जी कर्मचारी बनकर अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# खेल से ही होता है शारीरिक व मानसिक विकास: बजरंग बहादुर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**नौतनवा(महराजगंज)।** क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत लालपुर में चल रहे चार दिवसीय कबड्डी मैच का समापन



फरेंदा विधानसभा के पूर्व विधायक भाजपा नेता बजरंग बहादुर सिंह द्वारा किया गया। जिसमें विजेता टीम को ट्राफी व पन्द्रह हजार पांच सौ एक उप विजेता टीम को पचहत्तर सौ व ट्राफी तथा तीसरे नम्बर पर आने वाली टीम को पैंतीस सौ व ट्राफी मुख्य अतिथि ने प्रदान किया गया। जिसमें सुल्तानपुर की टीम तृतीय स्थान तथा लक्ष्मी पुर व फुलवरिया क्रमश द्वितीय व प्रथम स्थान पर रहे आयोजक पंकज सिंह प्रधान लालपुर, व अमरेश यादव तथा अन्य सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के खेल से बच्चों में आत्मबल बढ़ता है तथा उनमें एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह खेल जो लाल पुर में हुआ है वह आगे के लिए अच्छे कबड्डी खिलाड़ियों को देश को प्रदान करेगा। श्री सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि पहले यह सोच थी कि जो खेलेगा वह बेकार होगा परन्तु अब यह धारणा बदलने की जरूरत है अब जो खेलेगा वहीं खिलेगा। इसलिए ऐसे खेल हर ग्राम पंचायत स्तर पर होने चाहिए ।

उन्होंने कहा कि मैंने शुरू से ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र में बहुत सारा कार्य किया था।

### डीएम ने किया मुख्यमंत्री संदर्भ माह अगस्त एवं सितम्बर के प्रगति की समीक्षा

# कार्य में शिथिलता बरतने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाईः डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को मुख्यमंत्री सन्दर्भ एवं अन्य सन्दर्भ की माह अगस्त एवं सितम्बर की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा विद्युत, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग, पशुपालन, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, जल निगम व अन्य विभागों में प्राप्त मुख्यमंत्री सन्दर्भ एवं अन्य सन्दर्भ के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करें। उसका डाटा समय से पोर्टल पर फीड किया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री सन्दर्भ एवं अन्य सन्दर्भ का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये।

इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार वाजपेयी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बृजेन्द्र सिंह यादव, डीसी मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एएनएम कोर्स के नाम पर की ठगी धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अम्बेडकरनगर।** 11 से अधिक छात्राओं से एएनएम कोर्स के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी की गई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। विभिन्न स्थानों की रहने वाली ज्योति सिंह, अर्चना, गायत्री, ज्योति, पूनमलता, नीलम, प्रियंका, निशा, रंगीता, मनीषा, अनीता समेत अन्य छात्राओं से नर्सिंग कोर्स के नाम पर आलापुर के अछूती निवासी आरोपित राकेश यादव ने शुल्क जमा कराया। आरोप है कि वह एसआर नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज का प्रबंधक है। नर्सिंग का कोर्स को 10 लाख रुपये की रसीद भी दी। छात्राएं कॉलेज गई तो वहां दो-चार कमरे निर्माणाधीन मिले न कहीं पढ़ने की व्यवस्था थी न ही बैठने की फोन पर आरोपित से बात की गई तो बताया कि कालेज का भवन अभी निर्माणाधीन है। यह कालेज अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन से संबद्ध है। कु छात्राओं को फर्जी मार्कशीट भी दी गई. अब आरोपित से संपर्क नहीं हो पा रहा है। घर जाने पर आरोपित की पत्नी ने दिल्ली जाने की बात बताई।

# देवरिया घटना के लिए प्रशासन ज़िम्मेदारः विजय शंकर



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के नाकारापन के चलते फतेहपुर देवरिया में एक हत्या के बदले एक परिवार के पांच लोगों की हत्या हो गई उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ने कैंडल मार्च के पूर्व कांग्रेसजनों से मुखातिब थे उन्होंने कहा कि यह उप्र सरकार की घोर विफलता है देवरिया के पूरे प्रशासनिक और पुलिस प्रशासन को प्रथम दोषी मानते हुये बर्खास्त कर जेल भेजा जाये।

जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि देवरिया सामूहिक नरसंहार के विरोध में आज शाम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील तिराहा अकबरपुर से फौव्वारा तिराहा तक कैंडल मार्च निकालकर मृतात्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की और आक्रोश जताते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारी, थाना और राजस्व कर्मचारियों को कठोर दंड देने की मांग की।. हत्यारों को फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की. कैंडल मार्च में प्रमुख रूप से उप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल सहित गणमान्य विभूतियों ने हिस्सा लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार पाल ने कहा कि हर जनपद में ऐसे हजारों राजस्व मामले मौजूद हैं और सरकार कठोर कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रधान, लेखपाल और थाने से लंबित मामलों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करे, आबादी, खेती, चरागाह और ग्रामसभा की जमीनों अतिक्रमण की जवाबदेही तय कर दंडित किया जाये देवरिया कांड यूपी की कानून व्यवस्था का काला अध्याय है। कैंडल मार्च में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखीलाल वर्मा, चेयरमैन के पूर्व प्रत्याशी ललित मोहन श्रीवास्तव, पीसीसी सदस्य गुलाम रसूल छोटू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मूलचंद जायसवाल, नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी, दिलीप कुमार भास्कर, दीनानाथ यादव, रीतेश त्रिपाठी, विकलांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, सोनू, अजय कुमार, राजकुमार सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# आदर्श विद्यालय में किया गया ध्वजारोहण



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज बढ़नी सिद्धार्थनगर में 2अक्टूबर के दिन सोमवार को 10 बजे ध्वजारोहण किया गया। गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर सोमवार को प्रिंसिपल विजय कुमार वर्मा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और सभी को गांधी जी से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा के मार्ग पर चलने को कहां। और उन्होंने गांधी जी के विचारों की व्याख्या की और उन्होंने बताया कि 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्व सम्मति से 02 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में शिक्षा और जन -जागरुकता के माध्यम से अहिंसा का सन्देश प्रसार पर जोर दिया गया। आज का दिन सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के साधन के रूप में अहिंसा के प्रति महात्मा गांधी के दर्शन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है और राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र -छात्राओं के नेतृत्व में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में साफ -सफाई की गयी और यह संकल्प लिया गया कि स्वच्छता अभियान अनवरत चलता रहेगा कार्यक्रम का संचालन करते हुए गुलाब चन्द्र मौर्य, और उपस्थित अनिल कुमार यादव, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, जुगुल किशोर, जय प्रकाश, रवि अग्रहरि, तारिखशानी, अशोक कुमार, रश्मि सिंह, रीना, डॉ. गरिमा चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# आ गए आ गए हैं सरकार, मिलके खुशियां मनाओ मेरे यारः हसन जमाल

## हल्लौर स्थित इमाम बारगाह अबु तालिब अ. स. में हुआ जश्न ए मिलादुन्नबी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**






**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लाहो अलैहे व सल्लम और शिया मुसलमानों के इमाम जाफ़र ए सादिक अलैहिस्सलाम के विलादत के मौके पर सोमवार को क्षेत्र के हल्लौर स्थित इमाम बारगाह अबु तालिब अ0 पर ईद ए मिलादुन्नबी का आयोजन इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना मोहम्मद हसन की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बैरूनी शायरों के साथ साथ मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब दाद बटोरी।

ईद मिलादुन्नबी का संचालन बेताब हल्लौरी ने किया। महफ़िल की शुरुआत कारी शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ ततपश्चात रिटायर्ड प्रिंसिपल शकील अहमद ने नात ए पाक पेश किया। ईद मिलादुन्नबी की अध्यक्षता कर रहे मौलाना मोहम्मद हसन ने संबोधित करते हुए कहा कि अल्लाह ने रसूल सअ को आलमीन के लिए रहमत बना के भेजा है, उन्होंने तलवार से नहीं बल्कि किरदार से लोगों का दिल जीता अंत मे हज़रत मुहम्मद मुस्तफा स0अ0स0 और इमाम जाफ़र ए सादिक अलैहिस्सलाम की जिंदगी पर विस्तार से रोशनी डाली। ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब ने अपने स्वभाव से दीन का प्रचार किया और इमाम जाफ़र ए सादिक अस का भी यही किरदार रहा। जिसकी वजह से लोगों ने मुहम्मद स.अ.व स. का कलमा पढ़ा और इस्लाम धर्म को अपनाया। मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना अली अब्बास, जाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर ने भी हज़रत मुहम्मद मुस्तफा स0अ0स0 और इमाम जाफ़र ए सादिक अलैहिस्सलाम की जिंदगी पर प्रकाश डाला। इस बाद हसन जमाल ने पढ़ा कि आ गए आ गए हैं सरकार मिलके खुशियां मनाओ मेरे यार, अम्मार, कायनात हल्लौरी, खुलूस, मुमताज़, हानी, फ़ैज़ी और बशारत, लकी, फ़रहान क़दर के अलावा बैरूनी शायर वक़ार सुल्तानपुरी और सुहैल बस्तवी ने एक से बढ़कर एक शेर पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। अंत मे आयोजक हुसैनी यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष राहिब रिज़वी ने आये हुए तमाम लोगो का शुक्रिया अदा किया। ईद मिलादुन्नबी में ग्राम प्रधान ताकीब रिज़वी, तशबीब हसन, तसकीन हैदर, महफूज़ मैक्स, काज़िम रज़ा, पप्पू पल्सर, पप्पू रिज़वी, हसन ताकीब रिज़वी, खुर्शीद, महफूज़ मैक्स, लाडले बीडीसी, अकील हैदर, बशीर हसन, जलाल अहमद, शबीह अहमद, आमिर रिज़वी, शाहिद रिज़वी, आबिद रिज़वी, शम्स हैदर, रिज़वान अली, आरजू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 9 अक्टूबर को जश्ने ग़ौसुल वरा का आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के काजीपुरा के फैजान ग्राउंड में आगामी 9 अक्टूबर की रात निजामी ब्रदर्स के तत्वाधान में ईद मिलादुन्नबी व जश्ने ग़ौसुल वरा का कदीमी आयोजन होगा। कार्यक्रम की भव्यता को लेकर अभी से तैयारियां शुरू होगयी है। कार्यक्रम में देश के मशहूर उलेमा व शायरों का जमावड़ा होगा। जिस में लाला पुर देवा शरीफ के सज्जादा नशीन हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद फारूक चिश्ती आकर्षण का केंद्र होंगे जब कि मशहूर आलिमे दीन मुफ्ती शमशाद अहमद मिस्बाही मऊ व गोंडा के मौलाना मो. मुजक्कीर मिस्बाही की खास तकरीर होगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शायर सरफराज राही बस्तवी, एहसान साकिर जियनपुर, हसन रजा, हामिद रजा अपनी आवाज व कलाम का जादू बिखेरेंगे। हाफिज मोहम्मद अशरफ की तिलावते कलाम पाक से शुरू होने वाले कार्यक्रम की सदारत मुफ्ती इमादुद्दीन करेंगे जलालपुर की अंजुमन नूरे मदीना सामूहिक रूप से नात ख्वानी करेगी।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी का हुआ आयोजन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर व क्षेत्र में सप्ताह भर से जारी जश्न ईद-ए-मिलादुन्नबी के क्रम में जाफराबाद स्थित छोटे इमाम बाड़ा में अंजुमन जाफरिया युवा इकाई द्वारा आयोजित जश्न मीलाद सादकीन में अकीदतमंदो का हुजूम उमड़ा। तरही व नातिया कलाम के माध्यम से अंजुमनो ने हज़रत मुहम्मद साहब व हज़रत इमाम जाफर-ए- सादिक अलैहिस्सलाम की शान में कसीदे पढ़े। कार्यक्रम में अंजुमन गुंचा जाफरिया, अंजुमन जुल्फेकार हैदरी, मजलूमिया, अंजुमन पंजतनी, अजादार हुसैनी, अंजुमन अंसार हुसैनी मुबारकपुर, अंजुमन जाफरिया रजिस्टर, अंजुमन मासूमिया, समेत दर्जनों अंजुमनो ने तरही कलाम पेश कर दाद व तहसीन हासिल किया। कार्यक्रम का आगाज़ मास्टर शरीफ अहमद की तलावत कलाम पाक से हुआ। डाक्टर अब्बास मेहंदी नयुरो ने हज़रत मुहम्मद साहब व हज़रत इमाम जाफर-ए-सादिक अलैहिस्सलाम के जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया। उर्दू साहित्य में ख़ासी लोकप्रियता हासिल कर चुके अंसर जलालपुरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि एक ही तारीख में दो मासूमों का जन्मदिन हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन वारिस जलालपुरी व मौलाना जवाद ने संयुक्त रूप से किया। ज़ीशान जलालपुरी ने आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वफ़ा अब्बास, फिदा अब्बास, मोहम्मद सामिक, साहिल, आकिब, फरमान, आसिम, सैफ़ शोऐब, अली अब्बास आदि ने सहयोग किया।

## सपा जिला कार्य समिति की मासिक बैठक कल

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को दिन में 11 बजे जिला कार्य समिति की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष लालजी यादव जी की अध्यक्षता में आहूत की गई है। समाजवादी पार्टी के सभी सम्मानित विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद तथा सभी विधानसभाओं के प्रभारी जिला कार्य समिति के पदाधिकारी गण फ्रंटल संगठनों के जिलाध्यक्ष सभी विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्षों से अपील है कि समय से पहुंचकर बैठक को सफल बनायें। उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने दी है।

## दाई की इलाज के दौरान मृत्यु

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर पमारान निवासी सुंदर लाल पुत्र खुशीराम की मा रामरती जो बाइक से जैतपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर निवासी अजीत पुत्र रामौतार अपने घर रामरती को दाई के काम के लिए ले जा रहा था। तभी पहाड़पुर राजेपुर पुलिया थाना मिर्जापुर की तरफ से तेज रफ्तार व लापरवाही से मोटर साईकिल चालक धर्मपाल पुत्र जयपाल निवासी गूजरपुर थाना अमृतपुर ने अजीत की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। पीछे बैठी दाई को गंभीर चोटे आई। जिसकी जानकारी डायल 112 को दी गई। पुलिस ने दाई रामरती को सीएचसी जरियनपुर शाहजहांपुर में भर्ती कराया जहां से डाक्टरों ने फर्रुखाबाद के लिए रिफर किया जहां उनका इलाज हो रहा था। 02अक्टूबर 2023 की रात इलाज के दौरान दाई रामरती की मृत्यु हो गई। अमृतपुर थाना प्रभारी मीनेश पचौरी ने हल्का इंचार्ज उदय वीर को भेज कर शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जोखन चौधरी बने सदर विधानसभा अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

- सपा की 23 सदस्यीय कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र इकाई गठित

**सिद्धार्थनगर।** जोखन प्रसाद चौधरी को विधानसभा क्षेत्र 303 कपिलवस्तु का अध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार को मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। समाजवादी पार्टी कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र इकाई का 23 सदस्यीय कमेटी गठित हो गई है। इसमें जोखन चौधरी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष व मो अमून मेकरानी महासचिव बनाए गये।

मंगलवार को सपा के प्रदेश सचिव अजय चौधरी, सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव व पूर्व विधायक विजय पासवान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के जिला कार्यालय पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा रियाज अहमद व शैलेन्द्र शर्मा को विधानसभा उपाध्यक्ष, रविन्द्र गुप्ता कोषाध्यक्ष समेत चंद्रहास यादव, अशोक पांडेय, मोहम्मद मुस्तफा व विजय यादव पहलवान सचिव तथा गुंजन पासवान, फूल कुमार चौधरी, हरीराम कन्नौजिया, जलालुद्दीन, दयाराम पासवान व मनीष यादव समेत 14 लोग कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने सभी पदाधिकारियों से संगठन को गतिशील बनाने केलिए बूथ एवं सेक्टर कमेटी को मजबूत कर 2024 लोकसभा चुनाव की जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जुट जाने को कहा है। इस अवसर पर विभा शुक्ला, सोनू यादव व सतीष चौधरी, मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर भास्कर शर्मा को घाना से मिली एक और डॉक्टरेट की उपाधि

**अवधनामा संवाददाता**



- डॉक्टर शर्मा अब तक बना चुके हैं 30 दर्जन से अधिक विश्व रिकॉर्ड
- डॉक्टर शर्मा अब तक पा चुके हैं देश विदेश से 43 दर्जन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मान
- डॉ शर्मा लिख चुके हैं 13 दर्जन से अधिक पुस्तकें

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को डॉक्टरेट ऑफ होमियोपैथी तथा अवार्ड्स ऑफ एक्सीलेंस की उपाधि वेबबिक युनिवर्सिटी घाना द्वारा प्रदान किया गया।

यह उपाधि एक अक्टूबर 2023 को वेबबीक युनिवर्सिटी घाना के चांसलर बिशॉप डॉक्टर फेलिक्स ओफोसू दजन ने राजस्थान इंटर नैशनल सेंटर जयपुर में प्रमाण पत्र,मेडल प्रदान किया। डॉक्टर भास्कर शर्मा को यह मानद उपाधि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में किए गए शोध कार्यों तथा देश विदेश में होम्योपैथी के विकास व प्रचार प्रसार के लिए दिया गया है। यह उपाधि डॉक्टर भास्कर शर्मा भारत के इकलौते होम्योपैथिक चिकित्सक है जिन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि वेबबिक युनिवर्सिटी घाना ने प्रदान किया है। डॉक्टर भास्कर शर्मा भारत के यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय राजस्थान से होम्योपैथी से पीएचडी की उपाधि वर्ष 2018 में प्राप्त कर चुके हैं। इसके पूर्व डॉ भास्कर शर्मा को अमेरिका, टोंगा, दुबई, लंदन, मालदीव, नाइजीरिया, डोमिनिका, ब्राजील, सर्बिया, अल्जीरिया, इंडोनेशिया आदि विश्वविद्यालय द्वारा मिल चुका है। इन्हे अब तक 27 मानद उपाधियां मिल चुकी है। इतना ही नहीं डॉक्टर भास्कर शर्मा विश्व के इकलौते होम्योपैथिक चिकित्सक हैं जिनका नाम होम्योपैथी के क्षेत्र में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज है। डॉ भास्कर शर्मा इस अंतर्राष्ट्रीय संस्था के अलावा प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी रांची झारखंड ने विश्वविद्यालय का सलाहकार समिति सदस्य वर्ष 2019, ग्लोब ईगल यूनिवर्सिटी अमेरिका वर्ष 2020 में विभागाध्यक्ष, इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी का ह्यूमैनिटी हेल्थ साइंस एंड पीस यूएसए वर्ष 2022 में कुलपति, हनीमैन कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी यूके लंदन वर्ष 2017, बाल ब्रिज यूनिवर्सिटी डोमिनिका वर्ष 2018, सी बी यूनिवर्सिटी टोंगा वर्ष 2017, यूनाइटेड कॉलेज ऑफ ब्राज़ील वर्ष 2020, इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन एंड रिसर्च नई दिल्ली वर्ष 2017, बीयू विश्वविद्यालय मालदीव वर्ष 2018, महात्मा फुले टैलेंट रिसर्च अकादमी नागपुर 2016, इंटरनेशनल क्राइम फाइट एंड एलाइड अफ्रीका के सलाहकार समिति सदस्य वर्ष 2020, क्लाइमेट एक्शन थ्रो एजुकेशन फिलिपींस ने राष्ट्रीय शोधकर्ता वर्ष 2020, अफ्रीकन फेस्टिवल फाउंडेशन अफ्रीका वर्ष 2020, मे भी शोध निर्देशक व सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा होम्योपैथी फार्माकोपिया कमेटी केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली में विशेषज्ञ के रूप में वर्ष 2016 आमंत्रित किया गया था। डेढ़ सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक व 800 से अधिक सम्मान प्राप्त चिकित्सक डॉ भास्कर शर्मा को होमियोपैथी से डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर डॉ मनोज शर्मा डॉ परवेज आलम डॉ दिनेश मौर्य डॉ महेंद्र शुक्ला डॉ चेतन उदय डॉक्टर अनुराग सक्सेना डॉ सुरेश कुमार सैनी डॉ हयानाज डॉक्टर अमित अग्रवाल डॉक्टर अजीत डॉक्टर अनिल गुप्ता आदि लोगों ने बधाइयां दी।

# एनटीपीसी टाण्डा में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान विविध कायक्रमों के साथ सम्पन्न




**अवधनामा संवाददाता**

**टाण्डा।** एनटीपीसी लिमिटेड, टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान विविध कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न किया गया। स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विविध कायक्रमों के तहत आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। 1 अक्टूबर को प्रातः 10.00 बजे एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा आवासीय परिसर स्थित सरयू घाट एवं नए आवासिय परिसर के गेट से नए स्कूल के गेट तक 1 किलोमीटर रोड की सफाई की गई। कार्यक्रम में लगभग 85 लोगों ने श्रमदान किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी जयंती के उपलक्ष्य में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत दिनांक 02 अक्टूबर को परियोजना प्रमुख श्री बी.सी.पलेई की अगुवाई में टाउनशिप में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री पलेई ने सभी कर्मचारियों एवं परिवारजनों तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री पलेई ने सभी लोगो से सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वे अपने परिवेश को साफसुथरा रखें तथा दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी टाउनशिप वासियों से अपील की कि वे किसी भी दशा में इस टाउनशिप परिसर को गन्दा न होने दें तथा इसे एक स्वच्छ एवं आदर्श टाउनशिप बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर एनटीपीसी टांडा के सभी महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्ष, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएं, काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**बसखारी अम्बेडकरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने और गणित का अच्छा प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनपुर के परिसर में ब्लॉक स्तरीय समिति के देखरेख में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विकास खंड बसखारी के 42 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 6, 7, 8 से तीन छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए ,जिनमें से श्रेष्ठ 30 बच्चों का चयन किया गया। द्वितीय चक्र में इनकी लिखित परीक्षा हुई और इनमें से अंतिम तृतीय चक्र में सफल 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों कृष्ण कुमार प्रथम स्थान, सविनय द्वितीय स्थान कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सुलेमपुर, प्रिया चौरसिया कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मुहम्मदपुर टांडा तृतीय स्थान,देव बाबू शशिकांत, प्रियंका विश्वकर्मा ,राज ,शिवांश, है सचिन और प्रिंस कुमार को मोमेंटो ,10 त्र धनराशि नकद पुरस्कार तथा 10त्र धनराशि मॉडल बनाने के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। प्रतियोगिता का कुशल संचालन ए आर पी विज्ञान सुनील कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डायट प्रवक्ता एवम मेंटर अब्दुल फैजान रहे।

## अमरीका के डाउनग्रेड होने के निहितार्थ

अगस्त 1, 2023 को फिच नाम की अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने संयुक्त राज्य अमरीका की दीर्घकालीन विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग (आईडीआर) को एएए से घटाकर एए प्लस कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले सालों में अमरीकी सरकार द्वारा बार-बार ऋण सीमा गतिरोध उत्पन्न होने पर अंतिम समय में अमरीकी संसद ने ऋण सीमा बढ़ाकर उसका समाधान दिया। पिछले सालों में ऐसे कई मौके आए जब अमरीकी प्रशासन इस कारण से ठप्प यानी 'शटडाऊन' हो गया, क्योंकि अमरीकी प्रशासन के पास अपने रोजमर्रा के खर्च करने के लिए राशि नहीं बची थी। ऐसे में अमरीकी राष्ट्रपति और अमरीकी संसद के बीच भी कई बार खींचतान का माहौल दिखाई दिया। यह इस बात का द्योतक है कि अमरीका की राजकोषीय स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और सरकार को बार-बार अमरीकी संसद से गुहार लगानी पड़ती है ताकि उसके उधार की सीमा बढ़ाई जा सके। फिच द्वारा अमरीकी रेटिंग कम करने के कारणों में बताया गया है कि अगले तीन सालों में अमरीका की राजकोषीय स्थिति और अधिक बिगड़ेगी और सरकार पर कर्ज का बोझ और बढ़ेगा। फिच रेटिंग एजेंसी का कहना है कि राजकोष और कर्ज संबंधी मामलों में पिछले 20 सालों में अमरीकी सरकार के मानकों में निरंतर गिरावट आई है। चूंकि बार-बार ऋण सीमा को लेकर राजनीतिक गतिरोध देखने को मिला है, जिसके कारण राजकोषीय प्रबंधन में विश्वसनीयता कम हुई है।

अन्य अमरीका सरीखे देशों के मुकाबले सरकार के पास मध्यमकालीन राजकोषीय फ्रेमवर्क (कार्य योजना) की भी कमी है। फिच का यह भी कहना है कि अनेकानेक आर्थिक झटकों और कर कटौतियों और नए खर्चों की पहल के चलते अमरीकी सरकार पर कर्ज पिछले दशक में बहुत बढ़ गया है। अमरीका में बुजुर्गों की लगातार बढ़ती संख्या के चलते सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य (मेडिकेयर) पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है और उससे निपटने के लिए विशेष प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं। वर्ष 2022 में सामान्य सरकार का घाटा जीडीपी के 3.7 प्रतिशत के बराबर था, जो 2023 में बढक़र 6.3 प्रतिशत तक पहुंचने की अपेक्षा है। राज्यों और स्थानीय सरकारों पर भी कर्ज बढ़ रहा है। राजकोषीय दायित्व कानून के कारण जो थोड़ा-बहुत सुधार हुआ है, वो भी अत्यंत अपर्याप्त है और वर्ष 2024 के चुनावों तक कोई विशेष राजकोषीय समेकन के प्रयास होने की भी बहुत कम संभावना है। गौरतलब है कि 12 साल पहले अगस्त 5, 2011 को स्टैण्डर्ड एंड पुअर्स नाम की रेटिंग एजेंसी ने अमरीका की रेटिंग को इसी प्रकार घटाया था। यह पहली बार हुआ था कि अमरीकी फेडरल सरकार को एएए से नीचे की रेटिंग दी गई थी। उस समय अमरीकी कांग्रेस द्वारा कर्ज की सीमा को बढ़ाने के चार दिन के बाद ही रेटिंग में यह गिरावट आई थी। हालांकि फिच एवं मुडीज नाम की रेटिंग एजेंसियों ने उस समय अपनी रेटिंग नहीं गिराई थी। 2011 के बाद अमरीकी सरकार की रेटिंग एएए बनी रही और इसके बाद फिच द्वारा पहली बार अमरीकी फेडरल सरकार की रेटिंग को घटाया गया है। इस बीच हम देख रहे हैं कि एक अन्य रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कई अमेरिकी बैंकों की रेटिंग घटा दी है। एजेंसी ने 10 छोटे और मध्यम आकार के बैंकों की क्रेडिट रेटिंग में कटौती की है और 6 बड़े ऋणदाताओं को भविष्य में रेटिंग में गिरावट के लिए नोटिस पर रखा गया है। इस कार्रवाई का कारण फंडिंग लागत में वृद्धि (जिसका अर्थ है कि ब्याज दरों में वृद्धि) और लाभप्रदता का दबाव है।

अमरीका आर्थिक दृष्टि से दुनिया का सबसे समृद्ध देश तो है ही, उसकी अर्थव्यवस्था का व्याप भी अत्यंत विस्तृत एवं विविधता से भरा हुआ है। वहां का व्यावसायिक परिवेश भी अत्यंत गतिशील है। ऐसी संरचनात्मक शक्ति रखने वाले अमरीका की करैंसी डॉलर दुनिया की सबसे अधिक लोकप्रिय रिजर्व करैंसी है। दुनिया के देश अपने विदेशी मुद्रा भंडारों को अभी भी डॉलरों में ही रखना चाहते हैं। इन सब खूबियों के साथ रेटिंग के घटने के बावजूद ऐसी स्थिति नहीं लगती कि अमरीका अपने उधारों को चुकाने में किसी कोताही का शिकार बनेगा। अभी भी दुनिया का विश्वास अमरीका में बदस्तूर जारी है, लेकिन फिर भी यह समझने की जरूरत है कि अमरीका की रेटिंग के घटने का अमरीकी अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। किसी भी देश की रेटिंग घटने का सबसे पहला असर ब्याज दरों पर पड़ता है। डाउनग्रेड से घरेलू स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी ऋण के लिए उच्च जोखिम प्रीमियम की मांग करेंगे। इससे सरकार के लिए पैसा उधार लेना अधिक महंगा हो जाएगा, जिससे खर्च में कटौती या कर में वृद्धि हो सकती है।

## राजस्थान, गांव और पानी



सरिता आचार्य

भारत जैसे विशाल भूभाग पर भिन्न भिन्न जलवायु और भौगोलिक परिस्थिति देखने को मिलती है। मेघालय स्थित मासिनराम और चेरापूंजी जहां सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के रूप में दर्ज है, तो वहीं राजस्थान का जैसलमेर सबसे अधिक सूखा वाला स्थान माना जाता है। जहां देश के अन्य सभी ज़िलों की अपेक्षा न्यूनतम वर्षा दर्ज की जाती है। यही कारण है कि राजस्थान में पानी की समस्या का होना एक आम उदाहरण है। रेगिस्तानी राज्य होने के कारण आज भी यहां के बहुत से गांव पानी को तरस रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए राजा महाराजाओं ने भी काफी प्रयास किया था। इसके तहत बावड़ी, कुंए और तालाब का निर्माण कराया गया। लेकिन इससे पूरी तरह से समस्या का हल नहीं हुआ। यदि लोगों को पीने का पानी मिलने लगा तो सिंचाई की समस्या बनी रही।

आज़ादी के बाद केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक ने इस समस्या के हल के लिए गंभीरता से ध्यान दिया। इस सिलसिले में 30 मार्च 1958 को महत्वाकांक्षी जल परियोजना 'राजस्थान नहर' का शुभारंभ किया गया। जिसे बाद में 2 नवंबर 1984 को इसे 'इन्दिरा गांधी नहर परियोजना' के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। दूर दराज़ के कई गांव पानी को तरस रहे हैं। राज्य के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का ढाणी भोपालाराम गांव इसका एक उदाहरण है, जहां के लोग पानी न होने की समस्या का सामना कर रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या यह समस्या ऐसे ही राजस्थान के गांव और ज़िलों में परेशानी का कारण बनी रहेगी? इस संबंध में गांव के निवासी 40 वर्षीय विनोद का कहना है कि हमारे बुज़ुर्ग बताते थे कि इस गांव में पहले पानी की पर्याप्त व्यवस्था थी। पानी इतना उपलब्ध हो जाता था कि लोग अगली वर्षा तक अपनी सभी ज़रूरतें पूरी कर लिया करते थे। लेकिन अभी कोई व्यवस्था नहीं है। पहले के लोग पानी को इकट्ठा करना जानते थे। आज से कई साल पहले एक कुंई का निर्माण करवाया गया था। उस वक़्त इस गांव जनसंख्या इतनी नहीं थी। बारिश का जो पानी इकट्ठा होता था इससे इनका एक साल निकल जाता था और पशुओं के लिए भी वह उपयोग में लाया जाता था। उन्होंने बताया कि इस गांव में पहले निवासियों के साथ साथ पशुओं के लिए भी पानी की उचित व्यवस्था होती थी। लेकिन जैसे जैसे गांव की जनसंख्या बढ़ने लगी तो उनकी देखरेख भी बंद होने लग गई। जिससे लोगों और पशुओं को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि इंदिरा गांधी नहर के तहत लूणकरणसर में पानी आता है। जिसका प्रतिदिन का खर्च पांच हज़ार होता है। लेकिन इसके बावजूद पशुओं के लिए पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाती है। जब बारिश होती है तो लोग पानी इकट्ठा करते हैं। जिससे गांव के पशु के पीने के उपयोग में लाया जाता है। जबकि घरों के लिए टैंकर से पानी मंगवाया जाता है। जिसका खर्च लगभग 1000 से 1500 रुपए तक आता है। जबकि गांव वालों की आमदनी इतनी नहीं है कि वह इस खर्च को प्रतिदिन वहन कर सकें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई।

# क्या राजनीतिक में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा?



ललित गर्ग

देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे। बात लोकसभा चुनाव की नहीं,



विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है।

मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए हैं। 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स का मुद्दा उछाला था। बोफोर्स से जुड़े कांग्रेस नेताओं के नाम पर उन्होंने चुनाव जीता। नरसिंह राव की सरकार भी घोटालों के घिरी थी, जिसका फायदा बीजेपी समेत विपक्ष को मिला था। 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार कोयला घोटाले, 2जी और कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा के बीच चुनाव में गई थी, नतीजा कांग्रेस चुनाव हार गई। कांग्रेस ने भी लगातार नरेंद्र मोदी सरकार को घोटाले पर घेरने की कोशिश की, मगर ब्रांड मोदी के सामने उसे चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई। 2019 में कांग्रेस ने राफेल में करप्शन का मुद्दा उठाया। नोटबंदी में करप्शन के आरोप लगाए। अडानी और अंबानी के मुद्दे को चुनाव में उठाया, मगर मोदी मैजिक के सामने सारे वार फेल हो गए। 2024 से पहले कांग्रेस फिर अडानी और अंबानी के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे उलट इंडिया के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच चल रही है। देश में आशावाद और सकारात्मकता का माहौल है, लोग जी20, चंद्रयान और अर्थव्यवस्था की सफलता का उत्सव मना रहा है, 2024 में एक बड़ी जीत के लिए आश्वस्त दिखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त करने की ठानी है तो यह समय आम मतदाता के जागरूक एवं सर्तक होने का भी है। राजनीति में सुधार चाहने वालों के लिए यह घर बैठने का समय नहीं है। राजनीति में नैतिकता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चुनाव सुधारों की कोरी बातें ही नहीं बल्कि उन पर अमल लाने की भी जरूरत है।

# महिला आरक्षण : बातें हैं बातों का क्या?

महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद अनेक विश्लेषकों व राजनीतिज्ञों की तरह तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस चाहती है कि इसे तत्काल लागू किया जाये। इसे लागू करने के लिए जनगणना या परिसीमन की कोई ज़रुरत नहीं है। जबकि कुछ का मत यह भी है कि जब महिलाओं को आधी आबादी कहकर सम्बोधित किया जाता है तो उनके लिये आरक्षण भी 33 प्रतिशत क्यों,50 प्रतिशत क्यों नहीं ? और यदि वास्तव में सरकार की नीयत महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर साफ़ है तो परिसीमन व जनगणना जैसे बहानों की ज़रुरत क्या ?



तनवीर जाफ़री

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने वाला बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया है,कई दशकों की प्रतीक्षा के बाद लोकसभा में ऐतिहासिक बहुमत के साथ पारित हो गया। इस विधेयक के समर्थन में 454 मत पड़े जबकि 2 मत इस के विपक्ष में भी पड़े। गोया लगभग पूर्ण बहुमत से इसे संसद ने पारित कर दिया। सदन में महिला आरक्षण विधेयक पारित होते ही सत्ता और विपक्ष दोनों में इसका श्रेय लेने की होड़ मच गयी। कांग्रेस ने इसे अपना बहुप्रतीक्षित विधेयक बताया जबकि संसद के नये भवन में इस पहले विधेयक को पारित कराकर भारतीय जनता पार्टी इसे चुनाव पूर्व का अपना मास्टर स्ट्रोक बता रही है। इस विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा, राज्यों की विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस विधेयक के पारित होने के बावजूद महिलाओं को आरक्षण का लाभ कब से मिलना शुरू होगा इसका किसी को ज्ञान नहीं। केवल क़यास लगाए जा रहे हैं। किस वर्ग की महिलाओं को मिलेगा यह भी पता नहीं है। और कैसे मिलेगा यह भी स्पष्ट नहीं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से पारित हुये इस अधिनियम में संविधान के 128 वें संशोधन में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्र आरक्षण देने का प्रावधान है। हालांकि इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव व 2024 में प्रस्तावित लोकसभा के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना असंभव है। क्योंकि महिला आरक्षण के ड्राफ़्ट के अनुसार इस क़ानून के बनने के बाद होने वाली पहली जनगणना और फिर सीटों के परिसीमन के बाद ही महिलाओं हेतु आरक्षित सीटों का निर्धारण किया जायेगा । जबकि 2010 में यू पी ए के शासनकाल में राज्यसभा में महिला आरक्षण सम्बन्धी जो पिछला विधेयक पारित हुआ था उसमें परिसीमन की शर्त नहीं थी। और भाजपा ने भी उस समय परिसीमन जैसी किसी शर्त के बिना ही उस विधेयक का समर्थन किया था। सवाल यह है कि आज जब भाजपा सरकार महिला आरक्षण को लागू करने के लिए अधिनियम बना रही है तो उसे सबसे पहले परिसीमन से जोड़ने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ? क्या इसी लिये नए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में महिला सीटों के आरक्षण के लिए अनुच्छेद 334 ए जोड़ा गया है। जिसमें कहा गया है महिला आरक्षण के लिए परिसीमन अनिवार्य होगा? माना जा रहा है कि परिसीमन का मक़सद लोकसभा सीटें बढ़ाना भी हो सकता है। ग़ौरतलब है कि 2021 में होने वाली जनगणना भी अभी तक नहीं हुई है। यदि सब कुछ निर्बाध रूप से और बिना किसी टाल मटोल के हुआ तो शायद महिला आरक्षण 2026 से लागू हो सके अन्यथा




अनिश्चितता की सूरत बनी रहेगी। हालांकि सरकार ने यह ज़रूर बता दिया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से लोकसभा में महिलाओं की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी। यह भी बताया गया है कि 15 वर्ष के लिए आरक्षण का प्रावधान है हालांकि संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा।

बहरहाल महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद अनेक विश्लेषकों व राजनीतिज्ञों की तरह तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। कांग्रेस चाहती है कि इसे तत्काल लागू किया जाये। इसे लागू करने के लिए जनगणना या परिसीमन की कोई ज़रुरत नहीं है। जबकि कुछ का मत यह भी है कि जब महिलाओं को आधी आबादी कहकर सम्बोधित किया जाता है तो उनके लिये आरक्षण भी 33 प्रतिशत क्यों,50 प्रतिशत क्यों नहीं? और यदि वास्तव में सरकार की नीयत महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर साफ़ है तो परिसीमन व जनगणना जैसे बहानों की ज़रुरत क्या? जिस तरह भाजपा द्वारा दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में महिलाओं को इकट्ठा कर बाक़ायदा जश्न मनाकर प्रधानमंत्री का महिला आरक्षण अधिनियम के लिये पार्टी की महिलाओं द्वारा धन्यवाद किया गया और उन्हें महिलाओं का इस सदी का सबसे बड़ा नायक व इतिहास पुरुष बताने की कोशिश की गयी उससे कम से कम एक बात तो स्पष्ट है कि बावजूद इसके कि आगामी विधानसभा व लोकसभा किन्हीं भी चुनावों में महिला उम्मीदवारों के लिए इस आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिलेगा परन्तु इसके बावजूद यह भी तय है कि महिला आरक्षण का यह मुद्दा निकट भविष्य के सभी चुनावों में मुख्य मुद्दा बनने वाला है। इसे इसलिये ज़रूर सरकार का मास्टर स्ट्रोक कहा जा सकता है कि सरकार ने आधी आबादी के प्रति अपनी हमदर्दी का सन्देश भी दे दिया और पुरुषों का वर्चस्व भी फ़िलहाल यथावत बना रहने दिया। तो क्या केवल चुनावी लाभ हासिल करने की ग़रज़ से ही यह सारी क़वायद की गयी?

जिस तरह संसद के नये भवन में महिला आरक्षण के रूप में पहला विधेयक पेश किया गया और उसे ऐतिहासिक समर्थन के साथ पूर्ण बहुमत से पारित भी करा लिया गया इससे बेशक यह संकेत तो मिलता है कि सरकार आधी आबादी की हित चिंतक है। परन्तु इन सवालों से भी यही सरकार कैसे बच सकती है कि जब इसी वर्ष 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन किया गया था उस समय देश की महिला राष्ट्रपति को इस भवन के उद्घाटन हेतु क्यों आमंत्रित नहीं किया गया था? जबकि वह उनका अधिकार भी था और यदि वे उद्घाटन करतीं तो राष्ट्रपति के महिला होने के नाते आज अच्छा सन्देश भी जाता? और जब बात नये संसद भवन के उद्घाटन की होती है तो उस दिन को देश इसलिये भी नहीं भूल सकता क्योंकि उसी दिन विश्व में देश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं ने जो एक भाजपा सांसद द्वारा उनका यौन शोषण किये जाने के चलते जंतर मंतर पर धरना दे रही थीं उन्होंने उसी 28 मई को नये संसद भवन के सामने महिला पंचायत आहूत की थी जिसे सरकार ने बलपूर्वक होने नहीं दिया। यहाँ तक कि महिला खिलाड़ियों का तम्बू भी धरना स्थल से उखाड़ फेंका। महिला आरक्षण पर हुई चर्चा के दौरान पंजाब की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी अपने भाषण में जहां देश में महिलाओं की वास्तविक स्थिति बयान करने की कोशिश की वहीं वे यह बताने से भी नहीं चूकीं कि महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोपी भाजपा सांसद इस समय भी लोक सभा में मौजूद है। तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने भी याद दिलाया कि देश के लिये स्वर्ण पदक लेने वाली महिलायें धरने पर थीं जबकि उनका शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी आज संसद में बैठा है? इसी विधेयक पर चर्चा के दौरान कई सांसदों ने मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाये जाने, महिलाओं के प्रति हो रहे राष्ट्रव्यापी अपराध,देश में बढ़ती जा रही बलात्कार की घटनाओं का भी जिक्र किया।

# पूरा आसमान अपना, मगर दो गज जमीन नहीं

आर्थिक रूप से कमज़ोर और रोज़ी रोटी के संकट से जूझ रहे गोपालपुर तरौरा गांव के परिवारों की कहानी तो एक उदाहरण मात्र है। पूरे बिहार में ऐसे बहुत सारे गांव-टोले हैं, जहां के हज़ारों लोग भूमिहीन हैं और रोज़ी रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। अगर कुछ परिवार के पास सर छुपाने के लिए घर भर जमीन है, तो खेती करने के लिए एक छोटा-सा टुकड़ा भी नहीं है। जबकि दूसरी ओर सवर्णों की एक छोटी-सी आबादी के पास जमीन का बहुत बड़ा रकबा आज भी मौजूद है, वहीं इसकी अपेक्षा दलित, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों की तादाद अधिक होने के बावजूद उनके पास ज़मीन का बहुत कम रकबा है।



रिंकु कुमारी

गोपालपुर तरौरा गांव के 45 वर्षीय शिवनंदन पंडित के परिवार में चार से छह लोग रहते हैं। एस्बेस्टस के एक छोटे से मकान में पूरा परिवार किसी तरह गुजर-बसर करता है। जमीन बस मकान भर है। खेतीयोग्य जमीन तो बिल्कुल भी नहीं है। मजदूरी करके हर महीने बमुश्किल 6-7 हजार रुपये कमा लेते हैं। चार बेटे-बेटियां सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। इतने कम पैसे में एक परिवार का गुजारा किस तरह होता होगा, इसकी कल्पना आप कर सकते हैं। घर के अलावा एक टुकड़ा जमीन भी नहीं है, ताकि बेटी की शादी या फिर गंभीर बीमारी की स्थिति में जमीन के उस टुकड़े को बंधक रखकर या बेचकर काम चलाया जा सके। कमोबेश यही स्थिति इस गांव में रहनेवाले सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े अधिकतर परिवारों की है।

राजधानी पटना के बाद बिहार के दूसरे सबसे बड़े शहर कहे जाने वाले मुजफ्फरपुर के मुशहरी प्रखंड स्थित इस गांव के वार्ड नंबर 6 में करीब चार दर्जन परिवार ऐसे हैं, जिनके पास सिर्फ घर भर जमीन है। कृषि योग्य भूमि का अभाव इन परिवारों को बार-बार कचोटता है। शिवनंदन पंडित की तरह ही देवेंद्र दास के पास भी खेती करने के लिए जमीन नहीं है। उनकी स्थिति भी शिवनंदन पंडित की तरह है। देवेंद्र दास का कहना है कि वह आसपास के किसानों की जमीन पर मजदूरी करके पांच-छह हजार किसी तरह कमा लेते हैं, लेकिन इतनी कमाई में क्या होगा? और फिर यह ज़रूरी नहीं कि प्रतिदिन काम भी मिल जाए। इतने कम पैसे में खाना-कपड़ा, दवा का इंतज़ाम करें या बच्चों की अच्छी शिक्षा की चिंता करें? उन्होंने भी अपने बच्चों का नाम गांव के सरकारी स्कूल में लिखवा दिया है।



गांव के ही अशोक पंडित का कहना है कि हम लोगों के पास बाप-दादा के समय से ही जमीन नहीं है। चाक चलाकर और मिट्टी का बर्तन, मूर्ति आदि बनाकर एक कुम्हार आखिर कितना कमा लेगा कि वह जमीन खरीद सके? हमारी बिरादरी के लोग परंपरागत काम करके बस इतनी ही प्रगति कर सके हैं कि उनकी दाल-रोटी चलती रही। इतनी कमाई थी नहीं कि वह ज़मीन खरीद कर पक्के मकान बना सके। अब तो आधुनिक तकनीक के ज़माने में मिट्टी के दीये, मूर्ति, कुल्हड़ और बर्तन आदि का जमाना चला गया। अब तो बाजार में सब कुछ मशीन से तैयार प्लास्टिक के सामान बिक रहे हैं। विकास के नाम पर मशीन ने कुम्हार के हाथों का काम भी छिन लिया है। दूसरी ओर कमाई का कोई दूसरा स्थायी साधन भी नहीं है।

आर्थिक रूप से कमज़ोर और रोज़ी रोटी के संकट से जूझ रहे गोपालपुर तरौरा गांव के परिवारों की कहानी तो एक उदाहरण मात्र है। पूरे बिहार में ऐसे बहुत सारे गांव-टोले हैं, जहां के हजारों लोग भूमिहीन हैं और रोज़ी रोटी के संकट से जूझ रहे हैं। अगर कुछ परिवार के पास सर छुपाने के लिए घर भर जमीन है, तो खेती करने के लिए एक छोटा-सा टुकड़ा भी नहीं है। जबकि दूसरी ओर सवर्णों की एक छोटी-सी आबादी के पास जमीन का बहुत बड़ा रकबा आज भी मौजूद है, वहीं इसकी अपेक्षा दलित, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों की तादाद अधिक होने के बावजूद उनके पास ज़मीन का बहुत कम रकबा है। हजारों अनुसूचित जाति-जनजाति लोगों के पास चटाई बिछाकर सोने लायक भी भूमि नहीं हैं। ऐसे भूमिहीन लोग बिहार में ही नहीं, बल्कि देशभर के विभिन्न राज्यों में भी सड़क के किनारे तंबू लगाकर या फिर खुले आसमान के नीचे परिवार के साथ रात गुजारने को विवश होते हैं।

हालांकि बिहार में भूमिहीनों की हक की लड़ाई को धार देने में और उनकी आवाज़ को बुलंद करने के लिए सूबे के कई जनसंगठन लगातार संघर्षरत रहे हैं। जमींदारों के खिलाफ लड़ाई हो या फिर वास भूमि का पट्टा देने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति, ये संगठन हमेशा इन भूमिहीनों की आवाज बनते रहे हैं। इस संबंध में ग्राम वार्ड निर्माण समिति, बिहार के अध्यक्ष आनंद पटेल कहते हैं कि मुजफ्फरपुर जिला में करीब 80 हजार परिवार आज भी भूमिहीन हैं, जो सड़क, रेलवे प्लेटफॉर्म, रेल की पटरियों के किनारे, तटबंध और ग्रामीण हाट की जमीन के किनारे अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ रात बिताने को मजबूर हैं। भूमिहीनों के लगातार संघर्ष के बाद राज्य सरकार ने मिशन बसेरा शुरू की, लेकिन दबंगों के सरकारी भूमि और भूदान की जमीन पर कब्जा करने के कारण बार बार इसमें अड़चन आ जाती है।

साल 2016 में राज्य सरकार की ओर से जिले के 5972 भूमिहीनों की पहचान कर उन्हें जमीन दी गयी। बहुत सारे लोगों को वास भूमि के लिए पर्चा तो दिया गया, लेकिन जमीन पर अब तक कब्जा नहीं हो पाया है। पूर्व में बिहार सरकार में भूमि एवं राजस्व मंत्री के पद पर रहते हुए रमई राम ने बिहार भूमि सुधार कोर कमिटी का गठन भी किया था। इस काम में तेजी भी आयी थी और ऐसा लग रहा था कि अब बिहार में कोई भी भूमिहीन नहीं रहेगा। लेकिन वोट की राजनीति के कारण भूमिहीनों को मिशन मोड में जमीन देने का सरकारी प्रयास फिलहाल पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि, राज्य सरकार ने इस साल भी बिहार बसेरा अभियान 2023 के तहत भूमिहीन परिवारों को आवास देने का संकल्प दोहराया है। ऐसे में यह देखना होगा कि सरकार का यह संकल्प धरातल पर कितना साकार होता है और भूमिहीनों को कब अपनी ज़मीन नसीब होती है? फिलहाल तो उनके लिए पूरा आसमान अपना है, मगर दो गज़ ज़मीन नहीं। (चरखा फीचर)

# बड़े इमामबाड़े का मास्टर प्लान अलग से बनाएं

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हैरीटेज जोन के अन्तर्गत शहर के प्रमुख इमारतों की प्रगति के संबंध में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में आज मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में हैरीटेज जोन के अन्तर्गत शहर में स्थित प्रमुख इमारतों में फसाड लाइट लगाये जाने की प्रगति के संबंध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण डा इन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) अमित कुमार, एएसआई, स्मार्ट सिटी के अधिकारी आदि उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, शहादत अली खां का मकबरा एवं रुमी दरवाजा का संयुक्त सर्वे 04 अक्टूबर को प्रत्येक दशा में कर लिया जाये। साथ ही उन्होंने बड़े इमामबाड़े का मास्टर प्लान अलग से बनाने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बड़े इमामबाड़े में जो हाई मास्क लाइट लगाई गयी है उसको हटा दिया जाये एवं घंटाघर व छोटा इमामबाड़े के सामने की दुकानों में फसाड लाइटिंग लगाये जाने के सम्बन्ध में तत्काल ड्राफ्ट तैयार कर अन्तिम रुप प्रदान किया जाये। इसमें दुकानों के रंग निर्धारण हेतु स्थानीय लोगों से भी सुझाव प्राप्त कर लिया जाये।

साफ-सफाई आदि सुविधाओं हेतु एक कार्यदायी संस्था का नियामनुसार चयन कर लिया जाये, जिससे हैरीटेज इमारतों के रख-रखाव में सुविधा होगी। कैसरबाग में एएसआई की गाईडलाइन को लागू किया जाये। उन्होंनें ग्लोब पार्क को और विकसित करने यथा अत्याधुनिक बेन्च, लाइट आदि को लगाये जाने के निर्देश भी दिये।

## कार्यो को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराएं : डा रोशन जैकब

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इस अवसर पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, विद्युत, पीडब्लूडी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि सीसी पैनल बिना निरीक्षण के आँन रोड़ कैसे आये, इसकी आकस्मिक रुप से जांच की जाये। उन्होंने कहा कि नगर में यदि जल भराव होता है तो स्मार्ट सिटी का मतलब क्या है। मण्डलायुक्त ने जल निगम के अधिकारियों से जानकारी चाही कि जल निगम द्वारा ऐसे कितने कार्य है, जिससे रोड़ का कार्य बाधित हो रहा है। जो भी कार्य अधूरी है उन्हें अविलम्ब पूरा करने के निर्देश मण्डलायुक्त द्वारा दिए गए। उन्होनें कहा कि धसी हुई है, और कहा अधूरी है। उन्हें अविलम्ब पूरी करायी जाये। उन्होनें निर्देशित किया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराये जा रहे कार्यो के टेंडर करते हुए कार्य प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सीनियर सिटीजन सेंटर के सम्बन्ध में कहा कि निर्धारित समय से पूर्व कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अमीर-उद-दौला लाइब्रेरी, भातखण्डे, दिव्यांग पार्क, फसाड लाइट सहित विभिन्न कार्यो पर विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कराये जा रहे कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# पिछड़े वर्ग के युवाओं को कौशलपरक प्रशिक्षण पर भी दिया जाए जोर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** संचालित योजनाओं के पात्र दिव्यांगजन एवं पिछड़ावर्ग के लोगों को जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर चेक, प्रमाण पत्र या उपकरण वितरित किये जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अलावा अन्य कौशलपरक प्रशिक्षण पर भी जोर दिया जाय। राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने विभागीय अधिकारियों को दिये।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप मंगलवार को विधानसभा नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित शादी अनुदान योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को दिया। शादी अनुदान योजना के तहत आने वाले आवेदनों को समयबद्ध रूप से निस्तारित कर अनुदान की धनराशि पात्र लोगों को भेजने का कार्य किया जाय। उन्होंने पिछड़ा वर्ग युवाओं के लिए संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित मानीटरिंग की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं का डाटा तैयार किया जाय। अधिक से अधिक पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति मिले इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जाय।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है, इसका लाभ अधिक से अधिक से दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। मोबाईल कोर्ट का आयोजन कर दिव्यांगजनों की समस्याओं का निदान किया जाय। निर्माणाधीन समेकित विद्यालय समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं को और बेहतर बनाया जाय, जिससे लोगो को उसका लाभ अधिक से अधिक मिल सके। विभागीय अधिकारियों का वर्कशाप का आयोजन कर अधिकारियों से विभागीय योजनाओं का फीडबैक लिया जाय।

# रोजगार मेले में 2015 लोगो को मिले जॉब ऑफर



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्योग विकास केन्द्र, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तरी ने किया तथा उन्होंने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के रोजगार देने के सपने को साकार करने के कदम की तारीफ की। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगो को रोजगार दिलाने के लिए प्रधानाचार्य एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी के प्रयासो की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कम्पनियों के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों को नौकरी देने के लिए अनुरोध किया तथा संस्थान के समस्त कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# 'ओरिएंटेशन मॉड्यूल ऑन एआई' का शुभारम्भ आज

अवधनामा संवाददाता



■ मदरसा शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में डिजिटल लिट्रेसी, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल कर कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को बढ़ावा मिलेगा

**लखनऊ।** सरकार द्वारा मदरसों के छात्र/छात्राओं को मुख्य धारा से जोड़ने का निरन्तर कार्य किया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य बोर्डो से कदम ताल मिलाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर मदरसा शिक्षा परिषद में एक दूरगामी कदम उठाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में कल यहां इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में पूर्वान्ह 11:00 बजे स्कूलों एवं मदरसों के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विद्यालयों एवं मदरसों के अध्यापकों के अभिमुखीकरण हेतु ''ओरिएंटेशन मॉड्यूल ऑन ए.आई' का शुभारम्भ किया जायेगा, जिससे मदरसों के छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम में डिजिटल लिट्रेसी, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल कर कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को बढ़ावा मिल सकेगा।

यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सारे मदरसों को न्क्वैम्प् से भी जोड़ा गया है। बच्चों का आधार प्रमाणीकरण कराया गया है जिसके फलस्वरूप प्रदेश के 16,513 मदरसों में 13,92,325 छात्र/छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसी क्रम में मदरसों में बेसिक शिक्षा परिषद का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है और आधुनिक विषयों के अध्यापन की व्यवस्था की गयी है। परम्परागत एवं आधुनिक शिक्षा में एकरूपता लाने के उद्देश्य से मदरसों में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकें उपलब्ध करायी जा रही है। अभी तक कुल 1275 मदरसों में कम्प्यूटर दिये जा चुके हैं। 7442 मदरसों में बुक बैंक विज्ञान किट गणित किट दिये जा चुके हैं। इन सभी प्रयासों से निरन्तर शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग की अपर मुख्य सचिव, श्रीमती मोनिका एस गर्ग के नेतृत्व में टीम उपाय ने मदरसों और स्कूलों के अध्यापकों को ।द्य की जानकारी देने के लिए विषय विशेषज्ञों के सहयोग से 22 वीडियो बनाए हैं। द्य की शिक्षा में निवेश आने वाली पीढ़ियों में किया गया निवेश है और इसमें मदरसों के छात्रों को इस नई तकनीक की जानकारी मिलने से वो नई टेक्नोलॉजी का अध्ययन विश्वस्तरीय कॉलेजों में कर पायेंगे। उल्लेखनीय है प्रदेश में कुल 16513 मदरसे हैं, जिसमें 560 राज्यानुदानित एवं 121 मदरसों में मिनी0 आई0 टी0 आई0 संचालित हैं। प्रदेश की सरकार ने मदरसों को मुख्य धारा से जोड़ने और अन्य बोर्डो के समान शिक्षा प्रदान करने के लिए समय-समय पर यथाआवश्यक संशोधन किये हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मदरसों में अध्ययनरत छात्रों के ज्ञान को विस्तारण देना समसामयिक शिक्षा के लिए प्रोत्साहन देना, सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता का विकास करना और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से उप्र अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली 2016 में संशोधन किया गया और शैक्षिक सत्र 2017 से मदरसों में शिक्षण का माध्यम उर्दू के साथ-साथ हिन्दी और अंग्रेजी किया गया।

# यूपी समेत देशभर में हो जातिगत जनगणना : माले

अवधनामा संवाददाता

■ दिल्ली पुलिस के छापे निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता को डराने, चुप कराने की कार्रवाई

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने न्यूज़क्लिक मीडिया पोर्टल से जुड़े पत्रकारों, लेखकों व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के घरों पर मंगलवार सुबह दिल्ली पुलिस व ईडी द्वारा डाले गए छापों और पूछताछ के नाम पर उनमें से कुछ को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता को डराने और असहमति को चुप कराने की अलोकतांत्रिक, फासीवादी कार्रवाई बताया है।

माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज जारी एक बयान में कहा कि मोदी सरकार को आलोचना गंवारा नहीं है। सच्चाई बयां करने, लिखने और सवाल खड़े करने वाले पत्रकार, अपनी कला के माध्यम से उसे अभिव्यक्त करने वाले कलाकार और विरोध को स्वर देने वाले कार्यकर्ता उसे पसंद नहीं हैं। लिहाजा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली दिल्ली पुलिस के ये छापे इसी उद्देश्य से डाले गए हैं।

माले नेता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बीते दिनों के घटनाक्रम से भयभीत है और उसी भय में बदले की कार्यवाही के तौर पर इन पत्रकारों को निशाना बनाया गया है। विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के रूप में संगठित होने, उसके बाद पुरानी पेंशन स्कीम के पक्ष में कर्मचारियों का दिल्ली में भारी संख्या में जुटना और बिहार में जातीय जनगणना के परिणामों की घोषणा, वो कारक हैं, जिसके चलते केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह हताश और बदहवास हो गयी है। राज्य सचिव ने कहा कि सरकार गोदी मीडिया से अलग बची-खुची निष्पक्ष पत्रकारिता का भी गला घोंट देना चाहती है।

# सभी मिलकर एक समृद्धि समाज की ओर कदम बढ़ायें : सुशील श्रीवास्तव

अवधनामा संवाददाता



■ विभिन्न भाषाओं के सहभागी विकास पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** आज, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा राज्य सरकार के 75 दिवसीय 'भारतीय भाषा महोत्सव' के अंतर्गत विभिन्न भाषाओं के सहभागी विकास पर समर्थन और समर्पण की स्थानीय स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य था भाषाओं के माध्यम से सबका साझा विकास करना।

संगोष्ठी में विभिन्न भाषाओं के शिक्षाविदों, विद्यार्थियों, और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिष्ठानुरूप समूहों की भागीदारी देखी गई। इसमें भाषा शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, और भाषाओं के सहभागी विकास के लिए नई पहचानें तथा योजनाएं साझा की गई। कार्यक्रम में शहर विविध विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सुशील श्रीवास्तव ने कहा, यह संगोष्ठी मुझे नए दृष्टिकोण और विचारों से परिपूर्ण करने का अद्वितीय अवसर प्रदान करने का एक सुंदर मौका था। भाषा के माध्यम से हम सभी मिलकर एक समृद्धि से भरपूर समाज की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार श्री केवल प्रसाद जी के अनुसार, भाषाओं के सहभागी विकास में यह संगोष्ठी मेरे लिए एक सीधा संवाद का स्रोत बना। सभी भाषाएं एक दूसरे को समझने में मदद कर सकती हैं और साथ ही आपसी समर्थन का माहौल बना सकती हैं। श्रीमती मंजुला ने कहा, संगोष्ठी ने मेरे लिए एक सांस्कृतिक अद्यतन और भाषा से जुड़े मुद्दों को समझने का मौका प्रदान किया। हमारी भाषाएं हमारी पहचान का हिस्सा होती हैं और इसमें समृद्धि की कुंजी है। श्री विनय दास जी ने कहा, विभिन्न भाषाओं का सहभागी विकास हमें विश्व समृद्धि की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ाने का एक माध्यम प्रदान कर सकता है। एक-दूसरे की भाषाओं का समर्थन करना हमारे समृद्धि के पथ में सहायक हो सकता है। वंदना जी के अनुसार, भाषा न केवल हमारी पहचान है, बल्कि यह हमारी विशेषता है जो हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ती है। इसमें भाषाओं के सहभागी विकास की दिशा में कई नए कार्यों की संभावना है।

# सम्पर्क मार्गो के लिए 8.14 करोड़ धनराशि अवमुक्त

**लखनऊ।** उप्र सरकार द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदों के सम्पर्क मार्गो के 27 चालू कार्यो हेतु रू0 08 करोड़ 14 लाख 46 हजार रूपए की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 27 चालू कार्यो में जनपद कुशीनगर के 08, जौनपुर व प्रयागराज के 05-05, देवरिया के 03, प्रतापगढ़ व बहराइच के 02-02, गोरखपुर व सुल्तानपुर के 01-01 कार्य शामिल हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उप्र शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय किया जाय तथा मार्गो को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ्स शासन को उपलब्ध कराया जाय।

# स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग : न्यायमूर्ति

अवधनामा संवाददाता



■ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महात्मा गांधी के जन्म दिन के अवसर पर प्रदेश में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया

**लखनऊ।** न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व मुख्य संरक्षक, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिन के अवसर पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में स्वच्छता जागरूकता विषय पर व्यापक जन अभियान प्रारम्भ किया गया। इस स्वच्छता जागरूकता अभियान का ई-उद्घाटन व शुभारम्भ न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी, वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कर कमलों द्वारा किया गया।

न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी द्वारा इस अवसर पर अपने विचारों को रखते हुए कहा गया कि इस स्वच्छता अभियान की शुरूआत औपचारिकता मात्र नही है बल्कि यह अपने जीवन में आत्मसाथ करने के लिये है क्योंकि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। शास्त्रों में भी स्वच्छता का विशद वर्णन किया गया है और हमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता का बोध कराया गया है। हमारे शुभ कार्यों के दौरान शांति मंत्र का उच्चारण किया जाता है और यह इतना प्रभावी उपाय है जो जगत के समस्त जीवों, वनस्पतियों और प्रकृति की शांति का आवाहन करता है और सम्पूर्ण विश्व को स्वच्छता, सुरक्षा और जागरूकता का संदेश देता है। आधुनिक भारत में महात्मा गांधी ने वर्ष 1916 में स्वच्छता का उद्घोष किया था। यह अभियान चार चरणों में समझां जा सकता है। प्रथम आंतरिक स्वच्छता के रूप में स्वंय व अपने धर की स्वच्छता, द्वितीय बाहर स्वच्छता के रूप में अपने आसपास के स्थानों एवं समाज की स्वच्छता, तृतीय पर्यावरण की स्वच्छता और चतुर्थ वाणी की स्वच्छता। वाणी की स्वच्छता पर बल देते हुए कहा गया कि हमें अपने कार्य स्थल, सार्वजनिक स्थल और दैनिक जीवन में वाणी की स्वच्छता स्वरूप शालीन व मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिये। उन्होने सभी से इस अभियान में अपने श्रेष्ठतम प्रयास करने का आवाह्न करते हुए सफलता के लिये शुभकामनाये दी।

इस अवसर पर उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित, न्यायमूर्ति सीके राय, न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति सुरेन्द्र सिंह, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र एवं न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल भी उपस्थित रहें। ई-उद्घाटन के अवसर के वर्चुअल मंच पर महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, सम्पूर्ण प्रदेश के जनपद न्यायाधीशगण, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीशगण, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारीगण, भूमि अधिग्रहण न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारीगण, वाणिज्यिक न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिवगण, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, रजिस्ट्री व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह प्रथम सदस्य सचिव, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा रखी। कार्यक्रम के समापन पर कार्यपालक अध्यक्ष, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण तथा अन्य सभी अतिथियो एवं प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# राजधानी में जल क्रीड़ा गतिविधियॉ शुरू की जायेगी : जयवीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक, धार्मिक तथा पुरातात्विक महत्व के कई पर्यटन स्थलों को सजाया एवं संवारा जा रहा है। यहां शहीदपथ के निकट जहां एक ओर शौर्य संग्रहालय का निर्माण शुरू करा दिया गया है। वहीं अगली कड़ी में जल क्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए गोमती के किनारे लक्ष्मण पार्क के समीप 10 करोड़ रूपये की लागत से जल क्रीड़ा संबंधित सभी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। स्वीकृति मिलते ही लखनऊ के पर्यटन में जल क्रीड़ा गतिविधियॉ भी जुड़ जायेगी।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राजधानी में पर्यटकों के लिए विभिन्न आकर्षण के केन्द्र मौजूद हैं। जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में पर्यटक यहां सालभर आते रहते हैं।

# अवैध निर्माण करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा: डीएम

अवधनामा संवाददाता

## एंटी भू माफिया अभियान में ज़िला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई




**लखनऊ।** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा बताया गया कि जनपद में सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने का सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज तहसील सरोजनीनगर के ग्राम तेजकृष्ण खेड़ा, तहसील मलिहाबाद के ग्राम कसमण्डीखुर्द, ग्राम शिवदासपुर व ग्राम टिकरिया व तहसील सदर के ग्राम मलेशेमऊ व काकोरी की सरकारी भूमि जो कि अभिलेखों में नवीन परती, बंजर, ऊसर, चारागाह, तालाब आदि की श्रेणी में अंकित है से अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में उप जिलाधिकारी मलिहाबाद, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर, उप जिलाधिकारी सदर व राजस्व विभाग टीम ने प्रतिभाग किया।

तहसील सदर के गोमतीनगर विस्तार योजनान्तर्गत स्थित ग्राम मलेशेमऊ लखनऊ की भूमि खसरा संख्या-409, 408 जिसका कुल रकबा 0.636हे0 व उसके आस-पास की लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अर्जित भूमि पर किये गये अवैध निर्माण (अतिक्रमण) को राजस्व की टीम व विकास प्राधिकरण की टीम ने जे सी बी द्वारा ध्वस्त किया गया। अवमुक्त कराई गई उक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 80 करोड़ है। उक्त के साथ ही ग्राम काकोरी स्थित तालाब की भूमि जिसका रकबा 0.076हे0 व बाजार मूल्य 20 लाख है पर से भी अवैध कब्जे को हटवाते हुए भूमि को अवमुक्त कराया गया।

तहसील सरोजनीनगर के अन्तर्गत ग्राम तेजकृष्ण खेड़ा में गाटा संख्या 849, 850, 851, 848 जोकि अभिलेखों में शमशान, खाद के गड्ढे व नवीन परती के रूप में दर्ज थी जिसका कुल रकबा 0.449 हे0 और बाजार मूल्य 54 लाख है पर से अवैध कब्जा हटाया गया। इसी प्रकार तहसील मलिहाबाद के ग्राम कसमण्डीखुर्द, ग्राम शिवदासपुर व ग्राम टिकरिया स्थित तालाब, ऊसर की भूमि से अवैध अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर कुल 1.126 हेक्टेयर जिसका बाजार मूल्य 92 लाख 78 हजार है को कब्जामुक्त कराया गया। इस प्रकार राजस्व टीम द्वारा कुल 2.287 हेक्टेयर जमीन पर अवैध निर्माणों को ध्वस्त करते हुए कुल 81 करोड़ 66 लाख 78 हज़ार रुपये मूल्य की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

## छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए समय सीमा निर्धारित

**लखनऊ।** डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेन्ट्रेट, लखनऊ में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के द्वारा जिला स्तरीय दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति स्वीकृति समिति की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सुनीता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सतेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं सोन कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 मे जनपद की शिक्षण संस्थानों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिये गये। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार शिक्षण संस्थानों, छात्र, छात्राओं को मास्टर डाटा अपडेट करने, छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु निर्धारित समय-सारिणी निम्नवत है। पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु छात्रों को आवेदन करने का दिनांक 10 अगस्त से 10 अक्टूबर तक निर्धारित की गयी है।

# यूपीनेडा ने हर घर सोलर अभियान के तहत रूफटाप संयंत्र के बारे में दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप संयन्त्र की आवासीय एवं गैर आवासीय घरों व प्रतिष्ठानों में स्थापना हेतु 02 अक्टूबर को लखनऊ के विकास भवन में 'हर घर सोलर अभियान' के तहत आयोजित पहले बूट कैम्प का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती रिया केजरीवाल द्वारा किया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौजूद लोगों को ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की महत्ता पर बल देते हुए कहा गया कि अधिक से अधिक ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना कराये, इससे प्रदूषण में काफी कमी होती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले अनुदान की भी जानकारी दी। नेडा अभिकरण मुख्यालय के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार जी द्वारा बताया गया कि सोलर रूफटाप संयन्त्र की स्थापना से बिजली के बिलों में काफी कमी आयेगी। उन्होंने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परियोजना अधिकारी यूपीनेडा द्वारा ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा जनपद में ग्रिड कनेक्टेड रूफटाप सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना का क्रियान्वयन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इस संयंत्र की स्थापना से पारम्परिक विद्युत की खपत एंव निजी विद्युत बिल में कमी की जा सकती है। ग्रिड संयोजित रूफटाप सोलर पावर प्लाण्ट संयंत्र नेट मीटरिंग प्रणाली पर आधारित होता है, तथा उत्पादित ऊर्जा का उत्पादन दिन में पारम्परिक ऊर्जा के स्थान पर किया जा सकता है तथा उत्पादित ऊर्जा का उपयोग की गयी ऊर्जा से अधिक होने पर सरप्लस ऊर्जा को ग्रिड में फीड किया जा सकता है।

# के के कॉलेज में नवनिर्वाचित शिक्षक संघ ने ली शपथ

वहाज अली निहाल




**इटावा।** के के पी जी महाविद्यालय में शिक्षक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कूटा संरक्षक एवं एआईफुक्टो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक द्विवेदी, प्राचार्य ब्रह्मानंद कॉलेज, कानपुर मुख्य अतिथि के रूप में व डॉक्टर बृजेश यादव, पूर्व कूटा अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने प्रोफेसर शिवराज सिंह यादव को अध्यक्ष पद व डॉ रविंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, डॉक्टर सुशील वर्मा को मंत्री, डॉ सुरभि सिंह को कोषाध्यक्ष , डॉक्टर सुजीत कुमार व अनुपम कुमार को संयुक्त मंत्री पद की शपथ दिलाई। प्रोफेसर विवेक द्विवेदी ने चुनाव में सफलता व असफलता दोनों को सहज रूप से स्वीकार करने पर जोर देते हुए शिक्षक हितों को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बृजेश सिंह यादव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए एक आदर्श व उत्तम कार्यकाल प्रस्तुत करने की सलाह दी। प्राचार्य के के कालेज प्रो महेंद्र सिंह ने नव निर्वाचित शिक्षक संघ कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि प्राचार्य , शिक्षक एवम कर्मचारी महाविद्यालय की एक चेन होते है जब तीनों एक मन से टीम भावना से काम करते है तभी कालेज अपने उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ता है। नए चुने हुए अध्यक्ष शिक्षक संघ के के कालेज एवम कार्यकारिणी कालेज में सामंजस्य बैठाकर विद्यार्थियो के हितार्थ शोध, एकेडमिक एवम पठन पाठन के लिए एक बेहतर माहौल को तैयार करने में अपना उच्चतम योगदान देगी , ऐसा मैं आशा करता हूं। जिससे जिस प्रकार से अपने स्थापना काल सन 1959 से कालेज जनपद के सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय में से एक रहा है। उसी दिशा में कालेज प्रगति अग्रसर हो सके। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रोफेसर शिवराज सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक हितों के लिए सदैव तैयार रहने पर जोर देते हुये सभी शिक्षक मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कूटा उपाध्यक्ष एवम। अर्थ शास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो पदमा त्रिपाठी ने किया। इससे पूर्व कालेज के प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह एवम वरिष्ठ शिक्षको ने सभी अतिथियों का बुके भेंट, माल्यार्पण एवम अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। चुनाव परिणाम में डा0शिवराज सिंह यादव विजयी अध्यक्ष को 28 वोट मिले व विपक्ष में खड़ी बिन्दु सिंह को मात्र 5 वोटों पर सिमटना पड़ा। भारी बहुमत से शिवराज सिंह यादव विजयी घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी प्रोफेसर उदयवीर सिंह व प्रोफेसर मनोज गुप्ता का पारदर्शिता से चुनाव संपन्न करने के लिए सभी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ओम कुमारी, प्रोफेसर अरुण प्रोफेसर आर एस यादव प्रोफेसर अनिल त्रिपाठी डॉक्टर सुनील सेंगर डॉक्टर चित्रा यादव शाजिया अख्तर अजर बेगम अजय, प्रो. अनिल यादव, डॉ.सनोज यादव, प्रो.पदमा त्रिपाठी, प्रो. राजवीर सिंह, गिरिजा शंकर गुप्ता, सुभाष सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवम कर्मचारियों में मधुसूदन, अवनींद्र मोहन, पवन, आशीष पटेल, विक्रांत, जय सिंह, दीपांशु पटेल आदि उपस्थित रहे।

# रसूल ने अपने अख़लाक से दीन फैलाया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जश्ने ईद मीलादुन्नबी सल्ल.के तहत रसूल अल्लाह और इमाम जाफ़र सादिक अस.की पैदाइश की खुशी में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी की ओर से पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में महफ़िल का आयोजन किया गया। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी ने कहा रसूल अल्लाह ने अपने अखलाक से दीन फैलाया। सूल और आले रसूल न होते तो कुछ भी न होता, अल्लाह ने रसूल व आले रसूल की मोहब्बत में दुनिया बनाई। महात्मा गांधी ने कहा था कि अगर उन्हें कर्बला जैसे 72 लोग मिल जाते तो हिंदुस्तान को एक दिन में आजाद करा लेते। महफ़िल में तसलीम रज़ा ऊधम ने कहा मोहम्मद के वसी हक का वली कहना ही पड़ता है, मगर वक्ते मुश्किल या अली कहना ही पड़ता है। सलीम रज़ा ने कहा लक़ब खुदा से मोहम्मद को लाजवाब मिला, गए जो अर्श पर महबूब का खिताब मिला। तनवीर हसन ने कहा यही वो इस्लाम दीने हक है जहां मुकम्मल निजामे कुदरत, यही रिसालत यही इमामत रसूल आये इमाम आये। अयाज हुसैन बब्लू ने कहा अपने गले लगाकर नबी ने बिलाल को दुनिया से काले गोरे का झगड़ा मिटा दिया। मौलवी ताबिश रिज़वी ने कहा छोड़कर मोहम्मद को आखियत नहीं मिलती, दर बदर भटकने से शहरियत नहीं मिली। सलमान रिज़वी ने कहा नबी के नाम से क्या क्या चमकने लगता है, अज़ान सुनकर सवेरा चमकने लगता है। आसिफ रिज़वी अश्शू, तालिब रिज़वी ने भी कलाम पेश किए। महफ़िल में राहत अक़ील, मो.मियां, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, तहसीन रज़ा, ज़हूर नक़वी, अबरार हुसैन, शादाब हसन, शब्बर अक़ील, सोनू नक़वी, अली साबिर, हसन अब्बास, आले रज़ा नक़वी, परवेज हसनैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# अतुल निगम को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** गाँधी जयन्ती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती व उ0प्र0 अपराध निरोधक समिति के 85 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित समारोह में इटावा के 03 लोगों को समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए माननीय न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, चेयरमैन विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) प्राधिकरण उ0प्र0 संरक्षण समिति पूर्व सचिव उ0प्र0 सरकार आर0एस0वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। अतुल निगम, सचिव जिला अपराध निरोधक समिति इटावा, विकास राजपूत, पब्लिक रिलेशन आफीसर, विनय कुमार, सक्रिय सदस्य द्वारा तत्परता से समाज सेवा में कार्य किये जा रहे है जिसमें गांव के बच्चों को शहर में उच्च शिक्षा दिलायी, उनकी फीस, यूनिफार्म व किताबों आदि दिलवाना, खुद उनको पढ़ाना, शहर गांव में असहाय लोगों को पुलिस व एडमिनिस्ट्रेशन के समक्ष सबूतों को रखकर लोगों की मदद करना और खास तौर पर इटावा के टाप क्रिमिनल्स के खिलाफ सबूतों व तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा कार्यवाही कराना इनका मुख्य कार्य है जिसमें संगठन सचिव कमलापति वर्मा का भी योगदान है।

बताते चलें कि उ0प्र0अपराध निरोधक समिति लखनऊ के मुख्य संरक्षक महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, प्रदेश अध्यक्ष समाज कल्याण मंत्री, चेयरमेन कमलेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष जिलाधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक, उपाध्यक्ष आर0एस0 वर्मा (पूर्व सचिव) प्रान्तीय सचिव संतोष कुमार इनके अलावा सह सचिव इंजी0 एस0आर0 यादव व एडवोकेट उपेन्द्र यादव, एडवोकेट, आलोक यादव, लॉ स्टूडेन्ट लप्पु यादव, महिला संयोजक अनामिका, डा0अनुराग श्रीवासत, अभिनव, अंकुश, करनवीर, अरविन्द, जितेन्द्र एडवोकेट, मधुर यादव सहित सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहता है।

# डिप्टी कलेक्टरों के कार्य क्षेत्र बदले

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने डिप्टी कलेक्टर मयंक गोस्वामी को उप जिलाधिकारी गोवर्धन, डिप्टी कलेक्टर वैभव गुप्ता को उप जिलाधिकारी सदर, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार भास्कर को एसीएम वृंदावन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कंचन गुप्ता को उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर, डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार उप जिलाधिकारी न्यायिक मांट तथा उप जिलाधिकारी गोवर्धन श्रीमती दीपिका मेहर को उप जिलाधिकारी न्यायिक महावन के पद पर किया गया तैनात। तहसीलदार न्यायिक मथुरा पवन कुमार गुप्ता को तहसीलदार मांट, तहसीलदार मांट मनीष कुमार को तहसीलदार गोवर्धन तथा तहसीलदार गोवर्धन अजीत कुमार को तहसीलदार न्यायिक मथुरा के पद पर तैनात किया गया।

# साजिद को व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा

- जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करेगा व्यापार मंडलः आलोक

अवधनामा ब्यूरो


उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में साजिद हुसैन वारसी को जिला उपाध्यक्ष का प्रमाण पत्र देते अध्यक्ष आलोक दीक्षित

**इटावा।** जीएसटी विभाग के जो अधिकारी व कर्मचारी बड़े नगरों को छोड़ अब गांव तथा छोटे कस्बों में दुकान चलाने वाले ऐसे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे है। जिनका टर्नओवर कभी 40 लाख के दायरे को नहीं छू सकता, जबकि सरकार द्वारा 40 लाख तक टर्नओवर वाले व्यापारियों जीएसटी पंजीकरण से बाहर रखा है। सरकारी आदेश को दरकिनार कर अधिकारी अवैध वसूली के लिए दबाव बनाकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश अब ऐसे अधिकारियों के खिलाफ दो दो हाथ करेगा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि किसी भी छोटे कस्बे अथवा गांव में जीएसटी अधिकारी जीएसटी पंजीकरण के लिए दबाव बनाते हैं तो उनको घेर कर बैठाया जाए और बड़े अधिकारी को बुलाकर उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करेंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा नें कहा कि सराफा व्यवसायी किसी अंजान व्यक्ति से कोई सामान न खरीदें, यदि खरीदते भी है तो उस व्यक्ति का आधार कार्ड, फोन नं अवश्य लें, और उस सामान की पूरी कीमत दें, अन्यथा व्यापार मंडल उनकी कोई मदद नहीं कर पायेगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संजय वर्मा ने भी अपने विचार रखे। काजी पैट्रोल पम्प पर आयोजित मीटिंग में पम्प के मालिक मुहम्मद साजिद हुसैन वारसी को व्यापार के जिलाउपाध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा गया। मीटिंग का संचालन जिला महामंत्री रिषी पोरवाल ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, लाइन पार अध्यक्ष योगेश पांडे, शहर कोषाध्यक्ष गौस मुहम्मद, शहर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाकिर भाई, महिला जिलाउपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, जिला सचिव लखन सोनी, युवा शहर अध्यक्ष बल्लू मंसूरी सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाजी जावेद पत्नी व पुत्र के साथ उमरा के लिये रवाना

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला बाबू ज़ई से आज उमरा के मुकद्दस सफर के लिए हाजी मोहम्मद जावेद खां अपनी पत्नी और पुत्र के साथ रवाना हुए। इस दौरान हुए कार्यक्रम में हाफिज व कारी कलामुद्दीन मंज़री ने उमरा के मुकद्दस सफर पर जाने वाले मोहम्मद जावेद खां, उनकी पत्नी हज्जन शबाना और पुत्र मोहम्मद फैजान खान को मुबारकबाद देते हुए कहा कि बड़ी खुशनसीबी की बात है कि अल्लाह ने उनको यह सआदत बख्शी है। उन्होंने कहा कि उमरा करने के दौरान इबादत और तिलावत करते हुए अपने मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए और हिंदुस्तान में रहने वाले लोगों के लिए दुआ जरूर करें। उमरा के सफर पर जाने से पूर्व तमाम रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों ने जावेद अहमद, उनकी पत्नी शबाना और पुत्र फैजान की गुलपोशी कर मुबारकबाद दी और मक्का मुकर्रमा व मदीना मुनव्वरा में खाना ए काबा और सरकार ए दो आलम के रोजे पर हाजिरी के दौरान सभी के लिए दुआओं की गुजारिश की। इस मौके पर हाजी मोहम्मद आबिद खान, कारी कलामुद्दीन मंज़री, मोहम्मद आमिर खान एडवोकेट, मोहम्मद मोहसिन खान, नवाब खान, सैफ खां, इकराम खान, राशिद हुसैन राही, नियाज हसन, मोहम्मद फारूक, रहमान रज़ा, मोहम्मद वसीम, नसीमुद्दीन, मोहम्मद हसीन, डॉ. अब्दुल हसन, मोहम्मद असद आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांधी जी की जयंती पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## हमारी समिति अब तक 6269 लोगों की मदद कर चुकी है: संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित

- 38 युवाओं ने किया रक्तदानः प्रदीप शर्मा

अवधनामा संवाददाता



गांधी जयंती पर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए युवा

**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश रूलर इंडियन डेवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान मे लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से आज 2 अक्टूबर गांधी जी की जयंती पर सुबह 9:00 बजे से बज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा श्रेष्ठ लाइब्रेरी बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित बताया युवा कर रहे हैं अपना रक्त देश के नाम, हमारी समिति राष्ट्रीय पर्वों के साथ समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजित करती रही है 12 सालों में अब 6231 + 38 6269 तक जरूरतमंद लोगों को रक्त से रक्तवीरों के रक्त से जरूरतमंद लोगों की मदद कर चुके हैं। महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने कहा इस रक्तदान शिविर में महिला बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। लाइफ केयर ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने बताया शिविर में प्रत्येक रक्तदाता प्रशस्ति पत्र के साथ सुरक्षा के लिए हेलमेट दिया गया। श्रेष्ठ लाइब्रेरी के निर्देशक दीपक शर्मा ने कहा हमारी लाइब्रेरी सामाजिक कार्यों में अग्रिम भूमिका में रहती है इसलिए आज गांधी जी की जयंती पर के साथ देश के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के संयोजक प्रदीप शर्मा ने कहा आज 38 युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया है उन्होंने सभी रक्तदाताओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में रघुवीर ,बानो,प्रिंस रवि, सिद्धार्थ यादव ,विवेक राणा, पूनम, कविता, सुरेश चौधरी ,निशु के साथ युवाओं ने रक्तदान किया।

# बालिका के साथ बुजुर्ग ने किया रेप

- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी की तलाश शुरू

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** अपनी छोटी बहन के साथ गांव के एक बुजुर्ग के घर पर शाम को दूध लेने गई 11 वर्षीय बालिका के साथ 85 वर्षीय बुजुर्ग ने रेप किया। रेप करने से पहले बुजुर्ग ने चारपाई में बालिका को बांध दिया और इसके बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने बुजुर्ग की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। बालिका का डाक्टरी परीक्षण भी कराया गया है। घटना मरका थाना क्षेत्र के एक गांव की है।

जिले के मरका थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली दो बहने 30 सितंबर की शाम गांव के ही एक बुजुर्ग के घर में दूध लेने गई थी। नौ वर्षीय छोटी बहन घर के बाहर खड़ी थी जबकि 11 वर्षीय बालिका दूध लेने के लिए बुजुर्ग के घर के अंदर गई हुई थी। तभी मौका पाकर पचासी वर्षीय बुजुर्ग ने बालिका को पकड़कर चारपाई में बांध दिया और इसके बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बुजुर्ग के चंगुल से छूटी बलिका अपने छोटी बहन के साथ घर पहुंच कर घटना की जानकारी अपने दादा को दी। दादा ने बालिका को ले जाकर थाने में पेश किया, जिसने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। जिसके आधार पर पुलिस ने जनक उर्फ कृष्ण बिहारी त्रिपाठी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया है।

बताया जा रहा है कि बालिका की मां अपने मायके में रह रही है जबकि पिता मानसिक रोगी है। इस वजह से दोनों बालिकाएं अपने दादा के साथ घर पर रहती हैं।

# बांदा प्रेस क्लब की नरैनी इकाई के शपथग्रहण के साथ बढ़ा कुनबा

- अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा जी ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ
- मुख्य अतिथि डा. अग्निहोत्री ने दिलाई एकता की शपथ

अवधनामा संवाददाता




**बांदा।** बांदा प्रेस क्लब का कुनबा दिनों दिन बढ़ रहा है और अभी तक यह किसी भी जिले में पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन बनकर उभरा है। और इसका श्रेय बांदा प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा जी को जाता है, जिनके नेतृत्व में बांदा प्रेस क्लब सफलता के नये कीर्तिमानों को स्थापित कर रहा है।ष् यह बात रविवार को नरैनी में आयोजित शपथग्रहण समारोह में प्रेस क्लब के संरक्षक डा. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही।

दरअसल नरैनी के पुकारी गांव के प्राथमिक विद्यालय में बांदा प्रेस क्लब की नरैनी तहसील इकाई के पदाधिकारियों का शपथग्रहण का अवसर था, जिसमें बांदा प्रेस क्लब की मुख्य कार्यकारिणी के साथ जनपद की सभी तहसीलों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री एवं अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा जी के साथ महामंत्री सचिन चतुर्वेदी आदि पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा ने नरैनी तहसील इकाई के अध्यक्ष मंजुल मयंक शुक्ला सहित महामंत्री संतोष कुमार सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फाज़िल शेख, संयुक्त सचिव सुशील कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर त्रिपाठी, सचिव रमाकान्त तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य हरिप्रसाद विश्वकर्मा, राजकुमार द्विवेदी, रामयश द्विवेदी, सीताराम पटेल, हरिशंकर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, एवं उनसे यह वादा लिया कि वे सभी बांदा प्रेस क्लब की प्रतिष्ठा को ऊंचाई पर ले जाने में अपना सम्पूर्ण सहयोग करें। बांदा प्रेस क्लब के महामंत्री सचिन चतुर्वेदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ये पद किसी को प्रभावित करने का साधन न बने, बल्कि समाज की सेवा करने के साथ-साथ पत्रकारों को एक करने में अपनी महती भूमिका के निर्वाह का साधन बने, तभी उस पद की गरिमा बनेगी। नरैनी तहसील के संरक्षक विनय निगम ने भी पत्रकार एकता पर जोर देते हुए बताया कि बांदा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब पत्रकारों का कोई संगठन इतना विशाल हुआ। इसमें निश्चित रूप से सभी सकारात्मक सदस्यों का सहयोग रहा है, जिन्होंने आपसी एकता को महत्वपूर्ण समझा। संरक्षक कमल सिंह ने पत्रकार एकता पर शेर-ओ-शायरी व कविताओं के माध्यम से उपस्थित लोगों को संदेश देने की कोशिश की कि जोश भरपूर हो और सकारात्मकता हो तो पत्रकारिता नये सोपानों का निर्माण करती है।

# रामवीर सहित एडीओ और पंचायत सचिव विकास रत्न से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

- ऑनलाइन जन सेवाओं को देने में उत्कृष्ट पंचायत सहायक हुए पुरस्कृत

**मथुरा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा के सभागार में स्वच्छता प्रश्नोत्तरी का आयोजन पंचायत राज विभाग द्वारा किया गया। राजेश चौधरी विधायक मांट, पूरन प्रकाश विधायक बलदेव, जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह,मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ,सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सभी विकास खंड से स्वच्छता प्रश्नोत्तरी विजेताओं की प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर महेश द्वितीय स्थान पर कृष्णकांत एवं तृतीय स्थान जय किशोर ने प्राप्त किया। 500 से अधिक संख्या में उपस्थित सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विधायक मांट राजेश चौधरी ने कहा कि सफाई कर्मचारी वह व्यक्ति हैं जिनके चरण धोने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं, सफाई कर्मचारियों ने समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पूरन प्रकाश ने सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति अत्यंत सजग तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सफाई कार्य देश की सबसे बड़ी सेवा है एवं सबसे बड़ा धर्म है। सभी कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्य को पूरा कर समाज को स्वस्थ बनाने में मदद करें। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सफाई कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का मुख्य अभिकर्ता बताया। सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने जनपद में सफाई कर्मचारियों की भूमिका की प्रशंसा की।

# आवासीय घरों में चलाए जा रहे अस्पताल और जांच सेंटर

अवधनामा संवाददाता

- आवास विकास की महिलाओं ने छेड़ा अभियान, डीएम से करेंगी शिकायत
- आवास विकास परिषद की नोटिसें जारी होने के बावजूद कोई प्रभाव नहीं

**बांदा।** आवास विकास इलाके में आवासीय घरों में अस्पताल और जांच सेंटर चलाए जा रहे हैं। इस मामले की शिकायत पूर्व में जिलाधिकारी से की गई। आवास विकास परिषद की नोटिसें भी दी गई, लेकिन संचालकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उल्टे यह कहा जा रहा है कि शिकायतें करने से कुछ होने वाला नहीं है। आवास विकास की महिलाओं ने अस्पताल और जांच सेंटरों को हटाने के लिए अभियान छेड़ रखा है। उनका कहना है कि जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की जाएगी। आवास विकास को साफ सुथरा रखने और अस्पताल व जांच सेंटर हटवाने के लिए महिलाओं ने अभियान छेड़ रखा है। पूरा आवास विकास इन अस्पताल, पैथालॉजियों से त्रस्त है। लगातार आवास विकास परिषद की नोटिसें जारी होने के बाद भी इन लोगों के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। अगर मुहल्ले के लोग इनसे जाम व गंदगी की शिकायत करने जाते हैं तो इनके संचालक व कर्मचारियों का जवाब होता है खूब तो शिकायतें की हैं, हमारा कुछ नहीं हुआ और न ही कुछ होने वाला है। कुल मिलाकर यह सभी संचालक बेखौफ होकर आवासीय घरों में अस्पताल व जांच सेंटर चला रहे हैं। आवास विकास निवासी समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले ने बताया कि इन संचालकें को सत्ता पक्ष का संरक्षण है। आवास विकास परिषद से जब भी कोई कार्रवाई होती है तो माननीय आड़े आ जाते हैं। सोमवार को आवास विकास की महिलाओं शोभा सिंह, भावना श्रीवास्तव, सविती गुप्ता, शारदा सिंह, मनोरमा सिंह, काबुली विश्वास, चंदनिया, पूनम द्विवेदी आदि महिलाओं ने बताया कि अगर इनको जल्द यहां से नहीं हटाया जाता तो वह जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए अस्पतला और जांच सेंटर हटवाए जाने की मांग करेंगे।

# जयंती पर केएम विश्वविद्यालय में गांधी-शास्त्रीजी को किया गया याद

अवधनामा संवाददाता

- गांधीजी की शिक्षा और विचार आज संपूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय है : किशन चौधरी
- देश की दोनों महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाल छात्र-छात्राओं के किया गया प्रेरित

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 154 वीं जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की 119 वीं जयंती मनाई। इस दौरान केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, उपकुलपति डा. डीडी गुप्ता, कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पट पर माल्यार्पण कर राम धुन का पाठ कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कुलाधिपति ने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं से कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी देश के ऐसे महान विभूति रहे है जिनके कारण हमें आजादी मिली है। गांधीजी का जीवन दर्शन आज की युवा पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है गांधीजी का भारत का सपना आज के युवा ही पूरा कर सकते है। गांधीजी की शिक्षा और विचार आज संपूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय है। सभी छात्र-छात्राओं को उनके सिद्धांतों पर चलना चाहिए।

केएम विश्वविद्यालय के लेक्चर थिएटर में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्रीजी जयंती मनाई गई। इस दौरान दोनों महान विभूतियों के चित्र पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, उपकुलपति, रजिस्टार ने माला व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा. डीडी गुप्ता ने कहा देश की बहुसंख्यक आबादी की तरक्की के लिए शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया ।हमे अपने महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए। उन्होने कहा कि ईमानदारी से किए गए कार्यो के परिणाम सदैव अच्छे आते है।

केएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पूरन सिंह द्वारा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन-संघर्ष, उनकी देश सेवा उनके जीवन मूल्यो पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को अहिंसा की शपथ दिलाई गई उन्होंने कहा देश की आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने अपने बैरिस्टर जैसे महत्वपूर्ण पद को त्याग कर देश की आजादी की जंग को अपने मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गांधीजी के जीवन से हमें सीख लेने की आवश्यकता है मेडिकल प्राचार्य डॉक्टर पीएन भिषे ने कहां बापू ना केवल भारत की स्वतंत्रता के अग्रदूत थे बल्कि उनका पूरा जीवन हमारे लिए एक प्रेरणा है सत्य के साथ उनके प्रयोग आज भी प्रासंगिक है विश्वविद्यालय की मैनेजमेंट संरक्षक देवी प्रसाद मोहन ने कहा दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं दोनों ने हमें यह सिखाया कि अपने अंदर व्याप्त बुरारियों को दृढ़ शक्ति से नियंत्रित किया जा सकता है कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी उपकुलपति डॉक्टर डीडी गुप्ता, उप सचिव पूरन सिंह, एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर आरपी गुप्ता एचआर मैनेजर सुनील धर्मराज के अलावा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सामने सेमीफाइनल में कोरिया के रूप में पहली कड़ी चुनौती

भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सामने बुधवार को एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जैसी खतरनाक टीम के रूप में पहली कड़ी चुनौती होगी। पूल चरण में आसान मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज करने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सामने बुधवार को एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जैसी खतरनाक टीम के रूप में पहली कड़ी चुनौती होगी। खिताब की प्रबल दावेदार दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय टीम ने पूल चरण में पांच मैचों में 58 गोल किये और सिर्फ पांच गोल गंवाये हैं।

पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने के इरादे से उतरी हरमनप्रीत सिंह की टीम ने उजबेकिस्तान को 16.0 से, सिंगापुर को 16.1, पाकिस्तान को 10.2, गत चैम्पियन जापान को 4.2 और बांग्लादेश को 12.0 से हराया। पिछली बार 2018 एशियाई खेलों में भी भारत की स्थिति समान थी लेकिन सेमीफाइनल में मलेशिया ने उसे शूटआउट में 7.6 से हरा दिया था।



भारत ने आखिरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण 2014 में इंचियोन में जीता था जबकि कोरया ने आखिरी बार दोहा में 2006 में खिताब हासिल किया था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार शुरूआत की है जिससे आत्मविश्वास काफी बढा है। हम सकारात्मक सोच के साथ सेमीफाइनल में उतरेंगे। उन्होंने कहा लेकिन हमें सावधान रहना होगा कि विरोधी टीम को हलके में नहीं लें और पूरी तैयारी के साथ उतरें।

अब तक 12 गोल कर चुके हरमनप्रीत खुद जबर्दस्त फॉर्म में हैं। शुरूआत में भारत को पेनल्टी कॉर्नर में दिक्कत आई लेकिन अब हरमनप्रीत, वरूण कुमार और अमित रोहिदास ने फॉर्म हासिल कर लिया है। भारत के लिये मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और अभिषेक ने फील्ड गोल भी दागे हैं। अभिषेक ने सभी मैचों में प्रभावित किया है। ओलंपिक पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और नीलाकांता शर्मा भी प्रभावी रहे हैं।

कोच क्रेग फुल्टोन को हालांकि चिंता इस बात की होगी कि अभी तक के मैचों में उनकी रक्षापंक्ति का कठिन टेस्ट नहीं हुआ है। जापान के खिलाफ मैच को छोड़कर भारतीय रक्षापंक्ति को कोई चुनौती नहीं मिल सकी है। पूल चरण में भारतीय गोलकीपर पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक दर्शक बने रहे। हरमनप्रीत ने कहा,हमें पता है कि कोरिया की ताकत क्या है और डिफेंस में वे क्या कर सकते हैं।

हमारे पास भी मजबूत टीम है और हमें उन्हें हावी होने का कोई मौका नहीं देना है। इस साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत ने कोरिया को 3.2 से हराया। पिछले साल एशिया कप में दोनों का मैच 4.4 से ड्रॉ रहा था।

# लवलीना को पेरिस ओलंपिक का कोटा, प्रीति ने कांस्य जीता

एशियाई खेलों में फाइनल में पहुंचकर विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन 75 किलो ने ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया जबकि युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार को 54 किलो सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन 75 किलो ने एशियाई खेलों में फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया जबकि युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार को 54 किलो सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया।



लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाये। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5.0 से हराया। पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाये लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रामकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की।

# एशियन गेम्स 2023 : भारत को पुरूषों की केनो, युगल 1000 मीटर में ऐतिहासिक कांस्य

एशियाई खेलों में पुरूषों की केनो, 1000 मीटर युगल स्पर्धा में अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सालाम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता जो 1994 के बाद इस खेल में भारत का पहला पदक है।

अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सालाम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरूषों की केनो, 1000 मीटर युगल स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता जो 1994 के बाद इस खेल में भारत का पहला पदक है। भारतीय जोड़ी ने 3:53.329 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों के इतिहास में केनो, में भारत का यह दूसरा ही पदक है।

भारत के सिजि सदानंदन और जॉनी रोमेल ने इससे पहले 1994 में हिरोशिमा खेलों में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उजबेकिस्तान के शोखमुरोद खोलमुरादोव और नूरिस्लोम तुखतासिन ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान के तिमोफे येमेलयानोव और सर्जेइ येमेलियानोव को रजत पदक मिला।



मणिपुर के बिष्णुपुर के रहने वाले 24 वर्ष के सुनील दूसरी बार एशियाई खेलों में उतरे हैं। वहीं 16 वर्ष के अर्जुन उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले हैं लेकिन अब उत्तराखंड के रूड़की में रहते हैं। सुनील ने कहा हम पिछली बार भी इस स्पर्धा में पदक जीत सकते थे लेकिन प्रतिस्पर्धा के दिन मेरे जोड़ीदार के बीमार हो जाने से यह नहीं हो सका।

अर्जुन ने कहा अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। मेरी मां बहुत खुश होगी। दोनों भोपाल में मुख्य कोच पीजूष बारोइ के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

# वर्मा और देवताले फाइनल में, तीरंदाजी में भारत के तीन पदक पक्के

इससे पहले चौथी वरीयता प्राप्त अदिति ने 15 तीरों में से सिर्फ एक अंक गंवाकर फिलीपींस की अमाया अम्पारो कोजुआंको को 149.146 से हराया। वहीं विश्व कप पदक विजेता ज्योति ने नौवीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एडेल जेशेन्बिनोवा को 147.14 इससे पहले चौथी वरीयता प्राप्त अदिति ने 15 तीरों में से सिर्फएक अंक गंवाकर फिलीपींस की अमाया अम्पारो कोजुआंको को 149.146 से हराया। वहीं विश्व कप पदक विजेता ज्योति ने नौवीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एडेल जेशेन्बिनोवा को 147.144 से मात दी। 4 से मात दी।

मौजूदा विश्व चैम्पियन ओजस देवताले ने परफेक्ट 150 स्कोर करके एशियाई खेलों में पुरूषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा जिससे भारत का स्वर्ण और रजत पदक पक्का हो गया।

वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अपने सारे अनुभव का इस्तेमाल करके हमवतन अदिति स्वामी को हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के तीरंदाजी में तीन पदक पक्के हो गए हैं और सात अन्य स्पर्धाओं में भारतीय पदक की दौड़ में हैं। बर्लिन में दो महीने पहले सीनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाले देवताले ने दक्षिण कोरिया के सातवीं वरीयता प्राप्त यांग जाएवोन को 150.146 से हराया। उन्होंने 15 तीर पर परफेक्ट 150 स्कोर किया। वहीं वर्मा ने दक्षिण कोरिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जू जाएहून को 147.145 से मात दी।

महिला वर्ग में चार दौर के बाद एक अंक से आगे चल रही सीनियर विश्व चैम्पियन 17 वर्ष की अदिति की लय टूटी और ज्योति ने 149.146 से जीत



दर्ज की।ज्योति को अपना आदर्श मानने वाली अदिति ने अगस्त में बर्लिन में सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में उसे 149.145 से हराया था। पहले छह तीर पर दोनों ने 60.60 स्कोर किया लेकिन तीसरे दौर में ज्योति की लय टूटी। अदिति दस का स्कोर बनाती रही लेकिन आखिरी दौर में चूकने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। अब वह कांस्य पदक के लिये खेलेगी जबकि तीसरी बार एशियाई खेलों में उतरी ज्योति की नजरें पहले स्वर्ण पर लगी होंगी। ज्योति ने 2018 में रजत और 2014 में कांस्य पदक जीता था।

इससे पहले चौथी वरीयता प्राप्त अदिति ने 15 तीरों में से सिर्फएक अंक गंवाकर फिलीपींस की अमाया अम्पारो कोजुआंको को 149.146 से हराया। वहीं विश्व कप पदक विजेता ज्योति ने नौवीं वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एडेल जेशेन्बिनोवा को 147.144 से मात दी। पुरूष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में 2014 के रजत पदक विजेता वर्मा ने कजाखस्तान के आंद्रे टी को हराया। स्कोर 147.147 से बराबर रहने के बाद इनर 10 अधिक लगाने के कारण वर्मा को विजयी घोषित किया गया। वहीं देवताले ने 150 में से 150 स्कोर करके कजाखस्तान के अकबरअली कारबायेव को हराया।

# गदर-2 के पठान का रिकॉर्ड तोड़ते ही खुशी से झूम उठे निर्देशक, सनी देओल संग अगली फिल्म को लेकर दिया हिंट

सनी देओल के लिए साल 2023 काफी अच्छा साबित हुआ। 22 साल के बाद वह अपनी फिल्म गदर एक प्रेम कथा के सीक्वल के साथ लौटे। जैसे ही 11 अगस्त को ये फिल्म सिनेमाघरों में लगी फैंस ने भी तारा सिंह के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा दिए। बॉक्स ऑफिस पर तो सनी देओल की फिल्म ने सच में गदर ही मचा दिया। कुछ दिनों पहले ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर श्गदर 2ने शाह रुख खान की पठान का रिकॉर्ड ब्रेक किया है।

अब हाल ही पठान का रिकॉर्ड ब्रेक होने के बाद निर्देशक अनिल शर्मा ने अपनी खुशी व्यक्त की है। इसके साथ ही उन्होंने सनी देओल संग अपनी अगली फिल्म पर भी बात की। गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा ने हाल ही में बॉलीवुड लाइफ से



खास बातचीत करते हुए गदर-2 द्वारा पठान का रिकॉर्ड तोड़ने पर अपनी खुशी व्यक्त की है। उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बॉक्स ऑफिस के आंकड़े किसी भी फिल्ममेकर के लिए ट्रिगर होता है। इसके अलावा उन्होंने गदर-2 एक्टर सनी देओल संग दोबारा काम करने पर भी एक छोटी सी हिंट फैंस को दी। निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, सनी देओल मेरे लिए अब परिवार की तरह हैं और हम जब चाहें तब साथ में काम कर सकते हैं। मेरे उनके साथ दोबारा फिल्म बनाने का प्लान चल रहा है। पाकिस्तानी दर्शकों को श्गदर 2नापसंद आने पर निर्देशक ने कही ये बात आपको बता दें कि सनी देओल की गदर-2 जब फिल्मी पर्दे पर रिलीज हुई थी, तो उस दौरान पाकिस्तानी ऑडियंस ने उनकी ऐसी हालत दिखाने पर नाराजगी जाहिर की थी। जिस पर अब सनी देओल के बाद अनिल शर्मा ने भी अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने बातचीत में सीधे तौर पर कहा कि वह फिल्में सिर्फ अपने दर्शकों के मनोरंजन को ध्यान में रखकर बनाते हैं। वह किसी को सिखाने के लिए फिल्में नहीं बना रहे हैं। आपको बता दें कि सनी देओल और अमीषा पटेल 22 साल बाद तारा सिंह और सकीना बनकर बड़े परदे पर लौटे थे। इस फिल्म की रिलीज को 53 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब भी कई थिएटर में इसके शोज लगे हुए हैं।

# रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव में दिखा गदर 2-जवान जैसा एक्शन, ट्रेलर रिलीज

**साउथ सिनेमा के दिग्गज कलाकार रवि तेजा की अगली फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का हर कोई बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। टाइगर नागेश्वर राव का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया जिसे देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। खास बात ये है कि रवि तेजा की ये पहली पैन इंडिया फिल्म है।**

साउथ सिनेमा के दिग्गज कलाकारों के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें रवि तेजा का नाम जरूर शामिल होगा। रवि की अपकमिंग फिल्म का नाम टाइगर नागेश्वर राव है। इस फिल्म को लेकर काफी समय चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है।

इस बीच रवि तेजा की पहली पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का ट्रेलर सामने आने के




बाद फैंस की एक्साइटमेंट इस मूवी के लिए काफी बढ़ गई है।

कुछ समय पहले टाइगर नागेश्वर राव का पोस्टर मेकर्स की ओर से रिलीज किए गएए जिनको देखने के बाद फैंस रवि तेजा की फर्स्ट पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के लिए उत्सुक हो गए। इस बीच अब मंगलवार को रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव का शानदार ट्रेलर मेकर्स की ओर से रिलीज कर दिया है।

हिंदी वर्जन में फिल्म के इस ट्रेलर को फैंस के सामने पेश किया गया है। टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर देखने के बाद ये अनुमान आसानी से लगा सकते हैं कि एक्शन इस मूवी में कूट-कूट कर भरा है। निर्देशक वामसी कृष्णा नायडू. वामसी कृष्णा अकेल्ला के निर्देशन में बनी टाइगर नागेश्वर राव के इस ट्रेलर ने फैंस के दिल को जीत लिया है और रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर इस ट्रेलर की जमकर तारीफ की जा रही है।

ट्रेलर सामने आने के बाद अब फैंस रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव की रिलीज का इंतजार कर रहा है। मालूम हो कि आने वाले दशहरा के मौके पर टाइगर नागेश्वर राव सिनेमाघरों में 20 अक्टूबर को रिलीज की जाएगी। इस मूवी का आनंद फैंस हिंदी, मलयालम, तेलूगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में उठा सकते हैं। बता दें कि मुंबई में इस मूवी के ट्रेलर लॉन्च को लेकर एक ग्रैंड इवेंट रखा गया, जिसमें रवि तेजा सहित फिल्म की अन्य स्टारकास्ट भी मौजूद रही।

# रोहित शेटटी को मिला केकेके 13 का विनर, सबसे मजबूत कंटेस्टेंट ने उठाई ट्रॉफी?

रोहित शेट्टी का शो खतरों के खिलाड़ी 13 की शुरुआत 14 कंटेस्टेंट्स के साथ हुई थी। हफ्तों की मेहनत के बाद कुछ खिलाड़ी फिनाले की रेस में शामिल हुए हो गए हैं। वहीं हाल ही में कुछ कंटेस्टेंट्स ने टिकट टू फिनाले भी अपने नाम किया। इस लिस्ट में ऐश्वर्या शर्मा पहली खिलाड़ी रही जो पहली फाइनालिस्ट बनी।

खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 के विनर को लेकर चर्चा जोरों पर हैं। हाल ही में मुंबई में शो का ग्रैंड फिनाले हुआ। जहां शो के सभी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अब केकेके 13 के विनर को लेकर जानकारी आई है। खतरों के खिलाड़ी 13 की शुरुआत 14 कंटेस्टेंट्स के साथ हुई थी। इनमें टीवी, फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से सेलेब्स ने हिस्सा लिया। सभी ने आगे बढ़ने के लिए अपना जान लगा दी, लेकिन फिनाले तक सिर्फ तीन कंटेस्टेंट ही पहुंच पाए। बीते दिन इनमें से किसी एक ने विनर की ट्रॉफी अपने नाम भी कर ली है।

खतरों के खिलाड़ी 13 के ग्रैंड फिनाले में लगभग सभी 14 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन्होंने मीडिया से बात भी की, लेकिन किसी ने विनर के नाम का खुलासा नहीं किया। वहीं, अब खतरों के खिलाड़ी 13 से जुड़ी अपडेट शेयर करने वाले एक फैन पेज ने शो के विनर के नाम का खुलासा कर दिया है। खतरों के खिलाड़ी 13 को लेकर सामने आई जानकारी के अनुसार, अर्जित तनेजा, डिनो जेम्स और ऐश्वर्या शर्मा शो के टॉप 3 फाइनलिस्ट बने। इन्होंने विनर बनने के लिए फिनाले में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन विजेता डिनो जेम्स बने और उन्होंने ट्रॉफी पर अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। हालांकि, कर्स या कंटेस्टेंट की तरफ से अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



खतरों के खिलाड़ी 13 के फैन पेज ने दावा किया है कि डिनो जेम्स के विनर बनने की खबर रिपोर्टर्स ने दी है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का आना बाकी है। बता दें कि डिनो जेम्स, खतरों के खिलाड़ी 13 के मजबूत कंटेस्टेंट रहे हैं। उन्होंने शो में हर उस टास्क को किया, जो उनके सामने आया। फिर चाहे वो कितना भी डेनजर्स क्यों न रहा हो। अगर डिनो जेम्स , खतरों के खिलाड़ी 13 के विनर बन भी जाते हैं, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी, क्योंकि वो अब तक अपनी दावेदारी साबित करते आए हैं।

# प्रभास को एयरपोर्ट पर फोटो खिंचवाने के बाद फैन ने जड़ा थप्पड़

मशहूर अदाकारा श्रीदेवी का 24 फरवरी 2018 को दुबई में निधन हो गया। अभिनेत्री एक पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिए दुबई में थीं और अपने होटल के कमरे के बाथटब में मृत पाई गई। उस समय उनकी मृत्यु का कारण दुर्घटनावश डूबना था। हालाँकि, मीडिया और इंटरनेट पर कई षडयंत्र सिद्धांत तैरते रहे। बोनी कपूर, जिन्होंने पहले श्रीदेवी की मौत के बारे में बात नहीं की थी, ने हाल ही में इस घटना के बारे में खुलकर बात की और कुछ चौंकाने वाली जानकारी साझा की।

बॉलीवुड ठिकाना के साथ एक साक्षात्कार में, पहलाज ने कहा कि गोविंदा के साथ उनका समीकरण तब और प्रभावित हुआ जब अभिनेता ने उनके खिलाफ बॉलीवुड साजिश के बारे में श्रोना-धोना शुरू कर दिया और फिल्म की रिलीज से ठीक पहले सलमान खान और शाहरुख खान



जैसे लोगों का नाम लिया। फिल्म रंगीला राजा, जिसे पहलाज ने प्रोड्यूस किया था। पहलाज ने फिल्म की विफलता के लिए गोविंदा की टिप्पणियों को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि अभिनेता द्वारा किए गए विवाद के कारण वितरकों ने शो रद्द कर दिए।

बॉलीवुड ठिकाना के साथ एक साक्षात्कार में, पहलाज ने कहा कि गोविंदा के साथ उनका समीकरण तब और प्रभावित हुआ जब अभिनेता ने उनके खिलाफ बॉलीवुड साजिश के बारे में श्रोना-धोना शुरू कर दिया और फिल्म की रिलीज से ठीक पहले सलमान खान और शाहरुख खान जैसे लोगों का नाम लिया। फिल्म रंगीला राजा, जिसे पहलाज ने प्रोड्यूस किया था। पहलाज ने फिल्म की विफलता के लिए गोविंदा की टिप्पणियों को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि अभिनेता द्वारा किए गए विवाद के कारण वितरकों ने शो रद्द कर दिए।

# महंगे क्रूड से रुपये की वैल्यू घटने का अंदेशा

## इससे इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, खाद्य तेल, दाल सबका आयात महंगा होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल का दाम धीरे-धीरे बढ़ते हुए 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। इसकी अलग-अलग किस्मों को मिलाकर बनने वाला भारतीय बास्केट क्रूड पिछले महीने 97 डॉलर को पार कर गया। दूसरी तरफ, चालू खाते के घाटे में दो तिमाही में सात गुना की वृद्धि हुई है। इसका एक बड़ा कारण महंगा कच्चा तेल है क्योंकि कुल आयात में लगभग एक-चौथाई हिस्सा इसी का होता है। हाल के महीनों में क्रूड आयात की मात्रा कम हुई है, लेकिन दाम अधिक होने के कारण भुगतान ज्यादा करना पड़ा है। सोने के आयात में भी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यूरोप और चीन में आर्थिक सुस्ती के कारण फैक्टरी में बनी वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आई है। इससे भी चालू खाते




का घाटा बढ़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थिति में रुपये पर दबाव बढ़ेगा और डॉलर की तुलना में इसकी कीमत 84 तक जा सकती है। इस दुष्चक्र के कारण कच्चे तेल के अलावा इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, सेमीकंडक्टर, खाद्य तेल, दाल समेत सभी चीजों का आयात और महंगा हो सकता है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के अनुसार इंडियन बास्केट क्रूड की कीमत 28 सितंबर को 97.03 प्रति बैरल पहुंच गई थी। हालांकि 2 अक्टूबर को यह घटकर 93.46 डॉलर पर आ गई। अप्रैल में इसकी औसत कीमत 83.76 डॉलर, मई में 74.98 डॉलर, जून में 74.93 डॉलर, जुलाई में 80.37 डॉलर, अगस्त में 86.43 डॉलर और सितंबर में औसत कीमत 93.54 डॉलर प्रति बैरल थी। दाम बढ़ने के कारण आयात की मात्रा कम होने के बावजूद भुगतान अधिक करना पड़ा है। क्रूड आयात के बदले अप्रैल में 10.85 अरब डॉलर, मई में 10.61 अरब डॉलर, जून में 10.02 अरब डॉलर, जुलाई में 10.33 अरब डॉलर और अगस्त में 10.88 अरब डॉलर का भुगतान करना पड़ा। त्योहारों का सीजन शुरू होने के कारण अक्टूबर-दिसंबर के दौरान कच्चे तेल की मांग बढ़ने के ही आसार हैं।

दूसरी तरफ, रिजर्व बैंक के अनुसार भारत का चालू खाते का घाटा (करंट अकाउंट डेफिसिट) अप्रैल-जून तिमाही में 9.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 1.1त्न पर पहुंच गया। उससे पहले की तिमाही में यह सिर्फ 1.3 अरब डॉलर था जो जीडीपी का 0.2त्न था। सितंबर तिमाही में इसके और बढ़ने के आसार हैं। चालू खाते के घाटे में बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण व्यापार घाटे का बढ़ना है। एक तरफ कच्चे तेल का भुगतान बढ़ा है तो दूसरी तरफ पश्चिमी देशों और चीन में मांग कम होने की वजह से भारत से मर्चेंडाइज निर्यात में गिरावट आई है। सरकार के निर्यात पोर्टल पर दी जानकारी के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त तक 171.32 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जबकि पिछले साल इन पांच महीने में 191.27 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था।

कच्चे तेल के अलावा सोना आयात में भी वृद्धि हुई है। अगस्त में 4.93 अरब डॉलर का सोना आयात हुआ जो एक साल पहले की तुलना में 39 प्रतिशत ज्यादा है।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर का दौरा किया,मंदिर में सेवा की

एजेंसी

**अमृतसर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज दूसरे दिन स्वर्ण मंदिर का दौरा किया और मंदिर में सेवा की।श्री हरमिंदर साहिब के दरबार में राहुल गाँधी ने चंदोआ साहिब चढ़ाया और सुखासन के दौरान पालकी साहिब को कंधा देने की सेवा निभाई।

आपको बता दे की राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ झगड़े के बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निजी दौरे पर पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका।राहुल गांधी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सेवा की। 015 के एनडीपीएस मामले में पार्टी विधायक सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी ने आप और कांग्रेस के बीच विवाद को और बढ़ा दिया है। रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में, सिद्धू ने कहा, इंडिया



गठबंधन एक ऊंचे पहाड़ की तरह खड़ा है...यहां और वहां कोई भी तूफान इसकी भव्यता को प्रभावित नहीं करेगा। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस ढाल को तोडऩे का कोई भी प्रयास निरर्थक साबित होगा। पंजाब को यह समझना चाहिए कि यह भारत के प्रधान मंत्री को चुनने का चुनाव है, न कि पंजाब के मुख्यमंत्री का। पार्टी कार्यकर्ताओं से यह पूछने पर कि यह राहुल की निजी यात्रा है, वारिंग ने एक्स पर लिखा, वह सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने के लिए अमृतसर आ रहे हैं। यह उनकी निजी, आध्यात्मिक यात्रा है, आइए उनकी निजता का सम्मान करें। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस यात्रा के लिए शारीरिक रूप से उपस्थित न हों। आप सभी अपना उत्साहपूर्वक समर्थन दिखा सकते हैं और अगली बार उनसे मिल सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### राजौरी में सुरक्षा बलो व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कालाकोट में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हुई। सेना ने कहा, 13 सितंबर को उसी क्षेत्र में सफल ऑपरेशन के बाद एक अव?टूबर को इलाके में कुछ अज्ञात व्यक्तियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी। इस परभारतीय सेना और जेकेपी द्वारा कालाकोटे में संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

### चुनाव तैयारियों का आकलन करने को ईसीआई टीम का तेलंगाना दौरा

**हैदराबाद।** चुनाव तैयारियों का आकलन करने के लिए ईसीआई टीम का आज से तीन दिवसीय तेलंगाना दौरा शुरू हो गया है। इस दौरान टीम राजनीतिक दलों, प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य हितधारकों से मुलाकात करेगी।

### सुरक्षा बलो व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो सैनिक घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में मंगलवार को दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सूम-ब्रोह गांव के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की एक खोज टीम और आतंकवादियों के बीच संपर्क स्थापित होने के बाद सोमवार शाम को मुठभेड़ शुरू हुई। क्षेत्र में दो से तीन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खबर मिलने के बाद सोमवार सुबह सेना, स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षा बलों द्वारा कालाकोट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत गांवों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

# कर्नाटक में कार और ट्रक की टक्कर में मां और बच्चा जिंदा जले

एजेंसी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मंगलवार को एनआईसीई रोड पर एक ट्रक से टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जिसमें एक महिला और उसकी छोटी बेटी जिंदा जल गईं, वहीं पिता और एक अन्य बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मृतक की पहचान सिंधु और उसकी दो साल की बेटी के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, घटना सोमपुरा के पास हुई, जब महेंद्रन बी अपनी पत्नी सिंधु और दो बेटियों के साथ कार से मैसूरु रोड से कनकपुरा रोड की ओर जा रहे थे। सुबह लगभग 4 बजे महेंद्रन ने कार पर नियंत्रण खो दिया और यह एक ट्रक से टकरा गई। देखते ही देखते कार में आग लग गई। महेद्रन और उनकी बड़ी बेटी भागने में सफल रहे, जबकि सिंधु और दूसरी बेटी कार



में फंस गईं और जल गईं। टक्कर के बाद ट्रक चालक भी नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया। महेंद्रन ने परिवार के साथ नागासांद्रा जाने के लिए कार किराए पर ली थी। वह तमिलनाडु के रहने वाले हैं और बेंगलुरु में राममूर्ति नगर के पास विजिनापुरा में रहते हैं। शवों को केआईएमएस अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। तलघट्टपुरा ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या, ऐसा प्रतीत होता है कि महेद्रन को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई थी, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई।

# न्यूजक्लिक केस में सीताराम येचुरी के घर भी पहुंची दिल्ली पुलिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन से कथिक फंडिंग लेने के आरोप में मंगलवार (3 अक्टूबर) को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ऑनलाइन पोर्टल न्यूजक्लिक से जुड़े 30 परिसरों पर छापेमारी की। इसके साथ ही पुलिस ने न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के घरों में भी तलाशी ली। इसी केस के सिलसिले में सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी के घर भी दिल्ली पुलिस पहुंची। येचुरी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करके बताया कि उनके घर पुलिस क्यों आई थी।

वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस की छापेमारी में सीपीआई (एम) का कोई हाथ नहीं है। येचुरी ने कहा, ÷दिल्ली पुलिस हमारे घर पहुंची है क्योंकि हमारी पार्टी के



साथी हमारे साथ रहते हैं जिनका बेटा न्यूजक्लिक में काम करता है। यह छापा क्यों मार रहे, इसका कारण क्या है इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

येचुरी ने आगे कहा, पुलिस बता भी नहीं रही है कि यह सब क्यों कर रहे हैं? हम चाहते हैं कि पुलिस स्पष्टिकरण दें। यह मीडिया, अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। इन्हीं वजह से दुनिया के प्रेस इंडेक्स में (भारत की) लगातार गिरावट होती जा रही है। दूसरी तरफ से प्रचार होता है कि हम लोकतंत्र की जननी है।

समाचार एजेंसी एएनआई के सूत्रों के मुताबिक, न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न परिसरों पर चल रही दिल्ली पुलिस की छापेमारी 17 अगस्त को UAPA और IPC की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर आधारित है। UAPA, IPC की धारा 153 (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), IPC की धारा 120 (आपराधिक साजिश) के तहत केस दर्ज किया गया है।

# भारत ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक 40 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच भारत ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक करीब 40 राजनयिकों को देश से वापस बुलाने को कहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई दिल्ली ने कनाडा से कहा है कि वह 10 अक्टूबर तक अपने करीब 40 राजनयिकों को वापस बुला ले, नहीं तो वे अपनी राजनयिक छूट खो देंगे। भारत में 60 से अधिक कनाडाई राजनयिक तैनात हैं। पिछले महीने, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में आरोप लगाया था कि भारतीय खुफिया एजेंट खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल हो सकते हैं। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों ने एक-एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। भारत ने कनाडा के आरोपों को राजनीति से



प्रेरित बताया था। 21 सितंबर को, भारत में तैनात कनाडाई राजनयिकों की संभावित कटौती से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था, हां, हमने कनाडा सरकार को सूचित किया है कि हमारी पारस्परिक राजनयिक उपस्थिति में समानता होनी चाहिए। कनाडा के राजनयिकों की संख्या हमारी तुलना में बहुत अधिक है, मेरा मानना है कि कनाडा की ओर से इसमें कमी की जाएगी।

# कई हत्याओं के दोषी को 25 साल बाद मिली खौफनाक सजा लीथल इंजेक्शन देकर सुलाया जाएगा मौत की नींद

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** फ्लोरिडा में एक आरोपी को अपनी महिला मित्र की हत्या करने के लगभग 25 साल से भी ज्यादा समय के बाद सजा सुनाई गई है। आरोपी माइकल जैक ढ्ढढ्ढ को बार के एक कर्मचारी रेवोन स्मिथ की हत्या के लिए 03 अक्टूबर को शाम 6 बजे इस घातक इंजेक्शन से मरने की सजा दी गई है।

जून 1996 में माइकल ने रेवोन स्मिथ को पहले अपना दोस्त बनाया, फिर बाद में उसके साथ मारपीट किया और एक दिन उसने सीप के चाकू से रेवोन की हत्या कर दी। आरोपी ने लौरा नाम के एक शख्स की भी हत्या की थी, जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया और अलग से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

दरअसल, जैक एक बार में काम करता था, लेकिन उसने किसी बहाने से अपने दोस्त से मदद मांगी। दोस्त



ने मदद करने के लिए अपने पिकअप ट्रक दिया, लेकिन जैक उसे लेकर भी भाग गया और कभी वापस नहीं लौटा। इसके बाद जैक फ्लोरिडा पैनहैंडल में एक नाइसविले बार में गया, वहां उसकी दोस्ती एक निर्माण कंपनी के मालिक से हुई।

जब उस शख्स को पता लगा कि जैक एक पिकअप ट्रक में रहता है, तो उसने उसे अपने साथ रहने के लिए कहा। कुछ दिन साथ रहने के बाद जैक ने उसके घर से दो बंदूकें और 42 डॉलर चुरा लिए। अदालत के रिकॉर्ड के मुताबिक, उसने बंदूकें गिरवी रख दीं।

इसके बाद एक अन्य बार में उसकी मुलाकात रोसिलो से हुई और उसने उसे ड्रग्स लेने के लिए समुद्र तट पर बुलाया। अदालत के रिकॉर्ड के मुताबिक, उसने वहां पर रोसिलो को पीटा और उसका गला घोंटकर उसके चेहरे पर रेत फेंक दी। अगले दिन वह पेंसाकोला बार गया, जहां उसकी मुलाकात स्मिथ से हुई।

## नेपाल में लगातार तीन बार कांपी धरती, 11 लोग घायल

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में 3 अक्टूबर (मंगलवार) दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, एक घंटे के भीतर देश में तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। देश के पश्चिमी हिस्सों में 6.3 और 5.3 तीव्रता का तेज भूकंप आया। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। बझांग जिला पुलिस कार्यालय ने कहा कि कम से कम 11 लोग घायल हो हुए हैं। नेपाल के मंत्री राम आचार्य ने बताया कि भूकंप के बाद हुए भूस्खलन की वजह से पहाड़ी इलाकों का संपर्क मैदानी इलाकों से टूट गया है। बझांग जिले के शीर्ष अधिकारी बाबूराम आर्यल ने कहा कि किसी वस्तु के गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि जिले के एक कस्बे चैनपुर में कुछ घर ढह गए। दिल्ली के अलावा इन राज्यों में भी महसूस हुए भूकंप के झटके, जयपुर तक हिली धरती, नेपाल में था केंद्र।

# ब्रिटेन में अस्पताल के बाहर बम विस्फोट मामले में खुलासा शरण अस्वीकार किए जाने से नाराज था इराकी बॉम्बर

एजेंसी

**लंदन।** दो साल पहले ब्रिटेन के एक अस्पताल के बाहर बम विस्फोट करने वाले इराकी मूल के एक व्यक्ति ने अपने शरण के दावे को खारिज करने के लिए ब्रिटिश राज्य के खिलाफ शिकायत की। नवंबर 2021 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड में लिवरपूल महिला अस्पताल के बाहर एक टैक्सी में घर में बने बम से आग लग गई, जिससे 32 साल के इमाद अल स्वेलमीन की मौत हो गई थी।

इसके अलावा हमले में किसी की मौत नहीं हुई थी, मगर टैक्सी ड्राइवर को मामूली चोटें आई थीं। हमले के बाद टैक्सी ड्राइवर वहां से भाग गया। यह विस्फोट रविवार को सैन्य युद्ध में मारे गए लोगों के सम्मान में होने वाले कार्यक्रमों से कुछ देर पहले हुआ और पुलिस ने तुरंत इसे आतंकवादी घटना घोषित कर दिया।

हालांकि, यूके पुलिस जांच में सामने आया है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इमाद अल स्वेलमीन



चरमपंथी विचार रखता था। पुलिस का मानना था कि लीवरपूल वीमेन्स हास्पिटल के बाहर हुए हादसे में मौत का शिकार हुआ स्वेलमीन देशी बम के साथ यात्रा कर रहा था।

पुलिस ने पहले इस बात की भी पुष्टि की थी कि स्वेलमीन अतीत में अपने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर इलाज करवा रहा था। पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है, ऐसा लगता है कि शरण के दावे को स्वीकार करने में असफल रहने के लिए ब्रिटेन के खिलाफ अल स्वेलमीन की शिकायत ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को और खराब कर दिया। इसके कारण उसकी शिकायत बढ़ गई और उसे हमले के लिए प्रेरित किया।

इंग्लैंड के उत्तर-पश्चिम के लिए आतंकवाद-रोधी इकाई के जासूस अधीक्षक एंडी मीक्स ने कहा कि ऐसा लगता है कि एल स्वेलमीन ने अस्पताल में बम से विस्फोट करने की योजना बनाई थी, लेकिन यह प्रतीत होता है कि बम उसकी योजना से पहले ही फट गया।

बता दें कि यह विस्फोट दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में मतदाताओं से मुलाकात करते के दौरान एक ब्रिटिश सांसद की चाकू मारकर हत्या करने के एक महीने बाद हुआ था। स्वेलमीन को पहले भी दोषी ठहराया जा चुका है और उसने जॉर्डन के पासपोर्ट पर कानूनी रूप से आने के बाद ब्रिटेन में सीरियाई शरणार्थी के रूप में शरण का झूठा दावा किया था। स्वेलमीन के शरण के दावों को ब्रिटेन ने अस्वीकार कर दिया था। आतंकवाद-रोधी पुलिस ने सुझाव दिया है कि स्वेलमीन ने देश में रहने के लिए अपने मामले को मजबूत करने की उम्मीद में ईसाई धर्म अपना लिया होगा।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री चीन के निमंत्रण पर करेंगे तिब्बत की यात्रा

## ट्रांस-हिमालय फोरम में लेंगे भाग

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** चार और पांच अक्टूबर को तिब्बत में तीसरे ट्रांस-हिमालया फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन का आयोजन होने जा रहा है। पाकिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी आयोजित होने वाले इस फोरम में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट ने यह जानकारी दी। सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) समाचार एजेंसी ने सोमवार को विदेश कार्यालय के हवाले से बताया कि विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी चीन के विदेश मंत्री वांग यी के विशेष निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रांस-हिमालय फोरम की शुरुआत 2018 में भौगोलिक कनेक्टिविटी,




पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संरक्षण और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर क्षेत्रीय देशों के बीच व्यावहारिक सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए की गई थी।

फोरम की आखिरी व्यक्तिगत बैठक 2019 में चीन में महामारी फैलने और दुनिया भर में लॉकडाउन लगने से पहले आयोजित की गई थी।

विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री जिलानी ट्रांस-हिमालय फोरम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के फोरम का विषय पारिस्थितिक सभ्यता और पर्यावरण संरक्षण÷ है। इस फोरम के दौरान वह मंगोलिया के उप प्रधानमंत्री, चीन के विदेश मंत्री और अफगानिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री सहित कई क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करेंगे।

# एमआरएनए टीकों पर 1990 से हो रहा था रिसर्च

## कोविड ही नहीं एड्स व अन्य गंभीर बीमारियों का भी बनेगा कवच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हंगरी में जन्मी अमेरिकी नागरिक कैटलिन कारिको और अमेरिकी विज्ञानी ड्रू वाइसमैन की इस समय काफी चर्चा हो रही है। साल 2023 के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के लिए इन दो नामों की घोषणा की गई है।

इन दोनों विज्ञानियों के रिसर्च के माध्यम से कोरोना रोधी टीके तैयार किए गए है, जिसका इस्तेमाल भविष्य में अन्य वैक्सीन के विकास में भी किया जा सकता है। इससे एमआरएनए वैक्सीन की राह और भी आसान हो गई है।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, एमआरएनए तकनीक पारंपरिक टीकों से अलग है। जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है, तो यह तकनीक उस वायरस से लड़ने के लिए हमारी कोशिकाओं को प्रोटीन बनाने का संदेश भेजती है। इससे हमारे




प्रतिरोधक तंत्र को जो जरूरी प्रोटीन चाहिए, वह मिल जाता है। यह तकनीक कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी टीके विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि कोरोना से दुनिया भर में छह मिलियन से अधिक लोगों की जान चली गई है।

जानकारी के लिए बता दें कि कारिको और वीसमैन ने 1990 के दशक की शुरुआत में एमआरएनए टीकों पर अपना रिसर्च शुरू किया, लेकिन उनके काम को मान्यता मिलने में दशकों लग गए। शुरुआती दिनों में उनके रिसर्च को बहुत जोखिम भरा माना जाता था। हालांकि, कारिको और वीसमैन अपने काम में दृढ़ रहे और इसी का नतीजा है कि आज उनकी इस खोज को सराहा जा रहा है।

नोबेल पुरस्कार समिति ने कारिको और वीसमैन की प्रशंसा की और उनके काम को असाधारण बताया है। समिति ने कहा कि दोनों विज्ञानियों के आश्चर्यजनक निष्कर्षों ने मौलिक रूप से हमारी समझ को बदल दिया है कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता है। समिति ने यह भी कहा कि उनके काम का कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई पर वास्तव में वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

बता दें कि कारिको और वाइसमैन के रिसर्च से कैंसर और एचआईवी जैसी अन्य बीमारियों के खिलाफ लड़ने में भी मदद करेगी। वहीं, एमआरएनए टीकों का उपयोग हृदय रोग और अन्य स्थितियों के लिए नए उपचार विकसित करने के लिए भी किया जा रहा है। कारिको और वीसमैन को 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में एक औपचारिक समारोह में किंग कार्ल गुस्ताफ द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसमें एक डिप्लोमा, एक स्वर्ण पदक और 1 मिलियन डॉलर का चेक शामिल होगा।

एमआरएनए टीकों के विकास का दुनिया पर गहरा प्रभाव पड़ा है। अब इसका इस्तेमाल अरबों लोगों को कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण करने के लिए किया जा रह है। अब इनका उपयोग अन्य बीमारियों के लिए नए टीके और उपचार विकसित करने के लिए किया जा रहा है। कारिको और वीसमैन के काम ने वैज्ञानिकों की एक नई पीढ़ी को एमआरएनए टीकों पर रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया है।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर कारिको ने अपनी खुशी जताई और कहा, मैं यह नोबेल पुरस्कार पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। वीसमैन ने कहा, मैं अपने सहयोगियों और गुरुओं के समर्थन के लिए आभारी हूं। उनके बिना ऐसा करना नामुमकिन था। नोबेल पुरस्कार समिति के सदस्य गुनिला कार्लसन हेडेस्टम ने कहा, कारिको और वीसमैन का काम वास्तव में अभूतपूर्व है। वह क्रांति लेकर आए है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**जन जागरूकता रैली निकालकर किया गया**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिला टीवी चिकित्सालय परिषद जौनपुर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ जन जागरूकता रैली निकालकर किया गया। रैली को विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग एवं सूचना विभाग अपने दिए गए कर्तव्यों एवं दायित्वों के अनुसार भागीदारी करेंगे। संचारी अभियान के दौरान सभी विभागों द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, मच्छर एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु गतिविधियां संपन्न करेंगे तथा इसके साथ ही आम जनमानस में बीमारियों के प्रति बचाव हेतु जन जागरूकता का प्रसार भी करेंगे। संचारी अभियान के दौरान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। दस्तक अभियान में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग से आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती टीम बनाकर घर-घर जाकर के लोगों में जन जागरूकता तथा बीमारियों से बचाव के उपाय बताएंगी तथा बुखार के रोगियों, मलेरिया के रोगियों, आई0 एल0 आई0 के लक्षण युक्त रोगियों, क्षय रोग के लक्षण के व्यक्तियों, कुष्ठ रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, कालाजार तथा फाइलेरिया रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को सूचित करेंगी जिसके आधार पर उनका निदान एवं उपचार कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि वह संचारी अभियान में योगदान देकर के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजीव यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 राकेश कुमार सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर बीपी सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों जैसे कृषि विभाग, पशुपालन, नगर विकास विभाग इत्यादि उपस्थित रहे। यूनिसेफ से डीएमसी गुरदीप कौर, एवं स्वयंसेवी संस्था सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था से संजय उपाध्याय उपस्थित थे।

# आयकर भवन में मनायी गयी गांधी जयन्ती

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आयकर भवन स्थित आयकर सभागार में मुख्य आयकर आयुक्त डा0 शिखा दरबारी के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर मुख्य आयकर आयुक्त डा0 शिखा दरबारी ने कहा कि गांधी जी एक ऐसे व्यक्ति थे जिनके जीवन और सिद्धांतों ने इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है, वे सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। गांधी जी की उदारता और महानता केवल भारत तक ही नहीं बल्कि अन्य कई देशों में भी विख्यात है। ऐसे महान व्यक्ति के आदर्शों के सम्मान में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को 'अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' घोषित कर दिया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी जी का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गांधी जी कहते थे कि सभ्य समाज के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है, उन्होंने भारतीय समाज से अस्पृश्यता को खत्म करने का भी प्रयास किया। गांधी जी के सपनों को साकार करने हेतु हमारी सरकार लोगों को अपने आस पास साफ-सफाई रखने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान चला रही है। कार्यक्रम के दौरान अपर आयकर आयुक्त शिव कुमार राय, अपर आयकर निदेशक जाँच अतुल, ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम शर्मा सहित तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गांधी जयंती के मौके पर सोमवार को बालसन चौराहे पर उन्होंने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के उन्होंने स्वच्छता प्रहरियों के साथ संवाद किया और उनकी पीठ भी थपथपाई। उप मुख्यमंत्री ने आह्वान करते हुए अपने नगर, प्रदेश व देश को कूड़ा-कचरा से मुक्त कर स्वच्छ बनाने का संकल्प भी दिलाया। उप मुख्यमंत्री ने ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए जो प्रयास किया था, आज वह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक जनआंदोलन का रूप ले रहा है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा समेत अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

### गांधी जी व शास्त्री जी को किया नमन



**प्रयागराज।** कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी जयंती मनाई गई। प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको नमन किया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा हैं। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ प्रज्जवलित किया। उन्होंने राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गांधी जयंती पर गीत, संगीत और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रयागराज।** सृजन इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द प्रयागराज में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को 154 गांधी जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया छात्र- छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ गीत संगीत व वाद विवाद की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे नर्सिंग छात्र- छात्राओं के द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थान के निर्देशक डॉक्टर अभिजीत भागवत मोहिते और प्राचार्य श्रीमती ऋतु तोवित द्वारा महात्मा गांधी के फोटो पर पुष्प माला अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। ऋतु तोवित ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को कहा कि बापू के जीवन से हमें शालीनता, सरलता, उद्धरता एवं सहजता की प्रेरणा मिलती है जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिये और गांधी की तरह सदैव सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही सृजन इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द में साफसफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नर्सिंग छात्राओं को शिक्षक प्रिन्शु मिश्रा ने महात्मा गांधी के जीवन शैली, योगदान व प्रासंगिकता समझाई। कार्यक्रम में अवनीश कुमार रत्नेश, पप्पू मिश्रा, सौरभ मिश्रा, गौरी कुशवाहा ,अर्पिता, विभा, निशि तिवारी उपस्थित रही।

### यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मनाया गया महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**आजमगढ़।** जनपद के फरिहा रोवा में स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में आज गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक अब्दुल्ला खान ने लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती।

# बड़ौदा यूपी बैंक में कर्मियों के हड़ताल से लटके ताले

**जनपद मे 60 करोड़ का लेन देन हुआ प्रभावित**

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक के कर्मचारी और अधिकारी जॉइन्ट फोरम ऑफ़ बड़ौदा यूपी बैंक यूनियन्स के आवाहन पर मंगलवार को हड़ताल पर रहे। बैंक की सभी यूनियनों अरबिया, बीएमएस, एआईबीइए, एआईब ीओए, आईबॉक, इंटक के हड़ताल मे शामिल रहने के कारण जनपद के सभी 88 शाखाओ में ताले लटके रहे एवं लगभग 60 करोड़ का लेन देन प्रभावित हुआ। कर्मियों ने शाखाओ को बंद कर सिधारी स्थित बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर धरना दिया। धरने को सम्बोधित करते हुये यूनाइटेड फोरम के डिप्टी चेयरमैन सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने बैंक प्रबंधन के तानाशाही रवैये की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करते हुये प्रबंधन द्वारा विभिन्न कैडर मे रिक्त सैकड़ों पदो पर भर्ती नहीं की जा रही है, बैंक के 268 शाखाओ को बंद करने पर विचार किया जा रहा है, जिसको लेकर कार्मिकों मे भारी असंतोष है, अगर संगठन की मांगें पूरी नहीं हुयी तो अनिश्चित कालीन हड़ताल होगी और बड़ौदा गुजरात व राजस्थान बैंक मे भी आंदोलन होगा। इम्प्लाइज फ़ेडरेशन के अध्यक्ष एलके सिंह ने अनफेयर लेबर प्रैक्टिस का विरोध किया।

# शांति, अहिंसा और गांधी की प्रासंगिकता पर हुआ आशु भाषण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत शांति, अहिंसा और महात्मा गाँधी की प्रासंगिकता विषय पर आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन मीराबाई छात्रावास में मंगलवार को किया गया। आशु भाषण में विश्वविद्यालय की छात्राओं नें बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने कहा कि गांधीवादी विचार की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है। गांधी जी साधन व साध्य दोनों की शुद्धता पर बल देते थे। उनके अनुसार साधन व साध्य के मध्य बीज व पेड़ के जैसा संबंध है जब बीज दूषित हो तो स्वस्थ पेड़ की उम्मीद करना बेमानी है। ग्राम स्वराज का प्रसार, प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा और परंपरागत चिकित्सीय ज्ञान के उपयोग सहित तमाम दूसरे उद्देश्यों पर कार्य करना इसी विचारधारा को अग्रसारित करना है।

छात्राओं ने महान वैज्ञानिक आइंस्टीन को संदर्भित करते हुए कहा कि उन्होंने गांधी जी के बारे में कहा था कि ÷भविष्य की पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करने में मुश्किल होगी कि हाड़-मांस से बना ऐसा कोई व्यक्ति भी कभी धरती पर आया था।÷ गांधी के विचारों ने पूरे संसार को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि करुणा, सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोण से इस देश नें गांधी जी के विचारों को आगे किया और दुनिया को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है। गाँधी जी नें सत्य अहिंसा के पालन तथा पीड़ित लोंगो आवाज़ उठाने में अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया।

आशु भाषण में प्राची सिंह,नामीरा खान,अंकिता सिंह,योगिता सिंह,विभा त्रिपाठी,वैष्णवी पांडेय, पल्लवी सिंह, शिवांगी सिंह, स्नेहा यादव, सोनी यादव, स्मिता यादव, अंशी यादव, शिवानी सिंह, शिवांगी मिश्रा, शिप्रा सिंह, साक्षी यादव, एवं अंकिता विश्वकर्मा ने भाग लिया. इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डॉ अन्नू त्यागी एवं डॉ झांसी मिश्र मौजूद रहीं।

अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर गाँधी रिसर्च फाउंडेशन, जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप विश्वविद्यालय परिसर में 29 सितम्बर से ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए है। 04 अक्टूबर को समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किए विजेता विद्यार्थियों को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगी।

# 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए बड़ा परिवर्तनकारी होगा

अवधनामा संवाददाता





**जौनपुर।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाहा जौनपुर में समाजवादी छात्र सभा के संगठन विस्तार हेतु जनपद आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के नेतृत्व में नौजवान साथियों के साथ जोरदार स्वागत किया गया वहीं सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी कार्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक को संम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के लिए बड़ा परिवर्तनकारी होगा। जिसमें नौजवानों की बड़ी भूमिका होगी केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर और डॉ0 राममनोहर लोहिया और नेताजी के सिद्धांतो और उनके बताए रास्ते पर चलेगा, लेकिन अगर पीछे रह गए तो भाजपा संविधान बदलकर न जाने किस रास्ते पर ले जाएगी। कहा कि पिछड़े और दलितों ने ताकत देकर केन्द्र में एनडीए की सरकार बनायी थी। भाजपा सरकारों ने इन्हीं वर्गों का शोषण किया। पिछड़े और दलित छोड़ देंगे तो एनडीए कहीं नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के कोटा के बिना महिला आरक्षण कानून अधूरा है। अध्यक्षता करते हुए डां अवधनाथ पाल ने कहा कि आज हर समाज और दल के लोग जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। सभी चाहते हैं कि जातीय जनगणना हो, जिस जाति की जो आबादी हो उसके हिसाब से हक मिले। आज पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक खास कर मुस्लिम भाई, नौकरी, रोजगार या संस्थानों में हर जगह पीछे हैं। बैठक मे मुख्य रूप से राजन यादव, राकेश मौर्या,राजदेव यादव, हिरालाल विश्कर्मा, राहुल त्रिपाठी, श्रवण जयसवाल, इर्शाद मंशूरी, अनवारुल गुड्डू, लाल मोहम्मद रानी साजिद अलीम, भानु प्रताप मौर्या, रजनीश मिश्रा,दिलीप प्रजापति, नितिन सैफई, अनुपमा पटेल,अजमत अली, कमाल, कमालुद्दीन अंसारी, ऋषि यादव,रमन यादव, रामबचन यादव, जितेंद्र मौर्या, धर्मेंद्र सोनकर, सोनी यादव, अन्नपूर्णा, तारा त्रिपाठी डां जग बहादुर यादव, आदि संचालन राजेन्द्र टाइगर ने किया।

### मिशन शक्ति दीदी अभियान लगा चौपाल

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर गौरव कुमार शर्मा'के नेतृत्व में मिशन शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत पुलिस लाइन सभागार में चौपाल लगाया गया। जिसमें जनपद के समस्त थानों से 05-05 महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। इस चौपाल में प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला थाना थानाध्यक्ष नीतू मिश्रा द्वारा महिला आरक्षियों को बताया गया कि सभी महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्रों में जाकर, चौपाल लगाकर महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए टोल फ्री नं0 1090, 1076, 1098, 181, 112, से अवगत कराना है।

# पत्नी ने ही रची थी पति की हत्या की साजिश

**पत्नी, भांजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार**

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** दीदारगंज पुलिस ने मनोज राजभर हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए पत्नी, भांजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पत्नी द्वारा ही पति की हत्या की साजिश रची गयी थी और भांजे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर चाकू मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। पूछताछ में पत्नी ने पुलिस को हत्या का कारण बताया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और मोटर सायकिल बरामद कर लिया। बता दें कि 26 सितम्बर को ग्राम आमगांव के चौकीदार रतनलाल पुत्र स्व0 दुबरी राम ग्राम आंमगाव थाना दीदारगंज ने आमगांव नहर के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति के मृत्यु अवस्था में पाये जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 28 सितम्बर को विनोद राजभर पुत्र फिरतू राजभर ग्राम अशरफपुर उसरहटा थाना शाहगंज, जनपद जौनपुर द्वारा फोटो व मृतक द्वारा पहने गये कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान अपने भाई मनोज राजभर के रूप में की गई। विनोद राजभर द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने घटना का अनावरण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक दीदारगंज, स्वाट व सर्विलांस प्रभारी को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक दीदारगंज द्वारा स्वाट व सर्विलांस सेल की मदद से की गई विवेचना में अभियुक्त शिवम राजभर पुत्र रमाकान्त राजभर, प्रिन्स प्रताप राजभर उर्फ लकी पुत्र स्व0 संतोष राजभर निवासी ग्राम जेठहरी, दीदारगंज जनपद आजमगढ़ और ललीता देवी पत्नी स्व0 मनोज राजभर ग्राम उसरहटा मौलानापुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया। 2 अक्टूबर को करीब 6.30 बजे प्रभारी निरीक्षक नदीम फरीदी व सर्विलांस सेल द्वारा मुकदमे में वांछित अभियुक्त शिवम राजभर व प्रिन्स प्रताप राजभर को औरंगाबाद तिराहे से मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में शिवम राजभर ने बताया कि वह अपनी मामी ललिता राजभर के कहने पर अपने मित्र प्रिन्स राजभर उर्फ लकी के साथ मिलकर आमगांव नहर के पास 26 सितम्बर की शाम लगभग 7 बजे चाकूओं से घोपकर अपने मामा मनोज राजभर की हत्या कर दिया था।

# यूपी में माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम फिर हुई तेज

**प्रयागराज में संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन जिराफ**

**माफिया और भू-माफियाओं की बेनामी संपत्ति को कुर्क करने पर होगा फोकस**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रदेश में भय और अपराध मुक्त वातावरण की स्थापना के लिए संकल्पित यूपी की योगी सरकार का माफिया और अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है । प्रयागराज में अतीक अहमद और उनके गुर्गो के खिलाफ शुरू किया गया अभियान अब तीसरे चरण में पहुंच गया है। पहले माफियाओं और अपराधियों पर नकेल और फिर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के बाद अब उनकी बेनामी संपत्तियों को पता लगाकर उस पर कुर्की की कार्यवाही का तीसरा चरण शुरू हुआ है। अपराधियों और माफियाओं की रीढ़ की हड्डी है उनका आर्थिक साम्राज्य। योगी सरकार द्वारा अपराधी और माफियाओं पर की गई सख्त कार्रवाई के बाद माफिया अब या तो प्रदेश छोड़कर चले गए हैं या फिर जेल में हैं। जो कुछ बचे थे वो पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गए। इन माफिया ने करोड़ों की बेनामी संपत्ति अपने गुर्गो और परिजनों के नाम कर रखी थी। योगी सरकार अब इस पर भी प्रहार करने जा रही है जिसे नाम दिया गया हैऑपरेशन जिराफ। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा का कहना हैं कि इसके लिएऑपरेशन जिराफ शुरू किया गया है ।इसमें आई पी एस की तीन टीमों का गठन किया है। ये टीमें माफियाओं के अवैध कब्जे का पता लगा कर उसको कब्ज़ा मुक्त कराएंगी। इसमें उन शूटरों और गैंगस्टर का पता लगाना भी शामिल है जो माफियाओं के इशारों पर किसी भी वारदात को अंजाम देते हैं। ऑपरेशन जिराफ की जिन 3 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें एक टीम गंगा नगर में काम करेगी, दूसरी टीम यमुना नगर में जबकि तीसरी टीम शहर में काम करेगी। ऑपरेशन जिराफ की टीम का नेतृत्व तीनों ज़ोन के डीसीपी कर रहे हैं। पुलिस ने माफियाओं से अवैध कब्जा छुड़वाने और गैंगस्टरों को पकड़ने के लिएऑपरेशन जिराफ़ नाम क्यों दिया इसके पीछे की वजह भी काफी रोचक है। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के मुताबिक दरअसल, एक सामान्य जिराफ की ऊंचाई अधिकतम 18 फीट की होती है। ऊंची गर्दन होने की वजह से जिराफ अपने आस पास की चीज़ों को आसानी से देख सकता है। प्रयागराज पुलिस भी जिराफ की लम्बी गर्दन की तरह माफियाओं और गैंगस्टरों पर नज़र रखेगी और साक्ष्य मिलने पर उनको दबोच लेगी। प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद के मिट्टी में मिल जाने के बाद भी अतीक के आर्थिक साम्राज्य की जड़ें पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। इस ऑपरेशन के जरिए अतीक अहमद और उसके गैंग आई एस 227 के सदस्यों और उनके नाम की गई बेनामी संपत्तियों को उजागर कर उस पर कुर्की की कार्यवाही की जायेगी । गौरतलब है कि अतीक की अब तक 1200 करोड़ की प्रॉपर्टीज को कुर्क किया जा चुका है, जबकि अतीक के गुर्गो की 500 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त की गई है। ऑपरेशन जिराफ के तहत इस गैंग के सदस्यों की प्रॉपर्टीज की पुलिस टीम छानबीन करेगी ताकि अतीक या उसके करीबी बिल्डरों ने जो भी जमीन गरीबों के नाम पर खरीदी है, उसका पता किया जा सके। दरअसल पुलिस को इस बात की भी जानकारी हुई थी कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ सहित तमाम गुर्गो ने ड्राइवर से लेकर चाय और पान बेचने वालों के नाम पर करोड़ों की संपत्ति खरीदी थी। ऑपरेशन जिराफ की टीम प्रयागराज के धूमन गंज, पुरामुफ्ती के हटवा, कौशाम्बी के चायल, एयरपोर्ट रोड के आस पास खरीदी गई ऐसी सम्पत्तियों का पता लगाएगी। पुलिस टीम ऐसे लोगों पर भी शिकंजा कसेगी जो पहले तो माफिया अतीक और अशरफ के साथ मिल कर ज़मीन का धंधा करते थे, लेकिन सूबे में योगी सरकार के आने के बाद वही लोग अतीक और अशरफ पर मुकदमा दर्ज कराकर अतीक के विरोधी होने का तमगा लगाए घूम रहे हैं।

### सर्पदंश में वृद्ध दुकानदार की मौत, मचा कोहराम

**जौनपुर (सुइथाकला)।** थाना क्षेत्र के जैनपुर गांव में बीते देर शाम साठ वर्षीय वृद्ध दुकानदार की सर्पदंश में मौत हो गई। मौत हो जाने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध राधेश्याम वर्मा गांव में ही किराने की दुकान खोल रखा है। मंगलवार देर शाम वह दुकान बढ़ाने के लिए तैयारी कर रहा था कि उसी दौरान वह सर्पदंश का शिकार हो गया। सर्पदंश की जानकारी पर परिजन प्रथमदृष्टया झाड़ फूंक के लिए ले गए, पर हालत खराब होती गई। उपचार हेतु शाहगंज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंच लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# ख्वाबे ग़फ्लत से उठो, हो गई दुनिया रौशन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी व जश्ने इमाम जाफर ए सादिक़ पर करैली रानीमंडी असरावे कलां में शायराना महफ़िल सजाई गई। असरावे कलां में मोईन, तो करैली इबादतखाना अल खिज़रा में मौलाना मोहम्मद ताहिर के ज़ेरे ऐहतेमाम महफिलें मक़ासिद का आयोजन किया गया। रानीमंडी इमामबारगाह मीर हुसैनी में आयोजक सैय्यद अदील हुसैन, सैय्यद अक़ील हुसैन व सैय्यद ज़ैग़म हुसैन की ओर से सजी महफिल में मौलाना सैयद रज़ी हैदर रिज़वी साहब क़िब्ला ने पैग़म्बर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मदे मुस्तफा (स0अ0व0) व इमाम जाफर ए सादिक़ (अ0स0) की यौम ए विलादत के पुरमसर्रत मौक़े पर जहां मुबारकबाद पेश की। वहीं दोनों की शख्सियत व अहकामात पर तफसीली रौशनी डाली। नजीब इलाहाबादी के संचालन में शायराना महफ़िल में शोअरा ने एक से बढ़ कर एक अशआर सुना कर जमकर दाद बटोरी। रंग-बिरंगी रोशनी से सजाई गई महफ़िल में शहंशाह सोनवी , अम्बर वसीम, ज़की पासबॉ, मौलाना व शायर आमिरुर रिज़वी, उस्ताद शायर अनवार अब्बास आदि ने एक से बढ़कर एक अशआर से महफ़िल को नूरानी बना दिया। महफ़िल में मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी, ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास ज़ैदी, ज़ाकिर ए अहलेबैत हसन अली, मिर्ज़ा काज़िम अली, हैदर बशीर, बाबर मिर्ज़ा, असद रिज़वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, असद हुसैन बब्बू ,रिज़वान अली अख्तर, ज़ुलक़रनैन आब्दी, शाहरुख क़ाज़ी, हसन रिज़वी आदि शामिल रहे।

### मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा निकाली

**आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लाक स्तर पर आज पल्हना, तहबरपुर, रानी की सराय, महराजगंज, सठियांव एवं ब्लाक मुहम्मदपुर की 25 ग्राम पंचायतों में निर्धारित कलस्टर के अनुसार अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। अमृत कलश यात्रा में ग्राम पंचायतों से संग्रहित अमृत कलश लेकर युवक मंगल दल,महिला मंगल दल,नेहरू युवा केन्द्र,स्काउट एवं गाइड्स व एन0सी0सी0 एवं अन्य ग्रामीण जन के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण मार्गो से होते हुए ब्लाक मुख्यालय पर समस्त ग्रामों से प्राप्त अमृत कलश में संग्रहित मिट्टी का भावमय मिश्रण करते हुए ब्लाक स्तरीय अमृत कलश तैयार किया गया। इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर दिनांक 03 अक्टूबर से 11 अक्टूबर, 2023 तक प्रत्येक दिन एक या दो रूट पर कलश यात्राएं निकाली जायेंगी।

# 06 ब्लड बैंको में डेंगू पीड़ित मरीजों के लिये प्लेटलेट्स की व्यवस्था: चन्द्रेश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चन्द्रेश कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में वर्तमान समय में मच्छरो के काटने से डेंगू जैसी बीमारी उत्पन्न हो रही है, डेंगू बुखार के कारण डेंगू रोगियों का प्लेटलेट्स कम हो रहा है, रोगियों के प्लेटलेट्स की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद के 06 ब्लड बैंको में डेंगू पीड़ित मरीजो की प्लेटलेट्स की जरूरतो को पूरा करने की व्यवस्था की गयी है, लाइन बाजार स्थित मेसर्स- आई0एम0ए0 चैरिटेबल ब्लड सेन्टर, मड़ियाहूँ पड़ाव, उमरपुर हरिबन्धनपुर स्थित मेसर्स- ईशा हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर, जेसीज चौराहा, सदर मेसर्स- कृष्णा हार्टकेयर एण्ड ब्लड सेन्टर, शाहगंज में मेसर्स- अनिता हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर एवं मेसर्स- आर0के0 हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर, मछलीशहर में मेसर्स- श्रीराम हास्पिटल एण्ड ब्लड सेन्टर में व्यवस्था की गयी है। उपरोक्त अंकित ब्लड बैंक से मरीजो अथवा उनके अभिभावको द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर प्लेटलेट्स प्राप्त किया जा सकता है। साफ-सफाई, प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के द्वारा समन्वित प्रयास किये जा रहे है।

बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए क्या करे एवं क्या न करे के सम्बन्ध में समस्त जनपदवासियों से अपील है कि वे अपने घर में प्रयोग होने वाले गमले, कूलर, फ्रिज के ट्रे, एसी ट्रे, छत के ऊपर पड़े टूटे फूटे बरतन आदि में जलभराव न होने दे। बताना उचित होगा कि डेंगू का मच्छर एक चम्मच साफ पानी में भी प्रजनन कर सकता है। प्रत्येक सप्ताह घरेलू उपयोग के उपरोक्त पात्रो का पानी अवश्य रूप से गिरा दें। जनपद के समस्त टायर पंचर का कार्य करने वाले, कबाड़ का कार्य करने वाले, चाय बेचने, लस्सी बेचने, चाट, मिठाई की दुकान चलाने वाले व्यापारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है कि प्रयोग के बाद निष्प्रयोज्य खाली मिट्टी के बर्तन, थर्माकोल के बर्तन, प्लास्टिक के बर्तन को खुले में न फेकें अन्यथा बरसात के पानी भरने के कारण डेंगू मच्छर के ब्रिडिंग होने की संभावना रहेगी। समस्त ग्राम प्रधान महोदय से अनुरोध है कि किसी समारोह आदि में प्रयोग होने वाले निष्प्रयोज्य बर्तनों को गढ्ढा खोदवाकर उसमें ढकवाकर रोग से बचने में सहयोग करें। जनपदवासियों से अपील है कि वे पूरी आस्तीन के कपडे पहने एवं सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। खुद से कोई दवा न लें।

### गांधी जयंती पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न, लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमन्त्री की जयंती के उपलक्ष में आर्य कन्या डिग्री कॉलेज सभागार में जिला अपराध निरोधक समिति, प्रयागराज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के समाज सेवकों सहित अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया जिनमें शिक्षकगण, चिकित्सक, इंजीनियर, एडवोकेट्स इत्यादि भी सम्मानित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, हाई कोर्ट, प्रयागराज रहे। साथ ही आर. एस. वर्मा, आई.ए.एस., पूर्व कमिश्नर एवं सचिव उत्तर प्रदेश शासन, प्रोफेसर हर्ष कुमार, विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज, संतोष श्रीवास्तव, सचिव अपराध निरोधक समिति, उत्तर प्रदेश, लक्ष्मीकांत मिश्रा, लीगल एडवाइजर, अपराध निरोधक समिति, उत्तर प्रदेश संयोजन में कार्य संपन्न हुआ।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने बिलकुल नई खूबियों के साथ उत्पाद लॉन्च किये

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सबसे सुरक्षित कारों की निर्माता के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाये रखा है और इसके पास वयस्कों तथा बच्चों के लिये 5-स्टार-रेटेड कारों का पूरा बेड़ा है।




उत्पादों के मामले में कंपनी 2023 में भी लगातार सक्रिय है। इस साल त्यौहारों के दौरान भी कंपनी कई सौगात लेकर आ रही है कंपनी व्यापक पोर्टफोलियो के साथ ही त्यौहारों की अवधि में आकर्षक कीमतों, कारों में कई नई खूबियों की पेशकश करेगी। इतना ही नही, स्कोडा ऑल-न्यू स्लाविया मैट एडिशन भी लॉन्च कर रही है।

पहले से बेहतर पोर्टफोलियो के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा उत्पादों के मामले में हमारी पेशकश का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों का स्कोडा परिवार में स्वागत करना है और संयोग से यह पेशकश देश में त्यौहारों के जोश के साथ हो रही है। हमने अपने ग्राहकों के लिए हमेशा सबसे सुरक्षित फैमिली कारें मुहैया कराने की कोशिश की है और हम अपने उत्पादों एवं सेवाओं से ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा संतुष्टि देना चाहते हैं। त्यौहारों के लिये यह पेशकशें और हमारे उत्पादों में कई अपग्रेडेशन इन मामलों में शानदार है और हमारे ग्राहकों के लिये बेहतरीन महत्व लेकर आती हैं।

त्यौहारों के लिये ऑफर्स और फीचर्स कुशाक और स्लाविया सिर्फ त्यौहारों के सीजन के लिये 10.89 लाख रूपये की आकर्षक बेस कीमत पर मिलेगी। कुशाक और स्लाविया के उच्च-श्रेणी वाले स्टाइल वैरियेंट्स में बिलकुल नये फीचर्स हैं, जैसे कि ड्राइवर और को-ड्राइवर के लिये इलेक्ट्रिक सीटें जोकि सेगमेंट में पहली बार पेश की गई हैं, और इल्युमिनेटेड फुटवेल एरिया। डैश के बीच में स्कोडा प्ले ऐप्स वाली 25.4 सीएम इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो के साथ सिस्टम बिना तार के जुड़ जाता है। कुशाक और स्लाविया के स्टाइल में बूट का सबवूफर भी एक मानक है। कुशाक मोंटे कार्लो में भी इलेक्ट्रिक सीटें तथा फुटवेल में रोशनी होगी।

# केडीएम ने विश्व कप अभियान करो दिल की मर्जी इंडिया विद केडीएम लान्च किया

**नई दिल्ली।** भारत में अग्रणी मोबाइल एक्सेसरीज ब्रांड केडीएम ने अपना विश्व कप अभियान करो दिल की मर्जी इंडिया विद केडीएम शुरू किया है। क्रिकेट को भारत में धर्म का दर्जा प्राप्त है और इस बार विश्व कप भारत में हो रहा है इसलिए 140 करोड़ भारतीय अपार उत्साह से भरे हुए हैं। जहाँ हर भारतीय का सपना है कि अपने घरेलू मैदान में भारत विश्व कप विजेता बने, वहीं केडीएम का उद्देश्य उन्हें क्रिकेट का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करना है।




केडीएम के फाउंडर, एन डी माली ने कहा केडीएम भारत में प्रशंसकों का क्रिकेट देखने का अनुभव बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा अपनी प्रीमियम मोबाइल एक्सेसरीज द्वारा हमारा उद्देश्य विश्व कप की खुशी और उत्साह हर व्यक्ति की उंगलियों तक पहुंचाना है।

केडीएम के को-फाउंडर बी एच सुथार ने कहा करो दिल की मर्जी इंडिया विद केडीएम अभियान और हमारी स्पेशल एडिशन मर्चेंडाइज एवं केडीएम स्टार 11 उत्पादों से क्रिकेट प्रेमियों को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। करो दिल की मर्जी इंडिया विद केडीएम !÷

इस बार यह टूर्नामेंट भारत में आयोजित हो रहा है, इसलिए हर व्यक्ति, चाहे किसी भी उम्र का क्यों ना हो, अपनी स्क्रीन से नजर नहीं हटा पाएगा। लेकिन दैनिक गतिविधियों और दिनचर्या से क्रिकेट फैन्स लिए चुनौती उत्पन्न होती है। ज्यादातर लोग गतिशील होंगे, कोई सफर कर रहा होगा, और कोई अपनी दैनिक गतिविधियों में व्यस्त होगा। इन लोगों को मैच देखने के लिए एक ही विकल्प बचेगा और वह है उनका मोबाइल फोन।

## इलेक्ट्रिक वन ने उत्तर प्रदेश में अपनी पहली इलेक्ट्रिक स्कूटर सिरीज़- ई1 ऐस्ट्रो प्रो लांच की

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन सुपरस्टोर चेन इलेक्ट्रिक वन ने बहुत उत्साह के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी प्रथम टूव्हीलर सिरीज को प्रस्तुत किया है। ई1 ऐस्ट्रो सिरीज में शामिल हैं- ईवी स्कूटर ई1 ऐस्ट्रो प्रो और ई1 ऐस्ट्रो प्रो 10, इस सिरीज को भारतीय बाजार की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। ई1 ऐस्ट्रो प्रो सिरीज़ उत्तर प्रदेश के 25 से अधिक शहरों में इलेक्ट्रिक वन स्टोर्स में उपलब्ध होगी जिनमें लखनऊ, वाराणसी, इलाहाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, रॉबर्टसगंज आदि शहर शामिल हैं।

इलेक्ट्रिक वन ऐनर्जी प्रा. लि. के संस्थापक व सीईओ अमित दास ने कहा, ''इलेक्ट्रिक वन अपनी स्थापना से ही इलेक्ट्रिक वाहनों के रिटेल कारोबार में लीडर रही है और अब दुनिया भर से ऐस्ट्रो सिरीज को जबरदस्त प्रतिक्रिया एवं स्वीकृति मिलने से हम प्रोत्साहित हुए हैं कि हम इसे भारतीय ग्राहकों के लिए लेकर आएं। इसके लिए हमने मानेसर गुरुग्राम में इन-हाउस विश्व स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग सैटअप तथा दुनिया के अग्रणी सप्लायरों के साथ गठबंधन किया है। ईवी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है और हम खुद को ऐसी जगह पर बहुत अच्छी तरह स्थापित कर चुके हैं जहां से हम हर भारतीय को उच्च गुणवत्ता व पैसे की पूरी कीमत चुकाने वाले उत्पाद पेश कर सकें। देशव्यापी उपस्थिति के साथ हम आश्वस्त हैं कि हम अपने ग्राहकों को विश्व स्तरीय आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के योग्य हैं।''



ऐस्ट्रो ईवी स्कूटर सिरीज को भारतीयों की जरूरतों के मुताबिक ध्यानपूर्वक डिजाइन किया गया है। ये स्कूटर कई खासियतों से लैस हैं जैसे 2400 वाट की दमदार मोटर जो प्रभावशाली ऐक्सिलिरेशन देती है और केवल 2.99 सैकिंड में 0 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। ऐस्ट्रो सिरीज की टॉप स्पीड 65 किलोमीटर प्रति घंटा है यह सुनिश्चित करती है कि आप अपनी मंजिल पर वक्त से पहुंचें तथा इसकी उन्नत ऐडवेंचर बैटरियां एक बार चार्ज होने के बाद 200 किलोमीटर तक का फासला तय करवा देती हैं। इसका कार्बन-कोटेड, रस्ट-प्रूफ, हाई-ग्रेड फ्रेम मुश्किल स्थितियों में भी टिका रहता है। एनएफसी और स्मार्टकार्ड टेक्नोलॉजी के जुड़ जाने से राइड और भी आसान हो जाती है जो झंझट-मुक्त ऑन/ऑफ तथा राइड-शेयरिंग विकल्प मुहैया कराते हैं। 20 से अधिक देशों में 1,00,000 से अधिक ग्राहकों को ऐस्ट्रो सिरीज पर यकीन है, इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की बहुत मान्यता है, इसकी प्रतिष्ठा सबसे भरोसेमंद और हाई-परफॉरमेंस वाहन के तौर पर है।

शुरु में ऐस्ट्रो सिरीज इलेक्ट्रिक स्कूटर उत्तर प्रदेश के साथ ही गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व असम में उपलब्ध होगा; तत्पश्चात् 20 राज्यों में इसका विस्तार किया जाएगा।

# सारेगामा ने शुरू किया एक धमाकेदार कॉन्टेस्टहम भोजपुरी सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** यदि आप में गाने और डांस करने की प्रतिभा है तो हम सुपरस्टार आपके लिये एक परफेक्ट मौका है इस कांटेस्ट में आपको 45



सेकेंड या उससे ज्यादा में अपना हुनर का प्रदर्शन करते हुए वीडियो बनाकर वाट्सएप नंबर 8657008866 पर भेजना है और हम भोजपुरी सुपर स्टार बनने का मौका पाना है उक्त जानकारी सारेगामा इंडिया के एक्सक्यूटिव वॉइस प्रेसिडेंट कुमार अजित ने दिल्ली में सारेगामा द्वारा आयोजित सारेगामा नाईट्स के इवेंट में दी उन्होंने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि भोजपुरी में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन बेहतर मंच नहीं मिलने की वजह से वे गुमनामी में खो जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जिनमें प्रतिभा है और जिनको लगता है कि उन्हें कोई मौका नहीं मिल रहा है, वे अब 2 अक्टूबर से 30 नवंबर तक हम भोजपुरी सुपरस्टार कॉन्टेस्ट में भाग ले सकते हैं. सारेगामा के लेवल की गानों पर अपना वीडियो और गाने बनाकर भेजें, जिसे सारेगामा की एक्सपर्ट ज्यूरी रिव्यु करेगी और टॉप 5 प्रतिभागियों को सारेगामा से सुपर स्टार के रूप में लॉन्च करेगी। इसके लिए जरूरी नहीं है कि आप कहाँ से हैं और आपकी क्या उम्र है। अगर आपमें प्रतिभा है तो आप इसके लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकते है।

कुमार अजित ने बताया कि जब सब लोग अपने सिंगिंग और डॉंसिंग के वीडियो 30 नवम्बर तक सबमिट कर देंगे, उसके बाद 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक उनकी स्क्रूटनी की जाएगी और सबसे पहले टॉप 100 का सलेक्शन होगा।

# निसान मोटर इंडिया ने सितंबर 2023 में 10,759 वाहनों की थोक बिक्री दर्ज की

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्रा. लि. ने सितंबर 2023 महीने में 10,759 वाहनों की थोक बिक्री की घोषणा की है। इनमें से 8,305 वाहनों का थोक निर्यात किया गया है जबकि घरेलू बाजार में थोक बिक्री 2,454 वाहनों की रही। सितंबर महीने में निर्यात में सालाना आधार पर उल्लेखनीय वद्धि देखी गई और इस दौरान वित्त वर्ष 2022 की समान अवधि की तुलना में 3,494 वाहनों का ज्यादा निर्यात किया गया। कुल मिलाकर इस दौरान पिछले साल की तुलना में थोक निर्यात में 48 त्न की संचयी वद्धि हुई है। यह पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक मासिक थोक निर्यात है, जो 2022 में हासिल की गई 10 लाख वाहनों के निर्यात के कीर्तिमान पर आधारित है।

**सफलता**

- चार साल में सबसे ज्यादा 8,305 वाहनों का थोक निर्यात किया गया
- यह सफलता 2022 में 10 लाख वाहनों के निर्यात का कीर्तिमान हासिल करने पर आधारित है

इस घटनाक्रम पर निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने कहा, ''मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया के सिद्धांत पर चलते हुए, निसान ने दुनिया भर में 10 लाख से अधिक कारों का निर्यात किया है। निसान ने पिछले चार वर्षों में अपने आकर्षक मूल्य प्रस्ताव, इनोवेटिव टैक्नोलॉजी, मजबूत प्रदर्शन और बेहतर सेफ्टी की बदौलत भारतीय और वैश्विक बाजारों के लिए गेम चेंजर के रूप में बड़ा, बिंदास और खूबसूरत निसान मैग्नाइट का सबसे अधिक निर्यात किया है। और यह आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की आधिकारिक कार भी है।''

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक भागीदार के रूप में निसान ने इस साझेदारी का जश्न मनाने के लिए मैग्नाइट कुरो स्पेशल एडिशन पेश किया है। निसान मैग्नाइट कुरो स्पेशल एडिशन में ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर और इंटीरियर है, जो इसे भव्यता और विशेषज्ञता के बेहतर मिश्रण के साथ प्रीमियम, प्रभावशाली और स्टाइलिश लुक प्रदान करता है। प्रभावशाली और बोल्ड डिजाइन का प्रदर्शन करते हुए, बाहरी हिस्से में खूबसूरती के हिसाब से आकर्षक ऑल-ब्लैक ग्रिल, स्किड प्लेट, रूफ रेल्स, ब्लैक अलॉय, ब्लैक फिनिशर के साथ हेडलैंप और विशिष्ट बैज है जो कुरो के आकर्षक डिजाइन को और भव्य बनाता है।

बड़ा, बिंदास और खूबसूरत निसान मैग्नाइट को 15 वैश्विक बाज़ारों में निर्यात किया जाता है, जिनमें से सेशेल्स, बांग्लादेश, युगांडा और ब्रुनेई में इसे हाल ही में लॉन्च किया गया है। हाल के वर्षों में, निसान मोटर इंडिया ने अपना प्राथमिक निर्यात बाज़ार को यूरोप से मध्य पूर्वी देशों जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, कतर, बहरीन और कुवैत में शिफ्ट कर दिया है। निसान मोटर इंडिया प्रा. लि. ने हाल ही में पूरे भारत में कई नए शोरूम और सर्विस वर्कशॉप के लॉन्च के साथ, देश भर में अपने नेटवर्क को 276 टचपॉइंट्स तक विस्तारित करने की घोषणा की है। कुल 10 अतिरिक्त टचपॉइंट्स के साथ दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और गुजरात में ग्राहकों को निसान की गुणवत्तापूर्ण बिक्री और सेवा का बेहतरीन अनुभव मिलेगा। ये नए टचपॉइंट्स ब्रांड की पहुंच का विस्तार करते हैं और असाधारण मूल्य प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

# एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा 260 छात्रों को सम्मानित किया गया



**लखनऊ।** बख्शी तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में 260 छात्रों को कक्षा में अधिकतम उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। इसमें इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष तक के सभी इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं आयुष विभाग के अधिकतम उपस्थित रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय चेयरमैन एवं सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने छात्रों को पुरस्कृत किया। पवन सिंह चौहान ने कहा कि सफलता पाने के लिए सतत प्रयास ही आपको सफल व्यक्तित्व बनाती है और व्यक्तित्व निर्माण करने के लिए आपको दी जाने वाली शिक्षा निरंतर होनी ही चाहिए जो कि विद्यालय में उपस्थिति पर निर्भर करती है। शिक्षक हमेशा चाहते हैं कि छात्र कोई भी लेक्चर मिस ना करे, जो छात्र कक्षा में रेगुलर रहते हैं वो सभी क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व करते हैं।

एस आर के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान ने कहा कि हमें रेगुलर रहने के साथ कठोर परिश्रम करना चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान के संकाय अध्यक्ष, प्रवक्ता, स्टॉफ व लगभग 5000 छात्र उपस्थित रहे।

# ह्यूंडई ने सभी मॉडल में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में किया छह एयरबैग का एलान

**गुरुग्राम।** भारत की पहली स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर और अपनी शुरुआत से ही यात्री कारों की सबसे बड़ी निर्यातक ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को मजूबती देते हुए आज तीन अहम घोषणाएं कीं।

**प्रयासरत**

- अपनी शुरुआत से ही ह्यूंडई मोटर इंडिया ग्राहकों के लिए सेफ्टी टेक्नोलॉजी तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में प्रयासरत

ह्यूंडई के सभी मॉडल और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में 6 एयरबैग मिलेंगे

सुरक्षा के मामले में ह्यूंडई के प्रयासों के प्रमाण के रूप में ह्यूंडई VERNA को Global NCAP की तरफ से एडल्ट एंड चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन के मामले में 5-Star Rating मिली है




भारत के लिए एक सुरक्षित रोडमैप की दिशा में काम करते हुए एचएमआईएल ने 3 मॉडल्स के साथ BNCAP में स्वैच्छिक रूप से हिस्सा लेने का एलान किया है, आगे अन्य मॉडल को भी इसमें लाया जाएगा

इन ऐतिहासिक घोषणाओं को लेकर एमडी एवं सीईओ श्री उनसू किम ने कहा, ह्यूंडई में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचर्स के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में 6 एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त, GNCAP की तरफ से ह्यूंडई VERNA को एडल्ट एंड चाइल्ड आक्यूपेंट प्रोटेक्शन के लिए मिले 5-Star Rating के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है। हम केवल स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर ही नहीं, बल्कि सेफ मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर भी हैं। भारतीय सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाते हुए एचएमआईएल भारत में व्हीकल सेफ्टी के मानकों को और ऊपर उठाने के अपने प्रयासों को जारी रखेगी।

अपनी शुरुआत से ही ह्यूंडई मोटर इंडिया ग्राहकों के लिए सेफ्टी टेक्नोलॉजी तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में प्रयासरत है। 2023 में एचएमआईएल ने महत्वपूर्ण सेफ्टी इक्विपमेंट को स्टैंडर्ड फीचर बनाते हुए और हाई वॉल्यूम मॉडल्स में एक्टिव एवं पैसिव सेफ्टी फीचर्स को बढ़ाते हुए सुरक्षा के मामले में कई महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए हैं।

# एम पी बिरला सीमेन्ट द्वारा वार्षिक डीलर सम्मान समारोह का आयोजन



विगत 27 और 28 सितम्बर को एम पी बिरला सीमेन्ट द्वारा वार्षिक डीलर सम्मान समारोह-2023 का आयोजन आगरा के ताज होटल में किया गया।इस दो दिवसीय सम्मेलन में उ प्र उत्तराखण्ड दिल्ली एव हरियाणा के 2000 से अधिक डीलर्स की सहभागिता रही और विभिन्न रंगा-रंग कार्यक्रम के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीलर्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।उपरोक्त भव्य कार्यक्रम में कम्पनी के मुख्य अतिथि ग्रुप एम डी एण्ड सी ई ओ श्री सन्दीप घोष के साथ ग्रुप सी एफ ओ श्री आदित्य सरावगी प्रेसीडेन्टसेल्स व लाजिस्टिक श्री कालीदास प्रमाणिक कम्पनी के जोनल हेड( यू पी व नार्थ श्री संजय भण्डारी द्वारा मार्ग-दर्शन एवं उपलब्धियों के साथ-साथ कम्पनी के भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया गया।अवगत हो कि एम पी बिरला सीमेन्ट पूरे उ प्र व नार्थ में अपनी मजबूत डीलर्स नेटवर्क के साथ विभिन्न श्रेणियों के ग्राहक वर्ग और प्रतिष्ठित राष्ट्र निर्माण के प्रोजन्क्ट्स में अपना महत्वपूण्ड्ड योगदान बनाये हुये हैं। इस अवसर पर कम्पनी के सभी अधिकारी सेल्स प्रमोटर्स व इंजीनियर्स की टीम उपस्थित रही।

## कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक, जो वित्त वर्ष 2023 के लिए फंड की लागत, खुदरा जमा और सीएएसए जमा की दृष्टि से भारत के अग्रणी एसएफबी में से एक है ने आईपीओ के लिए अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ दाखिल किया है। बैंक ने 2016 में भारत के पहले लघु वित्त बैंक के रूप में परिचालन शुरू किया और वित्तीय वर्ष 2023 तक एसएफबी के बीच 99.82% के प्रत्याभूत ऋण के उच्चतम अनुपात के साथ अन्य एसएफबी की तुलना में कई परिसंपत्ति वर्गों में बड़े खाते के साथ सबसे विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो है। बैंक की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी करके धन जुटाने की है, जिसमें कुल मिलाकर 450 करोड़ रु. तक के इक्विटी शेयर्स का फ्रेश इश्यू (÷फ्रेश इश्यू÷) और 2,412,685 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। 2,412,685 इक्विटी शेयरों तक के ऑफर फॉर सेल में ओमान इंडिया ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट फंड ढ्ढढ्ढ के 836,728 इक्विटी शेयर; पीआई वेंचर्स एलएलपी के 337,396 इक्विटी शेयर; एमिकस कैपिटल प्राइवेट इक्विटी I एलएलपी के 604,614 इक्विटी शेयर; एमिकस कैपिटल पार्टनर्स इंडिया फंड I (निवेशक बिक्रेता शेयरधारक) के 70,178 इक्विटी शेयर और डीआरएचपी में सूचीबद्ध कुछ अन्य व्यक्तियों (अन्य विक्रेता शेयरधारक) के 563,769 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी की योजना प्री-आईपीओ प्लेसमेंट राउंड में 90 करोड़ रुपये जुटाने की है। यदि ऐसा प्लेसमेंट किया जाता है, तो नए इश्यू का आकार कम हो जाएगा।नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड (पूर्व में एडलवाइस सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड और इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (÷एनएसई÷) जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# नई रीसर्चः बादाम के साथ स्नैकिंग वज़न प्रबन्धन में हो सकती है कारगर



दो नए वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि बादाम से आहार की गुणवत्ता बढ़ती है और वज़न के प्रबन्धन में मदद मिलती है। बादाम ओबेसिटी/ मोटापे या अधिक वज़न वाले व्यस्कों के लिए कम कैलोरी की डायट में शामिल कर वज़न घटाने में कारगर हो सकते हैं।

Obesity में प्रकाशित पहले अध्ययन , जिसे ऑल्मण्ड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषण दिया गया, इस अध्ययन में 25-65 वर्ष के 140 ऑस्ट्रेलियाई लोगों पर नौ महीने के लिए अध्ययन किया गया, जो अधिक यानि मोटापे के शिकार थे। अध्ययन के पहले तीन महीनों के दौरान प्रतिभागियों ने मेवों से रहित या बादाम से युक्त आहार के साथ अपनी रोज़मर्रा की कैलोरी को 30 फीसदी कम किया (बादाम उनकी रोज़मर्रा की कैलोरी की ज़रूरत का 15 फीसदी हिस्सा पूरा कर रहे थे, जो 1.0-1.76 आउंस-30-50 ग्राम के बराबर है)। दोनों आहारों में प्रतिभागियों के वज़न में औसतन 15 पाउण्ड/ 7 किलो की कमी आई और तीन महीने बाद उनके लीन बॉडी मास में भी सुधार हुआ। इसके अलावा अगले छह महीनों में उनका वज़न लगभग 2 पाउण्ड / 1 किले कम हुआ। बादाम का सेवन करने वाले प्रतिभागियों में लीपोप्रोटीन सबफ्रैशन (एक प्रकार का लीपोप्रोटीन जो रक्त में कॉलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लीसराईड लेकर जाता है) में सुधार हुआ, जिससे दिल की बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। वैज्ञानिक अध्ययनों ने सुझाव दिया है, हालांकि प्रमाणित नहीं किया है कि रोज़ाना 1.5 आउंस मेवे खाने और साथ में कम मात्रा में सैचुरेटेड वसा और कॉलेस्ट्रॉल से युक्त आहार के सेवन से दिल की बीमारियों की संभावना कम हो जाती है।

## जॉनसन एंड जॉनसन विजन के ACUVUE ने रणवीर सिंह को नियुक्त किया

**मुंबई।** जॉनसन एंड जॉनसन विजन नेत्र स्वास्थ्य में वैश्विक लीडर और जॉनसन एंड जॉनसन मेडटेक का हिस्सा ने आज घोषणा की कि उसने नई पीढ़ी और मिलेनियल्स को कॉन्टैक्ट लेंस आज़माने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ हाथ मिलाया है। इस कैंपेन का उद्देश्य आंखों के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता पैदा करना और नए कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वालों का स्वागत करने के ACUVUE के मिशन को बढ़ाना है। यह इस पर केंद्रित है।सुश्री टिनी



सेनगुप्ता बिजनेस यूनिट डायरेक्टर विजन केयर इंडिया जॉनसन एंड जॉनसन विजन ने लॉन्च के बारे में बात करते हुए कहा ACUVUE उदाहरण के तौर पर अग्रणी है और कॉन्टैक्ट लेंस के बारे में जागरूकता पैदा करके भारत में आंखों के स्वास्थ्य में बदलाव ला रहा है। ACUVUE दुनिया भर में कॉन्टैक्ट लेंस का स्न1 बिकने वाला ब्रांड परिवार है लेकिन भारत में कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग अभी भी कम है। हम ACUVUE को भारत में कॉन्टैक्ट लेंस ब्रांड की नंबर 1 पसंद बनाने के मिशन पर हैं।

## मीशो प्लेटफॉर्म पर नॉन जीएसटी विक्रेता भी कर सकेंगे बिक्री

**लखनऊ।** भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने घोषणा की है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर नॉन-जीएसटी विक्रेता भी बिक्री कर सकेंगे। मीशो ने 01 अक्टूबर, 2023 से नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को अपने प्लेटफॉर्म पर बिक्री शुरू करने में समर्थ बनाने के लिए कई टेक्नोलॉजिकल अनुकूलन किए हैं। मीशो ने यह शुरुआत हाल ही में जीएसटी काउंसिल द्वारा 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने की अनुमति मिलने के बाद की।

इस बारे में मीशो के को-फाउंडर एवं सीईओ, विदित आत्रेय ने कहा भारत सरकार ने ऑनलाइन बिक्री करने वाले छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी पंजीकरण की अनिवार्यता को खत्म करने का ऐतिहासिक निर्णय लेकर एक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाया है। इससे न केवल आर्थिक विकास, बल्कि देश में कारीगरों, शिल्पकारों, महिला उद्यमियों और लाखों एसएमई को सशक्त बनाने की ओर सरकार की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। मीशो में हम इस ऐतिहासिक प्रगति के लिए उत्साहित हैं। हमारा मानना है कि इस छूट से न केवल उद्यमियों को विस्तृत अवसर मिलेंगे, बल्कि हमारे उत्पादों का विस्तार होकर ग्राहकों का अनुभव भी बेहतर बनेगा। मीशो छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ एमएसएमई को डिजिटल युग में आगे ले जाने और एक 'आत्मनिर्भर भारत' का निर्माण करने के लिए तत्पर है। हम 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य के साथ इस परिवर्तनकारी यात्रा के लिए आशान्वित हैं। इस बारे में नैस्कॉम के वाईस-प्रेसिडेंट और हेड, पब्लिक पॉलिसी, आशीष अग्रवाल ने कहा हम सरकार द्वारा छोटे व्यवसायों को जीएसटी के अंतर्गत पंजीकरण कराये बिना ऑनलाइन बिक्री करने की अनुमति दिये जाने से उत्साहित हैं।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ पर उत्तर प्रदेश के 4 कारीगरों को प्रतिष्ठित सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया

**लखनऊ।** डिजिटल स्किल के माध्यम से मॉर्डन टूल में पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अठारह ट्रेड में शिल्पकारों को कुशल बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। केंद्र द्वारा फंडिड 13,000 करोड़ रुपये की यह योजना पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने, उद्यमशीलता टैलेंट को आगे बढ़ाने, स्थानीय उत्पादों को बाजार देने और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए लक्षित कौशल विकास इंटरवेंशन के माध्यम से 30 लाख कारीगरों को लाभान्वित करेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ÷देश के रोजमर्रा के जीवन में विश्वकर्माओं के योगदान और महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने टिप्पणी की कि चाहे टेक्नोलॉजी कितनी भी प्रगति क्यों न कर ले, विश्वकर्मा समाज में हमेशा महत्वपूर्ण बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि विश्वकर्माओं को मान्यता दी जाये और उनका सहयोग किया जाये। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर में बड़ी कंपनियाँ अपना काम छोटे उद्यमों को सौंप देती हैं। आउटसोर्स का यह कार्य हमारे विश्वकर्मा मित्रों को मिलना चाहिए और वे ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनें, हम इसके लिए काम कर रहे हैं। इसलिए यह योजना विश्वकर्मा बंधुओं को आधुनिक युग में ले जाने का एक प्रयास है। योजना के तहत, पात्र लाभार्थियों को बायोमेट्रिक-आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से निःशुल्क पंजीकृत किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी, साथ ही कौशल उन्नयन जिसमें बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण और 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन शामिल होगा। इसके अलावा, डिजिटल लेनदेन और मार्केटिंग सपोर्ट के लिए प्रोत्साहन के अलावा, 5% की रियायती ब्याज दर पर 1 लाख रुपये (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) तक कोलैटरल फ्री क्रेडिट सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई एचसीएल फाउंडेशन की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एचसीएल फाउंडेशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग विभाग समुदाय परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एचसीएल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करें। समूह आधारित गतिविधियों के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में एक शेड बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए जिसके नीचे बैठकर समूह उत्पादक गतिविधियां संचालित हो सकें। सुविधा सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सौर ऊर्जा स्थापन के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। दिव्यांग जनों के लिए विशेष विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को एचसीएल के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम व मैम बच्चों को सुपोषित करने के लिए समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। टेली मेडिसिन सुविधाओं का विस्तार किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पीडी गजेंद्र तिवारी, अन्य संबंधित अधिकारी व एचसीएल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# निर्धारित लक्ष्य से अधिक हुआ सदस्यता महा-अभियानः अशोक

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि0, हरदोई के प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह द्वारा आहूत प्रेस वार्ता में अवगत कराया गया कि भारत सरकार की समृद्धि योजना के तहत पैक्स को आत्मनिर्भर करने हेतु बी पैक्स सदस्यता महा अभियान जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया जिसे जनपद हरदोई में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बी-पैक्स सदस्यता महा-अभियान का 01 सितम्बर 2023 से 30 सितम्बर .2023 तक सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य से अधिक सदस्यता जन सामान्य को ग्रहण कराते हुये सदस्यता महा-अभियान का समापन हुआ। सदस्यता महा-अभियान के तहत् जनपद में 55747 लोगों द्वारा सदस्यता ग्रहण करते हुये रू0 124.37 लाख के अंशधन का योगदान किया गया। जनपद की कुल 197 समितियों में 84 निष्क्रिय समितियों में से 79 समितियों को सक्रिय करते हुये सबसे ज्यादा सदस्यता ग्रहण कराने वाली समितियों में बी-पैक्स बांसा, ककरा तथा ईश्वरपुर साई जैसी परिसमापनाधीन समिति में सबसे ज्यादा सदस्यता ग्रहण की गयी। हरदोई डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि0, की शाखा शाहाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये 6250 सदस्य बनाते हुये रू0 13.87 लाख अंशधन एकत्र किया जबकि शाखा पिहानी ने 5566 तथा शाखा कछौना ने 5212 सदस्य बनाते हुये रू0 12.59 लाख व रू0 11.56 लाख एकत्र किया। जनपद के भरखनी विकास खण्ड में सबसे ज्यादा 4688 कृषक/अकृषक सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण करते हुये रू0 10.48 लाख का अंशधन दिया। जनमानस द्वारा परम उत्साह का प्रदर्शन करते हुये एवं समितियों के पुनः गठन की इच्छा दर्शित की है। जनपद के सहकारिता तन्त्र से जुड़े को आपरेटिव बैंक तथा सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुये मा0 सहकारिता मंत्री श्री जे0पी0एस0 राठौर के प्रबल मार्गदर्शन में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है, साथ ही अध्यक्ष महोदय ने बैंक एवं विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुये अधिकाधिक सदस्य बनाने वाली तीन बी-पैक्स के कर्मचारियों को तथा विकास खण्ड एवं बैंक शाखा कर्मचारियों को पुरुस्कृत करने की भी घोषणा की एवं विभिन्न सहकारी संस्थाओं केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार के अध्यक्ष श्री विनोद राठौर, कय-विक्रय समिति के अध्यक्ष सुशील अवस्थी एवं सहकारी विकास लि0 के अध्यक्ष रामदास गुप्ता का इस सदस्यता महा अभियान में सहयोग करने का आभार व्यक्त किया।

## पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए समय-सारिणी निर्धारित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु शासन द्वारा समयसारिणी के अनुसार शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा तैयार की कार्यवाही 19 दिसम्बर 2023 तक पूरी की जानी है। निर्गत समयसारिणी के अनुसार छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। श्री कुमार ने बताया कि शासन द्वारा निर्गत समय-सारणी के अनुसार छात्र-छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि 08 जनवरी 2024 तथा शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने तिथि 11 जनवरी 2024 निर्धारित है।

# गौशाला की साफ-सफाई चाक-चौबंद रखें

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बावन विकास खण्ड में स्थित विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले जिलाधिकारी ने बावन स्थित गौशाला का निरीक्षण कर स्टाफ से गोशाला की व्यवस्थाओं को लेकर संवाद करते हुए कहा कि गोशाला में संरक्षित पशुओं की अच्छे से देखभाल के साथ भूसा एवं हरे चारे आदि समय की व्यवस्था करें तथा गोशाला की साफ-सफाई चाक-चौबंद रखें। गोशाला में 270 से अधिक पशुओं की संख्या पर जिलाधिकारी ने बीडीओ तथा प्रधान प्रति को निर्देश दिये गोशाला में एक अतिरिक्त टीन शेड की व्यवस्था कराने के साथ साड़ों के लिए अलग गौशाला का निर्माण करायें और गाय एवं साड़ो का अलग-अलग रखा जाये और गोशाला में जाली की व्यवस्था देखकर उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। गोशाला के निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गोवर्धन संयंत्र का निरीक्षण किया तथा संयंत्र की कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को संयंत्र का कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संयंत्र से गोबर गैस का उत्पादन होने पर ग्रामवासियों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी राम प्रकाश, पशु चिकित्सा अधिकारी डीपी सिंह, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व प्रधान प्रतिनिधि हमीद अहमद पप्पू आदि उपस्थित रहे।

## जैन पंचायत के बहुचर्चित चुनाव में 330 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन

**ललितपुर।** दिगम्बर जैन पंचायत समिति ललितपुर के द्विस्तरीय वहुचर्चित में प्रथम चरण के लिए 330 प्रत्याषियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। जिसमें प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति संयोजक के लिए दो-दो एवं महामंत्री के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामाकंन दाखिल किए। नामाकंन की प्रक्रिया षुरू होने से चुनावी चहलपहल शुरू हो गई है। उक्त जानकारी देते हुए दिगम्बर जैन पंचायत समिति के चुनाव अधिकारी अरविन्द जैन अंकुर एवं सत्येन्द्र जैन गदयाना ने संयुक्त रूप से बताया कि नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष के लिए डा.अक्षय टडैया एवं ज्ञानचंद इमलया, महामंत्री के लिए आकाश जैन, अशोक मोदी, डा.संजीव कडंकी एवं संयोजक के लिए सनत जैन खजुरिया, सुरेश बडैरा शामिल हैं। नगर के विभिन्न वार्डो के लिए 159 प्रतिनिधि सभा सदस्य के लिए 323 सदस्यों ने नामांकन किया। नगर के वार्ड वार्ड सिविल लाइन प्रथम से 13, सिविल लाइन द्वितीय से 28, सिविल लाइन तृतीय से 20, गांधीनगर प्रथम से 23, गांधीनगर द्वितीय से 9, आजादपुरा से 27, नजाई बाजार से 16, तालाबपुरा प्रथम से 15, तालाबपुरा द्वितीय से 19, सरायपुरा से 9, लक्ष्मीपुरा नदीपुरा से 12, बाहुवलिनगर से 38, छत्रसालपुरा से 17, कटरा बाजार से 18, चौबयाना मउठाना से 13, महावीरपुरा से 9, रावरपुरा सुभाषपुरा से14, सरदारपुरा से 12, इलाइट से 11 प्रतिनिधि सभा के लिए सदस्य चुने जाएगे। चुनाव प्रक्रिया संचालित करने के लिए अभिनंदनोदय तीर्थ में कार्यालय स्थापित किया गया है जहां से चुनाव प्रक्रिया संचालित होगी।

# मनियारपुर में 17 रबीउल अव्वल को निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** कुड़वार क्षेत्र के मनियारपुर गांव में 17 रबीउल अव्वल मंगलवार को हज़रत मोहम्मद स. की यौमे विलादत पर जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। पैगंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद (स.) की यौमे विलादत (जन्मदिन) पर मंगलवार को शिया सुन्नी मिलकर मजहबी जुनून के साथ देश प्रेम का जज्बा देखने को मिला। जुलूस बड़ा इमामबाड़ा से सुबह 9 बजे जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में शायर अख्तर सिरसिवी मुरादाबाद, आमिर फैजाबादी,मुनव्वर जलालपुरी और सिरताज अंसारी कैफी अंसारी,अहले सुन्नत के कई शायर ने नातिया कलाम व कसीदा पेश किया। जुलूस में सिर पर हरा साफा बांध कर हाथों में मजहबी झंडा व तिरंगा लहराते हुए जुलूस में शामिल हुए। जुलूस में हर तरफ नबी की आमद मरहबा सरकार की आमद मरहबा हुजूर की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा व नारे हैदरी की सदाएं बुलंद होती रही। जुलूस में बड़ों के अलावा बच्चों का उत्साह भी देखने को मिला। रास्ते भर मिठाईयां फल शरबत व खाने पीने की चीजों का वितरण किया गया। जुलूस दरगाह ए आलिया पर मौलाना आज़म हुसैन ने तकरीर किया और जुलूस वहीं समाप्त हुआ। गुलाम अब्बास ने जुलूस में आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर अनसर रिज़वी आग़ा नजफ युसुफ रजा अकबर गुलफाम अली सम्मू मीसम अली मोहम्मद जौन मेहदी मोहम्मद अकरम मो हुसैन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह जानकारी शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के युवा प्रदेशध्यक्ष फज़ल रिज़वी फैज़ ने दी।

# महाविद्यालय का मनाया गया स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** प्रत्येक वर्षो के भाति इस वर्ष भी पंडित राम केदार राम किशोर त्रिपाठी महाविद्यालय रवनिया पश्चिम सुल्तानपुर में महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव 1 अक्टूबर को मां सरस्वती ,पंडित राम केदार एव रामकिशोर त्रिपाठी जी के प्रतिमाओं पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक प्रबधक डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी जी ने फूल माला चढ़ाकर साथ ही दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक मल्टीमीडिया का प्रभाव लोगों द्वारा सराहा गया ।छात्राओं ने नाटक द्वारा लोगों को मोबाइल के दुरुपयोग के प्रति सचेत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डॉक्टर ओमप्रकाश त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में इस सुदूर क्षेत्र में स्थापित महाविद्यालय में छात्राओं की शिक्षा दीक्षा की पहल को आगे बढ़ाते हुए लोगों से इस महाविद्यालय का लाभ उठाने का आह्वान किया। महाविद्यालय में जनपद सुल्तानपुर के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधाकर सिंह जी ने भी अपने संबोधन उपस्थित जनसमूह को भविष्य में आने वाली चुनौतियां से सजक किया। साथ ही छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना एव प्रशंसा की ।संत तुलसीदास पी जी कालेज कादीपुर सुल्तानपुर के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर इंदु शेखर उपाध्याय ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पधारे सभी अतिथियों का डॉक्टर शैलेंद्र त्रिपाठी जी द्वारा महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह ,अंगवस्त्रम से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवामित्र मोबाइल एप से घर पहुंचेगी सुविधा

**गोण्डा।** सेवायोजन विभाग द्वारा sewamitra.uà¿.gov.in नाम से सेवामित्र पोर्टल व मोबाइल एप विकसित किया गया है, इस डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर आम नागरिकों व सभी विभागों को घरेलू सेवायें सर्विस प्रोवाइडर द्वारा कुशल कामगारों के माध्यम से उपलब्ध करायी जाती है। घरेलू सेवाओं का लाभ लेने एवं देने वाले कामगारों की सुविधा के लिए टोल फ्री नम्बर-155330 सेवामित्र हेल्पलाइन की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इन सेवाओं में पैथालाजी, डा0 आनकाल, प्लम्बर, इलैक्टीशियन, एसी / टी0वी0 रिपेरिंग मोटर मैकेनिक, टैक्सी बुकिंग, बढई, रंगाई-पुताई, इत्यादि सेवायें उपलब्ध है। सहायक निदेशक सेवायोजन आशा वर्मा ने बताया कि कुशल कामगार सेवामित्र एप पंजीयन कराकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। जिससे हर हाथ को काम घर बैठे प्राप्त हो सकें।

### साधन सहकारी समितियां पर मिलेंगी दवाएं

**सुल्तानपुर।** कोऑपरेटिव सामान्य बैंकों की तरह कार्य करने के लिए सक्रिय हो उठी है। जिला अध्यक्ष भाजपा डॉक्टर आरए वर्मा एवं अध्यक्ष सहकारी समिति योगेंद्र प्रताप सिंह के संयुक्त प्रावधान में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सहकारी समितियां के विकास एवं विस्तार पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि हमने शान द्वारा दिए गए लक्ष्य का 104 प्रतिशत हासिल कर लिया है। सुल्तानपुर ने 75,9979 रुपए शेयर कैपिटल और अमेठी ने 4968570 शेयर कैपिटल हासिल किया है। सुल्तानपुर में कादीपुर की लक्ष्मणपुर की साधन सहकारी समिति ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सरकार की तरफ से कोऑपरेटिव को 32200 लक्ष्य प्रदान किया गया था। जिसमें से कोऑपरेटिव ने 33318 सदस्य बनाए हैं। जिले में कुल 13 समितियां ने लक्ष्य हासिल नहीं किया है । जहां सुधार के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

### जिलाधिकारी से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल



**सुल्तानपुर।** जिला उद्योग प्रतिनिधि मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने नवागत जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना जी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष आनंद पांडेय ने पदाधिकारियों सहित मुलाकात की। पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्णचंद्र बरनवाल, जिला मंत्री सरदार हरजीत सिंह,जिला महामंत्री सरदार जसवीर सिंह, जिला मंत्री रमेश चंद्र श्रीवास्तव, जिला युवा अध्यक्ष बृजेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जुबैर अहमद,जिला उपाध्यक्ष निसार अहमद राजा, जिला मंत्री लालजी चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष कुंवर साहब सिंह, नगर महामंत्री मंजूर अहमद, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारी की समस्या के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय से भी मुलाकात की।

# डीएम व सीडीओ ने 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जनपद में 03 से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित होने वाले ''विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी सुश्री राम्या आर. के साथ कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच से ''संचारी रोग नियंत्रण माह जागरूकता रैली'' को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि दिमागी बुखार एक जानलेवा बीमारी है। यह मच्छरों के काटने एवं दूषित पानी का उपयोग खाना बनाने एवं पीने में करने से फैलती है। अधिकांशतः 15 वर्ष की आयु तक के बच्चे इस रोग से ग्रसित होते हैं। उन्होंने बताया कि अचानक तेज़ बुखार आना, मरीज़ के व्यवहार में अचानक परिवर्तन का आना, मरीज़ का पूरी तरह होशो हवास में न होना तथा मरीज़ को पहली बार झटके आना दिमागी बुखार/नवकी बिमारी के लक्षण हैं। यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दे तो उसे तुरन्त सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जायें। स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि शौच के लिए शौचालय का उपयोग करें। शौच के बाद व भोजन करने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोयें। घर के आस-पास जल निकासी का उचित प्रबन्ध करें जिससे पानी का जमाव न हो। क्योंकि ठहरे हुए पानी में मच्छर अण्डे देते हैं। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। प्रातः एवं सॉयकाल जब मच्छर अधिक सक्रिय होते हैं, उस समय शरीर को पूरा ढक कर रखें। बच्चों को पूरे आस्तीन की कमीज़, फुल पैंट एवं मोज़े पहनायें। जापानीज़ इन्सेफेलाइटिस (जे.ई.) विषाणु से बचाव के लिए बच्चों को दिमागी बुखार का टीका अवश्य लगवायें। दिमागी बुखार के सम्बन्ध में अपने नज़दीकी अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्र से तत्काल सम्पर्क करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एस.के. सिंह ने बताया कि ''संचारी रोग नियंत्रण माह जागरूकता रैली'' नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को दिमागी बुखार के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, डीपीएम सरजू खान, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।





# जिले में संचारी रोगों के खिलाफ शुरू हुआ विशेष अभियान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ अभियान शुरू हुआ। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कालेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली निकाली गई। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सदर विधायक ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ्य रहे। इसे ध्यान में रखकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। मौसम बदल रहा है। इस मौसम में बुखार, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के केस निकलने लगते है। इसके लिए हमें सजग रहने की आवश्यकता है। अपने घर के आसपास और व्यक्तिगत साफ सफाई ख्याल रखे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद कि जनपद में आज यानि 3 अक्टूबर को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अभियान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों के माध्यम से जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही सम्बंधित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित अभियान को सफल बनाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। नोडल अधिकारी डा.आर.एन.सोनी ने बताया कि इस अभियान में शूकर पालन स्थल पर वेक्टर नियंत्रण की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही शूकर पालकों को शूकरबाड़े की साफ-सफाई कीटनाशक छिड़काव तथा जाली से ढकने हेतु प्रशिक्षित करने का भी कार्य किया जाएगा।

## वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू की माताजी का आकस्मिक निधन, शोक लहर



**ललितपुर।** जिले के प्रख्यात मूर्धन्य पत्रकार स्व पं.सुखदेव तिवारी जी की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार अजय तिवारी नीलू की पूज्यनीय माताजी कृष्णकान्ती जी जिन्हें सभी अम्मा कहकर संबोधित करते थे, का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही शहर में शोक लहर दौड़ गयी। आज सायंकाल उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। अम्मा जी के अंतिम संस्कार मे सैकड़ों की संख्या मे जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, राजनेताओं, पत्रकारों, व्यापारियों और कई अधिकारियों सम्मिलित होके अपनी श्रद्धांजलि दी एवं शोक संवेदनायें प्रकट की।

## आउटसोर्सिंग कर्मी को ना किया जाए सीधे भुगतान

**गोण्डा।** आउटसोर्सिंग कर्मचारी के मानदेय का भुगतान विभाग द्वारा सीधे उनके खाते में किए जाने को लेकर देवीपाटन मंडल के आयुक्त ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों एवं समस्त मंडलीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के खाते में विभाग द्वारा सीधे अथवा चेक के माध्यम से मानदेय का भुगतान बिल्कुल ना किया जाए। यदि किसी विभाग द्वारा इस तरह से भुगतान किया जा रहा है तो उसे तत्काल बंद कराकर नियमानुसार ही भुगतान की कार्रवाई की जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.:–22-DYCEGA-2023**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:– **क्र.सं.:– 1, कार्य का विवरण:**– गोरखपुर में – उप मुइं/गो. क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में 300 इकाई टाइप–II एवं टाइप–III आवासों मे टूटे–फूटे छतों एवं पानी की टंकियों का बदलाव।, **अनुमानित लागत (रु0 में):**– 2,19,30,218,24, **बयाने की राशि (रु0 में):**– 2,59,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**– रू. 0.00, **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय:**– 12 माह, **कुल योग:**– 2,19,30,218.24, 1. ई–निविदा के खुलने की तिथि **दिनांक 27.10.2023 को 11:00** बजे।, 2. ई–निविदा की बिडिंग तिथि **13.10.2023 से 27.10.2023 समय 10:59 बजे** तक।, 3. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू–340

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# गोण्डा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ पूरे उत्तर प्रदेश शुरू हो गया है। गोण्डा में लोगों को जागरूक करने के लिए शहर के गांधीपार्क से एससीपीएम कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गयी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली व सीएमओ डा. रश्मि वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।? यह अभियान पूरे अक्टूबर महीने तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर घर जाकर लोगों को जागरुक करेगी। गांधी पार्क से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को खुद सजग रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें। जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा और इस रोग को नियंत्रित करने में मदद मिल सकेगी। डीएम ने अपील की कि सभी लोग एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा पंचायती राज विभाग, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, उद्यान, नगरपालिका व नगर पंचायत और सूचना विभाग को शामिल किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सीएमओ ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण माह एक से 31 अक्टूबर तक एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनिया, फाइलेरिया, टीबी से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक करेंगे। संचारी रोगों के रोकथाम को लेकर मंगलवार को आयोजित जागरुकता रैली को रवाना करने से पहले डीएम ने सभी उपस्थित छात्र -छात्राओं व अन्य लोगों को स्वच्छता अपनाने की शपथ भी दिलायी। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गोण्डा संजय कुमार मिश्र, डिप्टी सीवीओ, एससीपीएम के डारेक्टर अजिताब दूबे, सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



- डीएम ने हरी झंडी दिखाकर की संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत
- घर-घर जाकर संचारी रोगों के बारे में किया जायेगा जागरूक
- अक्टूबर भर चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान
- एक से 31 तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

### 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान

सीएमओ ने बताया कि इसी बीच 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत क्षय रोगियों को भी खोजा जाएगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की पहचान करेंगी। इसके अलावा लंबे समय से बुखार, खांसी जैसे लक्षणों वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी लेंगी।उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा जाएगा। आशा कार्यकर्ता मौसमी बीमारियों से बचाव और उसके इलाज के बारे में भी जानकारी देंगी। दस्तक अभियान के दौरान घर-घर टीबी के संभावित मरीजों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। क्षय रोग के लक्षण वाले किसी व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, यूनिसेफ डॉक्टर शेषनाथ सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ –उ.रे.–मंडल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-JNH-FW-112-23-2 (Parking-Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लाट) | 13.10.2023 समय 13.00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 13.10.2023 समय 13.30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-RBL-123-23-11 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लाट) | 13.10.2023 समय 13.00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 13.10.2023 समय 13.40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LKO-TW-83-23-3 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लाट) | 16.10.2023 समय 13.00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 16.10.2023 समय 13.30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

3035/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आंगनबाड़ी व आशा के कार्यक्षेत्र के एकीकरण प्रशिक्षण का समापन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं आशा के कार्य क्षेत्र एकीकरण के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला सीएमओ ऑफिस के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार के अध्यक्षता में समापन हुआ जिसमें , डीपीओ राजीव सिंह ,डीपीआरओ विशाल सिंह , डीपीएम एन आर एन एम ऋतुजय श्रीवास्तव, मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार, समापन के दौरान उपस्थित रहे मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार ने कहा कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार संयुक्त रूप से जारी शासनादेश के अनुसार प्रदेश में पहली बार इस प्रकार का जिले स्तर पर अभिनव का प्रयास किया जा रहा है। जिले में इस कार्यशाला के पश्चात एक सप्ताह के अंदर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एएनएम, मुख्य सेविका, संगिनी को प्रशिक्षित किया जाएगा एवं इसके पश्चात ग्राम स्तर पर इन कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र का भौतिक सत्यापन करते हुए क्षेत्र एकरूपता की कार्यवाही की जाएगी। करते हुए कहा कि समय के भीतर सभी गतिविधि संपादित कर ली जाय प्रशिक्षण सीनियर स्टेट स्पेशलिस्ट ओम प्रकाश द्वारा सभी ब्लॉकों के स्वास्थ्य कर्मियों व और निर्देशित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं आशा के कार्य क्षेत्र का होगा एकीकरण आयोजित ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के दौरान आशा और आंगनबाड़ी के ड्यू लिस्ट एवम रिकार्डों में भिन्नता होती है, जिसके कारण लाभार्थियों को सेवाओं से वंचित होने की संभावना होती हैं। इस कारण इस गतिविधि को किया जाना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान राज्य तकनीकी सहायक से सीनियर स्टेट स्पेशलिस्ट के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया कि ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर, एएनएम, सीएचओ को प्रशिक्षित करने के बारे में बताते हुए कार्य योजना तैयार कराई गई। इस अवसर पर राज्य तकनीकी सहायक से सीनियर स्टेट स्पेशलिस्ट स्टेट स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर्स, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, पंचायती राज से सभी ए डी ओ पंचायत व सभी प्रखंड से बाल विकास परियोजना आंगनबाड़ी के सीडीपीओ और सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे लोगों ने प्रतिभाग किया । कार्यशाला का प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि वर्तमान में आशा और आंगनबाड़ी का क्षेत्र में विभिन्नता होने के कारण कई लाभार्थी स्वास्थ्य और पोषण की सेवाएं यथा टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों की पोषण जांच एवं अन्य संबंधित सेवाओं से वंचित हो जाते हैं। इसके अलावा ग्राम स्तर पर अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डॉ स्नेहा मंजुल, अमित त्रिवेदी, आलोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फोर व्हीलर वाहनों के उतारे गए ब्लैक फिल्म

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिले भर में यातायात पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को फोर व्हीलर वाहनों से ब्लैक फिल्म उतारने का अभियान चलाया गया जिनमें जिला मुख्यालय स्थित एक दर्जन फोर व्हीलर वाहनों से ब्लैक फिल्म करवाते हुए उनको यातायात नियमों का पढ़ाया गया पाठ वही इस दौरान 10 दर्जन वाहनों के हुए ई चालान। यातायात क्षेत्राधिकार विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में जिले भर में प्रतिदिन अलग-अलग अभियान चलाया जाता है जिस क्रम में मंगलवार को फोर व्हीलर वाहनों के शीशे पर लगे ब्लैक फिल्म निकलवाते हुए कड़ी हिदायत दी गई वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी काटा जाएगा दिशा निर्देश किए गए इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह को निर्देशित किया गया कि अपने सर्किल क्षेत्र के सभी प्वाइंटों पर तैनात्मक कर्मचारियों को यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई भी करने को निर्देशित किया गया इसी क्रम में 10 दर्जन के ऊपर टू व्हीलर फोर व्हीलर के ई चालान काटे गए वही निरंतर यह अभियान आगे भी चलाया जाएगा इस मौके पर टीएसआई भारत राय, हेड कांस्टेबल शशिकांत ,उपेंद्र यादव, संजय कुमार, मंगल सिंह, सुनील कुमार, अरुणेंद्र सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में 'ग्रैंड पैरेंट्स-डे' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/रेनुकूट।** हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 के प्रांगण में उल्लास के साथ 'ग्रैंड पैरेंट्स-डे' का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं बच्चों के स्वागत-गान के साथ हुआ।

कार्यक्रम मे पधारे दादा दादी के बीच सामाजिक सौहार्द्र एवं मैत्री -भाव से पूरित विभिन्न खेलों, म्युज़िकल चेयर, मसालों की पहचान व अंताक्षरी आदि का आयोजन किया गया जिसमे स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भाव का प्रदर्शन करते हुए म्युज़िकल चेयर प्रतियोगिता के महिला वर्ग में क्रमशः शांति देवी-प्रथम और पूनम देवी-द्वितीय स्थान सुरक्षित रखने में सफल रही, वहीं पुरुष वर्ग में रामनाथ सिंह-प्रथम और विजय कुमार-द्वितीय तथा मसालों की पहचान में अनवरी बेगम व सुमित्रा देवी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, कल्पना सिंह, बच्चों के प्रदर्शन पर पूरी तरह अभिभूत दिखी। अंत में प्राधानाध्यापिका श्रीमती ऋतु भारद्वाज द्वारा कार्यक्रम की प्रासंगिकता के उल्लेखन एवं वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# नव नियुक्त जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने पत्रकारों से किया प्रेस वार्ता

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र /दुद्धी।** दुद्धी कस्बा स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आज सुबह 10:00 बजे नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सोनभद्र भाजपा नंदलाल गुप्ता ने स्थानीय पत्रकारों से प्रेसवार्ता, कर सरकार की उपलब्धियो एवं सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को प्रचंड वोटो से विजय दिलाने को लेकर बातों को कहा प्रेसवार्ता में उन्होंने दुद्धी तहसील मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार को अवगत करा कर समस्याओ के समाधान हेतु भरोसा दिलाया, साथ ही साथ यह भी कहा कि यदि इस क्षेत्र में कहीं भी कोई भी बड़ी समस्या हो तो उसे आप सभी पत्रकार बंधु एक पत्रकार के रूप में नहीं एक समाज सेवी बनकर अवगत काराये, उसे अवश्य समाधान करने का पूर्णता प्रयास करूंगा वहीं कार्यकर्ताओं के प्रति उन्होंने कहा कि किसी भी भाजपा कार्यकर्ताओं मान सम्मान में कोई भी कमी नहीं आएगी और यदि उन्हें कोई भी समस्या होती है ।तो उनके साथ मैं सदैव साथ रहूँगा ।उन्होंने पत्रकार एवं आमजन से जनहित के मुद्दे पर अपना सहयोग देने की अपील किया जिससे कि सोनभद्र सहित दुद्धी विधानसभा के समस्याओं का समाधान हो सके और लोगों को हर क्रियान्वित हो रहे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके ,बीते दिन जनपद सोनभद्र में आए सहयोगी पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेतुका बयान, कि जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में विकास कार्य को लेकर समस्याओ को नही उठाया जाता हैं ।इस मामले को लेकर अध्यक्ष ने बताया कि शायद उन्हें इसकी जानकारी नहीं है,उन्होंने कहा कि जनपद के चारों विधायक क्षेत्र के विकास को लेकर निरंतर सत्र के दौरान मुद्दों को उठाते रहते हैं ,और समस्याओं का समाधान करते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह नगर अध्यक्ष दुद्धी कमलेश मोहन सहित स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी ,राकेश गुप्ता, इब्राहिम खान,देवेश मोहन, जितेंद्र चंद्रवंशी, रवि सिंह ,नीतिश गुप्ता, श्याम अग्रहरि ,मनीष कुमार, राफे खान सहित अन्य पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## चोरी के सामान सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन तहत 2/3 अक्टूबर की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 23/24 सितंबर की रात्रि को थाना कोतवाली नगर के बन्योटा मोहल्ले में अज्ञात चोरों द्वारा अजय कुमार गुप्ता के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को चोरी किये गये सामान के साथ केन नदी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आर.आई.सी. में कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा स्कूल व कालेजों में छात्र छात्राओं को मानसिक रोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को पुरुस्कृत भी किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को रहमानिया इंटर कालेज मौदहा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिस में मंगलवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल द्वारा आयोजित स्कूल/कालेज कार्यशाला के तहत जिला स्वास्थ्य समिति से डॉ मानसी सिंह ने कालेज के समस्त छात्र छात्राओं को मानसिक रोगो से बचाव हेतु जागरूक किया है। जिसमें लाइफ स्किल, तनाव प्रबंधन, आत्महत्या नियंत्रण एवं डिवलेपमेंट आफ कोपिंग स्किल आदि के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए मानसिक रोगो को पहचानने के लक्षण भी बताएं है। वहीं कार्यक्रम के उपरांत एक प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई, जिसमें उत्तीर्ण छात्रों को प्रशस्ति पत्र सहित पुरूस्कार देकर सम्मानित किया है। इस दौरान रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रजिया सुल्ताना एवं अध्यापक कय्यूम अहमद, मुजीब अहमद, आरिफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## जनजागरूकता रैली को किया रवाना

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से खिरनी बाग कचेहरी चौराहा ,नगर निगम कार्यालय होते हुए रोशनी गोदाम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में विशेष संचारी रोग डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया, फ़ाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तथा इसके अंतर्गत दिनांक 16 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा । उन्होने जनमानस से अपील करते हुये कहा है कि सभी लोग संचारी रोग के प्रति जागरूकता अपनाएं तथा अपने आसपास सफाई रखें कहीं भी जलभराव ना होने दें।

# एबीपीएस एवं एबीआईसी रेणुकूट में श्रद्धा से मनाई गई गांधी जयंती



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल एवं आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एबीआईसी में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभात फेरी निकालकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान पर निबन्ध लेखन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग में लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में एबीपीएस के विद्यार्थियों द्वारा बापू जी का लोक प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए के साथ ही साथ रघुपति राघव राजा राम, हे राम हे राम, जग में साँचों तेरे नाम, ठुमक चलत रामचंद्र इत्यादि भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर गाँधीजी की उदारता पर आधारित एक एकांकी का सफल मंचन भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एबीपीएस की प्रधानाचार्या स्मिता साही व उपप्रधानाचार्या मनीषा वैष्णव तथा एबीआईसी के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल एवं उप प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने अपने-अपने विद्यालयों में गाँधीजी व शास्त्रीजी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न होने वाले इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# भण्डार गृह तोड़ने वालों पर कार्यवाही की मांग

- समाजसेवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन
- डीएम को ज्ञापन सौंप की कार्यवाही की मांग

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** प्रदेश की योगी सरकार की जीरो टालरेंस नीति को धता बताते हुए दबंग किस्म के लोग धार्मिल स्थ्लों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ताजे मामले में नरैनी तहसील क्षेत्र के ग्राम पुकारी में स्थित शिव मंदिर के भण्डार गृह को धर्म विशेष के व्यक्तियों को द्वारा तोड़ दिया गया है। जिसको लेकर समाजसेवी की अगुवाई में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में समाजसेवी रामकिशोरी उपाध्याय ने बताया कि नरैनी तहसील क्षेत्र के ग्राम पुकारी में गाटा संख्या 624 का कुल रकबा 0.796 हेक्टेयर है। उक्त रकबे में खाता संख्या 136 का खातेदार चुनवद्दा पुत्र मंगी पट्टेदार है तथा शेष रकबे का जमींदार के समय से खातेदार है। उसी स्थान पर पुल निर्माण के समय ठेकेदार द्वारा एक मंदिर के कार्यक्रम के लिए एक पक्का कमरे का निर्माण कराया गया था। जो कि मंदिर का भण्डार गृह था। जिसको समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे हिन्दु समाज के लोगों के रोष व्याप्त है। जबकि भण्डार गृह को तोड़ने वाले समुदाय विशेष के व्यक्तियों द्वारा उसी स्थान अन्य निर्माण कराया जा रहा है। जिससे धार्मिक एकता को खतरा बना हुआ है। समाजसेवी सहित ग्रामीणों ने मामले जांच कराकर कार्यवाही की मांग डीएम से की है। ज्ञापन देने वालों में कृष्णकुमार, राममनोहर, रामचरन वर्मा, विनय त्रिपाठी, ओमप्रकाश, मिलिया

# बाल विवाह मुक्त करने के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** गांधी जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर साई ज्योति संस्था द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता गीतों का गायन किया। हमीरपुर के तहसील कॉलोनी प्रांगण मे साई ज्योति संस्था द्वारा हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया।

साई ज्योति संस्था के जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने कहा बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के अधिकारों एवं उनके बचपन पर डाका डालती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 20 से 24 वर्ष के बीच की कुल 23.33 प्रतिशत बच्चियों का विवाह 18 वर्ष की कानूनी आयु से पहले ही हो जाता है। यह गंभीर चिंता की बात है, जिस पर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। श्री गौतम ने कहा कि सरकार ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू किया है, जो बच्चों को बाल विवाह से संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा हमारा विश्वास है कि बाल विवाह की बुराई को खत्म करने के लिए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें इस बुराई के प्रति संवेदनशील बनाने की भी आवश्यकता है।




- 16 अक्टूबर को जिले ने 05 लाख लोग लेंगे बाल विवाह मुक्त हमीरपुर बनाने का संकल्प

सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता धीरेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित श्री कैलाश सत्यार्थी ने 16 अक्टूबर 2022 को बाल विवाह समाप्त करने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि देश में 7,588 गांवों से 76,000 साहसी महिला नेता इस बुराई के खात्मे के लिए आगे आई थीं और उन्होंने अपने समुदाय को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ली थी। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता रवि करन ने कहा कि इस अभियान को हमें 14 राज्य सरकारों से समर्थन प्राप्त हुआ और इन सरकारों ने जिला प्रशासनों को इसके बाबत अधिसूचना भी जारी की है। इस अभियान में लगभग 1.9 करोड़ लोग शामिल हुए। सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र केतु ने कहा इस वर्ष भी, हम बाल विवाह समाप्त करने के अभियान को आगे ले जाते हुए पंचायती राज विभाग से जिले में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद जैसे सभी तीनों स्तर पर अभियान के समर्थन व सहयोग का अनुरोध करते हैं।

आज बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता गीतों का गायन किया गया। कार्यक्रम मे भैया लाल की टीम ने जागरूकता गीतों का गायन किया। कार्यक्रम मे सुश्री ऋतु, भैया पाल, दीप चंद्र, जयंत कुमार, रवि शंकर, ओम प्रकाश, के अलावा सैकड़ों की संख्या मे महिला पुरुषों ने प्रतिभाग कर बाल विवाह मुक्त हमीरपुर बनाने के लिए संकल्प लिया।

# जनपद में विगत कई वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं खाद सुरक्षा अधिकारी

## तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा नही दिया गया था स्थानांतरण का अनुमोदन। सहायक आयुक्त खाद द्वितीय

अवधनामा संवाददाता

- शासनादेश के अनुपालन में हो रही है बड़ी कोताही



**हमीरपुर।** सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार को रोकने तथा पारदर्शिता स्थापित करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण रुटीन वे पर होते रहना चाहिए भले ही शासन स्तरीय हों या जनपद स्तरीय क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी एक स्थान पर अधिक समय तक तैनात रहता है तो वह सैटिंग-गेटिगं के सिस्टम मे लिप्त होजाता है जिस से विभाग की पारदर्शिता पर प्रश्न चिह्न लगने लगता है और यदि रुटीन वे पर स्थानान्तरण होते रलते हैं तो भ्रष्टाचार की सम्भावना क्षीण होजाती है। लेकिन जनपद हमीरपुर के खाद सुरक्षा विभाग में विगत कई वर्षों से किसी भी खाद सुरक्षा अधिकारी का न पटल परिवर्तन किया गया है और न ही स्थानान्तरण किया गया है जब कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन जुबैर अहमद हाशमी द्वारा दिनांक 11 जून 2018 में जनपद मे तैनात खाद सुरक्षा अधिकारियों के पटल /क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध मे खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग नें एक शासनादेश जारी किया था जिस मे स्पष्ट कहा गया है कि जनपद में तैनात खाद सुरक्षा अधिकारियों के हर वर्ष पटल /स्थानांतरण जिलाधिकारी के अनुमोदन द्वारा किये जाएंगे।

**क्या है स्थानांतरण प्रक्रिया**

दिनांक 27 /5/2016 को जारी शासनादेश के अनुसार जिलाधिकारी को यह शक्ति प्रदान की गयी है वह जनपद में तैनात खाद सुरक्षा अधिकारीयों का अनिवार्यतः हर वर्ष निम्न प्रकियानुसार स्थानान्तरण/क्षेत्र परिवर्तन करेगें। प्रकिया यह है कि मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी द्वारा अभिहित अधिकारी के समक्ष खाद सुरक्षा अधिकारीयों के स्थानान्तरण /क्षेत्र परिवर्तन के लिए प्रस्ताव पेश किया जाएगा। प्रस्तुत प्रस्ताव के परीक्षणोंरान्त यथोचित प्रस्ताव सहायक आयुक्त खाद सुरक्षा द्वितीय द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष स्वीकृति /अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। जिलाधिकारी के अनुमोदनोरान्त क्षेत्र परिवर्तन आदेश में जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान करनें का हवाला देते हुए सहायक आयुक्त खाद सुरक्षा द्वितीय द्वारा निर्गत किया जाएगा जिस की प्रतिलिपि उच्च अधिकारियों को भेजना अनिवार्य होगा।

लेकिन जनपद मे खाद सुरक्षा विभाग शासनादेश को ठेंगा दिखाते हुए अपनें चहेते खाद सुरक्षा अधिकारीयों को विगत कई वर्षो से एक ही पटल /स्थान पर तैनात किये हुए है जिस के कारण कानाफूसी होने लगी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खाद सुरक्षा अधिकारी अपने अपनें क्षेत्र में कई कई वर्षो से तैनात होनें के कारण सैटिंग-गैटिग में लिप्त हैं। राठ में भय्या लाल प्रजापति, मौदहा में नन्दलाल गुप्ता आर के निरन्जन सदर व सुमेरपुर तथा राम सूरत यादव नगर पालिका परिषद हमीरपुर में सन 2021 से तैनात हैं जिस से विभाग की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा होता है कि आखिर क्या कारण हैं कि उक्त सभी खाद सुरक्षा अधिकारी एक ही स्थान व पटल पर वर्षो से तैनात है और शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस सम्बन्ध में जब मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार जैसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस के बारें में उन्हें कोई जानकारी नही है डि ओ साहब से बात करें वह कार्यालय अध्यक्ष हैं वही इस सम्बन्ध में बाताऐंगें।

सहायक आयुक्त खाद द्वितीय राम औतार सिंह यादव से पूछा तो उन्होनें कहा कि हमनें अनुमोदन के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी को अपर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव भेजा था लेकिन तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन नही दिया गया था और बिना जिलाधिकारी के अनुमोदन के खाद सुरक्षा अधिकारीयों का स्थानांतरण करना मेरे अधिकार मे नही है इस लिए 2021 से सभी खाद सुरक्षा अधिकारी एक ही स्थान पर तैनात हैं।

# मंडी समितियों के कर्मचारियों का प्रशासन ने लिया संज्ञान

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मंडी समितियों में लंबे अरसे से एक ही स्थान पर डटे कर्मचारियों पर अब जल्द ही स्थानांतरण की प्रक्रिया लागू होने वाली है।यह जानकारी आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय पांडेय ने दी है।दअरसल शाहजहांपुर की मंडी समितियों में माननीयों की मेहरबानी से दसो वर्षो से ज्यादा कर्मचारी एक ही स्थान पर डटे हुए हैं।जबकि स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत तीन वर्षो के बाद पटल बदलने का नियम हैं।यह प्रक्रिया अगर सही से अमल में लायी जाए तो भ्रष्टाचार के मामले काफी कम होंगे।लंबे समय तक एक स्थान पर जमे होने से भ्रष्टाचार के मामले सामने आने लगते हैं।शाहजहांपुर में पांच मंडी समितियां है।जिसमे अगर रोज़ा मंडी की बात की जाए तो शाहजहांपुर की रोज़ा मंडी में धर्मेंद्र भारती जो कि वर्ष 2006 से अब तक तैनात हैं 17 वर्ष हो गए हैं।विक्रम बाजपेयी मंडी सहायक रोज़ा से मंडी निरीक्षक रोज़ा हो गए वर्ष 2007 से तैनात हैं 16 वर्ष हो गए।तिलहर मंडी में सहायक शिवशंकर आर्या 2007 से अब तक तैनात हैं। पुवायां मंडी में सहायक सुरेन्द नाथ मिश्रा 1999 से तैनात हैं। जलालाबाद मंडी में धनपाल 2004 से तैनात हैं।यही नही इनके अलावा भी बहुत से ऐसे कर्मचारी है जो लंबे अरसे से जमे है और मनमाफिक काम कर रहे हैं।इसी को लेकर जब मीडिया में यह मामला सुर्खियों में आया तो प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यवाही के मूड में नजर आ रहे हैं।अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय पांडेय ने बताया कि ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर शासन को भेजकर कार्यवाही की जाएगी।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 04 अक्टूबर, 2023



# मुख्यमंत्री ने महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र का किया लोकार्पण

**कृषि विज्ञान केन्द्र से किसानों को उन्नत बीज, मृदा व अन्य तकनीकी जानकारी मिल रही, कृषि क्षेत्र की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा**



- देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदानः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- प्रदेश सरकार केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कृषि तथा किसानों के लिए कर रही कार्य
- कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा
- प्रधानमंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को उपज की लागत का डेढ़ गुना दाम सुनिश्चित किया
- प्रदेश में 02 करोड़ 62 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही



किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाभी सौंपी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र, गोरखपुर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत निर्मित भवनों एवं इकाइयों का लोकार्पण किया। उन्होंने एक दिवसीय किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न विकास योजनाओं के लाभार्थियों को किट प्रदान कीं तथा ट्रैक्टर की चाभी सौंपी।

मुख्यमंत्री ने लोगों को कृषि विज्ञान केन्द्र की विभिन्न इकाइयों एवं अन्य लोकार्पण कार्यों की बधाई देते हुए कहा कि महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र वर्ष 2016 में किसानों को तकनीकी जानकारी देने एवं वैज्ञानिक पद्धति से किसानी करने के लिए शुरू किया गया था। इससे इस क्षेत्र की कृषि में काफी परिवर्तन आया है। यहां सब्जी का उत्पादन पर्याप्त होता है। इसकी आपूर्ति गोरखपुर शहर को की जाती है जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। किसानों को उन्नत बीज, मृदा एवं अन्य तकनीकी जानकारी एक ही जगह प्राप्त हो इसके लिए कृषि विज्ञान केन्द्र को माध्यम बनाया गया है। यहां से किसान सब्जी व फल उत्पादन, मत्स्य पालन के साथ कृषि क्षेत्र की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण भी ले रहे हैं। यह कृषि विज्ञान केन्द्र भारत सरकार की सहायता से शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सर्वाधिक आबादी कृषि कार्य करती है। देश की अर्थव्यवस्था में भी कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कृषि तथा किसानों की समृद्धि के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। पूर्वान्चल में भी विभिन्न प्रयासों द्वारा कृषि को उन्नत किया जा रहा है। इसी क्रम में कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। किसानों के लिए अनेक योजनाएं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। कृषि में मिट्टी की व्यापक महत्ता है। यही उर्वरता प्रदान करती है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में मिट्टी की उर्वरता की माप के लिए मृदा हेल्थ कार्ड योजना लांच की थी। इस योजना के तहत किसानों को उनकी मिट्टी की मुफ्त जांच करके मृदा हेल्थ कार्ड प्रदान किया जाता है, ताकि किसान अपने खेत की मिट्टी की उर्वरता एवं प्रकृति को जानकर उसके अनुसार कृषि कार्य कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को उनकी उपज का सही लाभ प्रदान किया। न्यूनतम समर्थन मूल्य को उपज की लागत का डेढ़ गुना दाम सुनिश्चित किया, जिससे किसानां की आय में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि द्वारा प्रत्येक वर्ष 6 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराकर कृषि एवं किसानों दोनों की समिद्ध के लिए कार्य किया। प्रदेश में 02 करोड़ 62 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। कृषि से किसानों का पलायन भी रुका है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से उनकी आय को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कम लागत वाली कृषि पद्धति को अपनाने की जरूरत है। इसके लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाये। जीरो बजट कृषि को आगे बढ़ाया जाये। इसमें रासायनिक उर्वरकों की जरूरत नहीं पड़ती जिससे किसान का पैसा बचेगा और उनकी समृद्धि का मार्ग बनेगा। प्राकृतिक खाद के इस्तेमाल से मृदा का स्वास्थ्य भी उत्तम होगा। इससे यह कृषि विज्ञान केन्द्र इस क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें कृषि के लिए प्रेरित करेगा। सरकार द्वारा प्रत्येक नागरिक को विभिन्न विकास योजनाओं से आच्छादित कर उनके विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। डबल इंजन सरकार सबको जोड़ने का कार्य कर रही है। निजी निवेशक मिनी प्रयोगशाला का निर्माण करके किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम बनें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यह कृषि विज्ञान केन्द्र अच्छी फसल, सब्जी, फल आदि का उच्च उत्पादकता के सम्बन्ध में अनुसंधान करके तथा किसानों को प्रशिक्षण देकर उनकी आय वृद्धि का माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री ने किसानों को अच्छे किस्म के बीज, मिट्टी का ज्ञान एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता कराकर किसानों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। आज गन्ना किसानों को समय पर मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। कृषि उत्पादां के मूल्य संवर्धन के लिए विभिन्न शोध कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कृषक उत्पादक संगठनो को अनुदान प्रदान कर पराली से बायोगैस तथा ग्रीन उर्वरक के निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पराली को बेचने से किसानां की आय में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम को सांसद रवि किशन, विधायक फतेह बहादुर सिंह व अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ0 देवेश चतुर्वेदी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक तथा कृषकगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में क्लस्टर में भी दिए गए आवास

अवधनामा ब्यूरो



- अब तक 2 लाख 57 हजार से अधिक आवासों का आवंटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में उत्तर प्रदेश में बेघरों को घर देने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। गरीबों और बेघरों को उनका अपना पक्का घर होने के सपनों को साकार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में तो 36लाख से अधिक आवासों का आवंटन किया ही गया है लेकिन जिनके लिए किसी का ध्यान नहीं गया था, और जिनका नाम भी प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण की सूची में नहीं था, ऐसे लोगों को पक्का आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2018 में मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण संचालित की गयी। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित, कुष्ठरोग आदि से प्रभावित, तथा वनटांगिया, मुसहर, कोल, सहरिया एवं थारू एवं नट, चेरो,पछइया, लोहार/गढ़इया, बैगा एवं दिव्यांगजन के आवास विहीन या कच्चे/जर्जर आवास में निवास कर रहे परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है।योजना के आरम्भ से वर्ष 2022-23 तक इस योजना में 161900 आवास आवंटित किए गए, जिसमें से 1लाख 53 हजार से अधिक आवास पूर्ण हो गये हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में वर्ष 2023-24 में 95533 आवासों का आवंटन किया गया है, इनमें से 65हजार से अधिक आवास दिव्यांगजनो को आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में दिव्यांगजन पहले सम्मिलित नहीं हो पाये थे, उप मुख्यमंत्री मौर्य की पहल व प्रयासों के फलस्वरूप दिव्यांगजनो को प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित कराया गया।खास बात यह है कि मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में गरीबों को क्लस्टर में भी आवास दिये गये हैं।

प्रदेश के जनपदों, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलरामपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं सोनभद्र में क्लस्टर में आवास बनाये गये हैं, जिनमें सीसी रोड, इन्टरलाकिग, पेयजल, सोलर लाइट, खेल मैदान आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि क्लस्टर में कानपुर देहात में 63बांग्लादेशी विस्थापित परिवारों को आवास दिये गये हैं। कानपुर नगर में मार्ग दुर्घटना के शिकार 19परिवारो को इस योजना का लाभ मिला है, जनपद सोनभद्र में बड़ी संख्या में क्लस्टर में घर बनाये जा रहे हैं।

## अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान ने नाटक आह का किया मंचन

**लखनऊ।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान ने मंगलवार को नाटक आह का मंचन किया। गांधी जयंती नाट्य महोत्सव के अवसर पर राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में गांधी भवन प्रेक्षागृह में मंचित नाटक की कहानी चंपारण में किसान आंदोलन पर आधारित है। सुबह का समय है एक गरीब मजदूर के घर में पति पत्नी में कहासुनी हो रही है। मुंशी और जमींदार के अत्याचार से दुखी दोनों बहुत आहत हैं। पत्नी चंदा अपने पति राघव को उसकी कायरता पर कोसती है। इसी बीच मुंशी अपने लठैत के साथ आता और राघव को लगान देने के लिए डराता है। राघव गांधी जी के किसान आंदोलन की बात करता है तो मुंशी और आक्रोश में आ जाता है और राघव और चंदा को मारने का हुक्म कर देता है।

# क्षत्रिय संगठन हुए एकजुट, यूपी क्षत्रिय समन्वय समिति का किया गठन

- प्रदीप सिंह बब्बू बने संयोजक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश के 16 क्षत्रिय संगठनों ने बैठक कर ऐतिहासिक पहल करते हुए 'उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति' का गठन किया। समिति का प्रदेश संयोजक सर्वसम्मति से प्रदीप सिंह बब्बू को चुना गया। प्रदेश में क्षत्रिय हितों के मुद्दों पर समस्त क्षत्रिय संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए, क्षत्रिय नौजवानों के शिक्षा रोजगार और मूलभूत समस्याओं का शासन प्रशासन द्वारा और स्वयं के प्रयासों से निराकरण हेतु मिलकर आगे बढ़ने के लिए, उत्तर प्रदेश के 16 क्षत्रिय संगठनों ने आवश्यक बैठक करके उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति का गठन किया। बैठक में शौर्य फाउंडेशन के महेंद्र सिंह, क्षत्रिय चेतना समिति (अड्इसा) बंथरा के अध्यक्ष जय सिंह, क्षत्रिय विकास मंच के संयोजक गोपाल सिंह पवार, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह बब्बू, क्षत्रिय महासभा संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह,श्री राम सेवा समिति लखनऊ के अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़, करणी सेना कालवी गुट के अध्यक्ष संदीप सिंह, करणी सेना गोगामडी गुट के अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा हरबंस सिंह के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वदीप सिंह, भारतीय क्षत्रिय महासभा जानकीपुरम के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, राजपूताना महासभा लखनऊ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा भारत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री उदयभान सिंह, क्षत्रिय समाज कल्याण समिति जानकीपुरम के आरके सिंह सोमवंशी, महाराणा प्रताप फाउंडेशन के जितेंद्र सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अमर सिंह भदौरिया के प्रतिनिधि गुलाब सिंह,एवं विशेष उपस्थिति वरिष्ठ पत्रकार उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के सचिव शिवशरण सिंह गहरवार की रही। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि बीसल सिंह गहरवार, राममूर्ति सिंह, मनोज सिंह बंथरा, उदय प्रताप सिंह,हरिशंकर सिंह,भानु प्रताप सिंह चौहान, दुर्गेश सिंह ,शैलेंद्र सिंह, कैलाश सिंह कछवाह ,आरके सिंह, के के सिंह सेंगर ,घनश्याम सिंह, केडी सिंह ,राणा सिंह ,धनंजय सिंह राणा ,अशोक कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रताप, रविंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

**भाषा विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस का समापन**

# हमें अपने देश की तरक्की के बारे में सोचना चाहिए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में दसवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम cossac समापन अटल हॉल में सम्पन्न हुआ।

विदित है की ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अटल हॉल में पिछले दो दिनों से किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज अन्तिम दिन समापन कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। समापन सत्र समारोह का शुभारम्भ सभी विशिष्ठ अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती मां की प्रतिमा पर मल्यार्पण करके किया गया। जिसके बाद विश्वविद्यालय की छात्रा द्वारा एकल गीत और भरत नाट्यम से समा बांधा। समापन सत्र के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि क्षितिज सिंह, रीजनल हेड आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश की तरक्की के बारे में सोचना चाहिए। मुख्य अतिथि क्षितिज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कभी भारतीय छात्रों का सपना होता था की अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद वो विदेशों में अपना भविष्य ढूंढ़ते थे लेकिन आज भारत में रह कर अपना स्वर्णिम भविष्य संवार रहे हैं। समापन समारोह के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि समापन समारोह विश्वविद्यालय के सभी लोगों के सतत प्रयास से स्थापना दिवस एवं कोजैक के कार्यक्रम सफल रहे।

# दशहरा पर्व से पूर्व सड़कों का पैचवर्क का कार्य किया जाएः मण्डलायुक्त

- गढ़ामुक्त की वास्तविक स्थिति क्या हैः मण्डलायुक्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में रोड़, ट्रैफिक व ड्रेनेज के सम्बन्ध में कराये जा रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, डी0सी0पी0 यातायात, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारी से जानकारी चाही कि गढ़ामुक्त की वास्तविक स्थिति क्या है? जिसके सम्बन्ध में अधिकारियों द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि दशहरा पर्व से पूर्व लखनऊ नगर कि व नगर पंचायत क्षेत्रों कि सड़कों का पैचवर्क कार्य करा लिया जायेगा। विशेष मरम्मत कार्य योजना के अन्तर्गत जिसकी लागत ?40 लाख से कम है मण्डल में 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। 252 रोड़ो, 656 कि0मी0 लम्बाई के सापेक्ष 126 कार्य पूर्ण हो गये है। बैठक में नगर निगम द्वारा 145 रोड़ की 242 कि0मी0 के सापेक्ष 44 कि0मी0 कार्य पूर्ण हो गये है। बरसात के बाद युद्ध स्तर पर कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। जो अति खराब रोड़ है उन्हें प्राथमिकता के आधार बनाये जाने के निर्देश मण्डलायुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। नगर के जल भराव के दृष्टिगत पम्प स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के लिए सर्वे कराना पड़ेगा। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कहा कि ड्रेनेज की वास्तविक स्थिति के सम्बन्ध में आपको जानकारी है तो उसी के आधार पर कार्य कराया जाये। यातायात के सम्बन्ध में कहा कि नगर के 5 व्यस्तम चैराहों को चयनित कर कार्य योजना बनाये।

## भूपेन्द्र सिंह चौधरी आज वाराणसी में

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 04 अक्टूबर 2023 को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वाराणसी में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों और कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर 30 बुजुर्गो के लिए विशेष आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो ने पहली अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के अवसर पर 30 बुजुर्गो के लिए विशेष आयोजन किया। वृद्धाश्रम, समर्पण और स्नेहधारा एनजीओ से आये बुजुर्गो ने मुंशीपुलिया से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन तक मुफ्त मेट्रो राइड का आनंद लिया। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर बुजुर्गों के लिए संगीत एवं नृत्य का विशेष आयोजन किया गया। जहां सभी बुजुर्ग दिल खोल कर झूमे एवं अपने दिल की बात कही। स्टेशन पर आये सभी वृद्धों ने उनका दिन खास बनाने के लिए लखनऊ मेट्रो का शुक्रिया अदा किया।

# समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलयात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली श्री माता वैष्णो देवी कटरा तथा वाराणसी के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 01654 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वाराणसी स्पेशल रेलगाड़ी 22 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से रात्रि 11:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 11:55 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी दिशा में 01653 वाराणसी श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल रेलगाड़ी 24 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी से सुबह 6:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाहन 11:20 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। वानानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में उधमपुर शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मूतवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ तथा सुल्तानपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

### आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

04049 नई दिल्ली वाराणसी आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी 6 नवम्बर से 30 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शनिवार को नई दिल्ली से सांय 7:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9:45 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04079 वाराणसी नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी 7 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को वाराणसी से सांय 6:35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वानानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ तथा प्रतापगढ़ स्टेशनों पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी।

### 30302 बिना टिकट तथा 35508 यात्री पकड़े गये

**लखनऊ।** बिना टिकट और अनाधिकृत यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सितम्बर तक 4.42 करोड़ रुपये की आय हुई जो गत वर्ष से 22.58 प्रतिशत अधिक रही एवं मुख्यालय की ओर से निर्धारित लक्ष्य से भी 16.42 प्रतिशत अधिक रही। इस दौरान 30302 यात्री बिना टिकट तथा 35508 यात्री अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े गये। जिनसे रेल नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर तथा ट्रेनों में गंदगी करने वाले यात्रियों से भी जुर्माना वसूला गया।

# इमामबाड़ा आसिफउद्दौला में महफिले मीलाद का आयोजन

- मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इनका हुआ सम्मान**

विलादत की खुशी में मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना मीसम जैदी,मौलाना मुम्ताज अली,मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना सकलैन आब्दी नय्यर मजीदी, कौसर हुसैन, पत्रकार आलम रिजवी (अवधनामा), जीशान हैदर और असद आदि को स्व. अशरफ अली एवार्ड से नवाजा गया।

**लखनऊ।** तंजीम-ए-मिल्लत के आहवान पर पैगम्बरे इस्लाम (स.) की विलादत के मौके पर 17 रबीउलअव्वल (मंगलवार) को इमामबाड़ा आसिफउद्दौला में महफिले मीलाद का आयोजन किया। इसके बाद लोगों ने इमामबाड़े परिसर में जुलूस निकाला जिसे वह हज़रतगंज स्थित इमामबाड़ा शाहनजफ ले जाना चाहते थे। जिसे जिला प्रशासन ने रोक दिया तो लोगों ने गिरफ्तारी देने को कहा परन्तु जिला प्रशासन ने गिरफ्तारी लेने से इनकार कर दिया तथा आश्वासन दिया कि इस जुलूस की अनुमति एवं मांगों को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखेंगे। इसके बाद सहायक पुलिस कमिश्नर के माध्यम से तंजीम के महासचिव प्रिंस इकबाल मिर्जा ने उलमा की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इससे पूर्व आयोजित महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि शिया फिरके को पैगम्बरे इस्लाम के जन्म दिवस 17 रबीउलअव्वल के मौके पर उक्त जुलूस मिलना चाहिए। इसके बाद शायरों ने बारगाहे रिसालत और छठे इमाम की शान में मंजूम नजरानए अकीदत पेश किया। इसी तरह आल इंडिया शिया यूथ फेडरेशन की ओर से रौजाए काज़मैन में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया जिसे लोग अमीनाबाद झंडे वाले पार्क तक ले जाना चाहते थे। लेकिन ज़िला प्रशासन ने जुलूस काजमैन परिसर में ही रोक दिया। तो फेडरेशन की ओर से मुख्यमंत्री लिखित ज्ञापन पुलिस के अधिकारियों को सौंपा। इस मौके पर रौजाए काजमैन में आयोजित महफिल को मौलाना अतहर अब्बास ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये।

# अकीदत के साथ मनी मोहम्मद साहब व इमाम सादिक की विलादत

अवधनामा ब्यूरो

- सजीं महफिलें, जगह-जगह हुईं नज़्रें

**लखनऊ।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) और छठे इमाम जाफर-ए-सादिक (अ.स.) की यौमे विलादत मंगलवार को बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनायी। इस मौके पर घरों में नज्र दी गयी वहीं इमामबाड़ों, रौजों,घरों व कर्बलाओं में महफिलों का आयोजन हुआ। जिसमें हजरत मोहम्मद साहब (स.अ.) और इमाम जाफर-ए-सादिक (अ.स.) की शान में कसीदे पढ़े गये। इस अवसर पर आयोजित नज्रों में लोग अपने रिश्तेदारों और अजीजों के घर गये और नज्र चखकर हजरत मोहम्मद साहब (स.) और इमाम जाफर सादिक (स.) की विलादत की मुबारकबाद पेश की। इस खुशी के मौके पर लोगों ने बिजली आदि की भव्य सजावट भी की थी। इमामबाडा हकीम मोहम्मद तकी पाटानाला में मौलाना यासूब अब्बास ने %जश्ने तुलू ए शम्स रिसालत% शीर्षक से महफिल को खिताब किया। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से और संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इसी तरह मस्जिद डा. जफर हुसैन पुराना चबूतरा में जश्ने रिसालत व इमामत का आयोजन किया गया। यहां आयोजित महफिल को मौलाना सकलैन आब्दी ने खिताब किया। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत ने अपने कलाम पेश किये। महफिल का आगाज कारी युनूस अब्बास ने तिलावते कुराने पाक से किया।

## विभिन्न भाषाओं के सहभागी विकास विषय पर संगोष्ठी

**लखनऊ।** भाषा संस्थान ने भारतीय भाषा महोत्सव के तहत विभिन्न भाषाओं के सहभागी विकास विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न भाषाओं के शिक्षाविद, विद्यार्थियों, और सांस्कृतिक संगठनों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि इस संगोष्ठी ने एक सामूहिक संवाद का माहौल बनाया है जिसमें हमने भाषाओं के सहभागी विकास की समृद्धि के लिए एक साथ मिलकर काम करने का समर्पण किया है। संगोष्ठी में साहित्यकार केवल प्रसाद ने कहा कि भाषाओं के सहभागी विकास में यह संगोष्ठी सीधे संवाद का स्त्रोत्र बन गई है। सभी भाषाएं एक दूसरे को समझने में मदद कर सकती हैं और साथ ही आपसी समर्थन का माहौल बना सकती हैं।